*    ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 जून, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 223

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

ओड़िशा में कोरोमंडल एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकरायी, आठ बोगियां पलटीं, इंजन गुड्स ट्रेन पर चढ़ा






## अरविंद केजरीवाल को मिला हेमंत सोरेन का साथ

# केंद्र कर रहा संघीय ढांचे पर प्रहार: हेमंत

- कांग्रेस तय करे लोकतंत्र के साथ है या मोदी के: केजरीवाल
- इलेक्टर या सिलेक्टर कौन बड़ा: भगवंत मान
- केंद्र सरकार के अध्यादेश को राज्यसभा में रोकने पर बनी सहमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के लिए लाये गये केंद्रीय अध्यादेश के विरोध में समर्थन जुटाने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रांची आये। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी साथ थे। तीनों मुख्यमंत्रियों की लगभग एक घंटे तक बैठक हुई। इस दौरान केंद्र के अध्यादेश को रोकने के लिए बातचीत हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केजरीवाल के आग्रह को स्वीकार किया। बैठक के बाद तीनों मुख्यमंत्रियों ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेस को संबोधित किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि मोदी सरकार लोकतंत्र पर प्रहार कर रही है। वह संघीय ढांचे को ध्वस्त कर रही है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस तय करे कि वह लोकतंत्र के साथ है, या मोदी के साथ। वहीं भगवत मान ने कहा कि इलेक्टर या सिलेक्टर कौन बड़ा, यह तय करना जरूरी है।



## गैरभाजपा शासित सरकारों पर नहीं, राज्य और देश की जनता पर प्रहार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के लिए लाये गये केंद्रीय अध्यादेश का विरोध अरविंद केजरीवाल कर रहे हैं। यह सिर्फ गैरभाजपा शासित सरकारों पर प्रहार नहीं है, बल्कि राज्य और देश की जनता पर प्रहार है। ऐसा कर केंद्र संघीय ढांचे पर प्रहार कर रहा है। इस विषय को लेकर हम अभी और गहराई से चर्चा करेंगे। हम इस मामले पर गुरुजी (शिबू सोरेन) से भी चर्चा करेंगे। इस देश को आजादी दिलाने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में जो योगदान और जो कुर्बानी हमारे लोगों ने दी ह, मोदी सरकार उसका भी मजाक उड़ाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर झारखंड के भी लोग हैं। पूरे देश के लोग हैं। दिल्ली केंद्र बिंदु में रहता है। इस तरह के फैसले से आनेवाले समय में पूरे देश पर असर डालने की कोशिश की गयी है। इस देश के 80 प्रतिशत लोग, जो किसान और गांव देहात से आते हैं उनके लिए ज्यादा पीड़ादायक होगी। केजरीवाल जी के ऊपर जो थोपने का प्रयास हो रहा है, इस विषय पर राजनीतिक और कानूनी तौर पर लड़ने की आवश्यकता है। हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार संघीय ढांचे की बात करती है, लेकिन काम इसके ठीक उलट करती है। वर्तमान समय में चुनी हुई सरकार को काम नहीं करने देने के लिए केंद्र सरकार योजनाबद्ध तरीके से प्रयास कर रही है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार है। इस देश की ताकत अनेकता में एकता पर भी वार है।

## लोकतंत्र को बचाने में एक साथ आयें सभी विपक्षी दल : अरविंद केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोगों का अपमान किया जा रहा है। उनके साथ अन्याय किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने क्रांतिकारी फैसला लेते हुए दिल्ली सरकार को सारी शक्तियां दीं। 11 मई को फैसला आया और 19 मई को रात के दस बजे मोदी सरकार ने यह फैसला अध्यादेश लाकर पलट दिया। दिल्ली के लोगों के अधिकार छीन लिये गये हैं। यह अध्यादेश संसद के मानसून सत्र में आयेगा। भाजपा के पास लोकसभा में तो बहुमत है, लेकिन अगर सभी पार्टियां एक हो जायें, तो राज्यसभा में इस बिल को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के लिए मोदी सरकार ऐसा फैसला लायी है, झारखंड के लिए भी ला सकती है। हेमंत जी से काफी चर्चा हुई है। इस दौरान केजरीवाल ने कांग्रेस को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को तय करना है कि वह जनतंत्र के साथ है। संविधान के साथ है। देश के 140 करोड़ लोगों के साथ है या फिर मोदी जी के साथ है। हालांकि उन्होंने उम्मीद जतायी कि कांग्रेस इस मुद्दे पर जरूर साथ देगी।

**हम लोक लोकतंत्र को बचाने आये हैं : भगवंत मान**

पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि हेमंत ने यहां हमें यहां मान सम्मान दिया, इज्जत दी उसके लिए शुक्रिया। हम यहां व्यक्तिगत समस्या लेकर नहीं आये। लोकतंत्र को बचाने आये हैं। अगर समय पर आवाज नहीं उठायी गयी तो अगली बार लोकतंत्र की अस्थि को बहाने की होगी।

## कोल इंडिया में तीन फीसदी हिस्सेदारी बेच रही सरकार



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया का ओएफएस शुक्रवार से रिटेल निवेशकों के लिए खुल गया है। ओएफएस के जरिए सरकार कोल इंडिया में अपनी तीन फीसदी हिस्सेदारी बेच रही है। इसके लिए फ्लोर प्राइस 225 रुपये रखा गया है, जिस पर निवेशक शेयर के लिए आवेदन कर सकते हैं। कोल इंडिया का शेयर आज करीब 0.11 प्रतिशत बढ़ कर 230.60 रुपये पर बंद हुआ। गुरुवार को इसमें 4.66 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। उधर, महीने के पहले दिन यानी 1 जून को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। वहीं, शुक्रवार 2 जून को सेंसेक्स करीब 118 अंक मजबूत होकर 62,547 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 46 अंकों की तेजी रही।

# कुख्यात नक्सली कमांडर लजीम अंसारी को पुलिस ने किया ढेर

- दो दिनों के अंदर गुमला पुलिस को मिली दो बड़ी कामयाबी
- पुलिस ने दो लाख का इनाम रखा था



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आतंक का पर्याय माना जाने वाला कुख्यात नक्सली कमांडर लजिम अंसारी पुलिस की गोलियों से ढेर हो गया। पुलिस ने इस पर दो लाख रुपये का इनाम रखा था। इसके दहशत और लगातार बढ़ते अपराधिक ग्राफ के कारण इसके इनाम की राशी 5 लाख करने की अनुशंसा की जा रही थी। सर्च अभियान से पुलिस को लगातार बड़ी कामयाबी मिल रही है। शुक्रवार को चलाये गये सर्च अभियान में चैनपुर के निकट ग्राम टोंगो के सेमरा बरटोली के जंगलों में लजिम अंसारी के दस्ते से पुलिस की मुठभेड़ हो गयी। इस मुठभेड़ में पुलिस जवानों ने बहादुरी दिखाते हुए माओवादी नक्सलियों का जमकर मुकाबला किया। मुठभेड़ के क्रम मे जोनल कमांडर लजिम अंसारी पुलिस की गोलियों के निशाने पर आ गया।

बताया जा रहा है कि सूरज डूबने के बाद भी पुलिस के जवान जंगलों में टिके हैं। रह-रह कर गोली चलने की आवाज जंगल के बीच से आ रही है। लजिम अंसारी के पास से पिस्टल और गोलियां बरामद होने की भी सूचना है। ऐसा माना जा रहा है कि लजिम अंसारी के दस्ते में 15 से 20 सदस्य थे। थोड़ी देर मुकाबला करने के बाद पुलिस को भारी पड़ता देख सभी नक्सली जंगल का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहे। लजिम अंसारी के मौत के बाद क्षेत्र में एक बार फिर सनसनी फैल गई है। वहीं पुलिस को दो दिनों के अंदर मिली दो बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

### इंतकाम लेने के उद्देश्य से लजीम भाकपा माओवादी में हुआ था शामिल



गुमला (आजाद सिपाही)। लजीम अंसारी गुमला के कोटाम पंचायत अंतर्गत ग्राम पंसो का रहने वाला था। लगभग 10 वर्ष पहले वह भाकपा माओवादियों में शामिल हुआ था। ग्रामीण बताते हैं कि लगभग 10 वर्ष पूर्व लजीम मवेशियों का कारोबार करता था। गौ तस्करी उसका मुख्य धंधा था। इसी गौ तस्करी में एक बार कुछ लोगों से लजीम की झड़प हो गई थी। पलामू जिले से भी कुछ लोग पशुओं के कारोबार में इसके साथ शामिल थे। गौ तस्करी का मामला इतना उलझा कि लजीम के साथ लोगों ने मारपीट की और कहा जाता है कि उसे पेशाब भी पिला दिया गया था। इस घटना से लजीम इतना आहत हुआ था कि वह इंतकाम लेने के उद्देश्य से माओवादियों में शामिल हो गया था। हालांकि उसके परिवार का कोई भी दूसरा सदस्य ने लजीम को उग्रवादी बनने के बाद कभी नहीं स्वीकारा। साथ ही आसपास के लोगों ने भी उसके इस गलत निर्णय पर उसका कभी साथ नहीं दिया। महज 10 वर्षों में लजीम ने अपना अपराध का ग्राफ इतना बढ़ा दिया कि वह आतंक का दूसरा नाम बन गया।

# बीएसएफ कर्मी को जमीन पर कब्जा दिलाने गये पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों में टकराव

## उग्र ग्रामीणों ने फेंके पत्थर, पुलिस ने दागे आसू गैस के गोले : महिला पुलिसकर्मी सहित कई जवान घायल

अंशु अनमोल मेहता



**पदमा (आजाद सिपाही)।** पदमा ओपी क्षेत्र के रोमी बंगला स्थित बीएसएफ कर्मी प्रकाश शर्मा के नाम से उपायुक्त हजारीबाग द्वारा सैनिक बंदोबस्त खाता नंबर 32, प्लॉट 1141, रकबा 10 डिसमिल भू भाग को पूर्व में चिह्नित किया गया है। इस चिह्नित गैरमजरुआ खास खाते के भू भाग को कब्जा करने पहुंचे अंचलाधिकारी को स्थानीय महिलाओं और ग्रामीणों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। अंचलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों को काफी समझाने बुझाने पर भी ग्रामीण नहीं माने और उग्र ग्रामीणों ने स्थल पर कार्यरत जेसीबी मशीन के सामने बैठ कर कार्य अवरुद्ध कर दिया। कार्य स्थल पर शुक्रवार को उपायुक्त द्वारा गठित टास्क फोर्स की टीम बीएसएफ जवान को उसकी जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए पहुंची। चहारदीवारी का निर्माण भी चल रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प हो गयी। झड़प में कई लोग घायल हो गये। ग्रामीणों को उग्र देख कर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो पुलिस बल पर ग्रामीणों ने पत्थरबाजी कर दी। जेसीबी मशीन को क्षतिग्रस्त कर चालक को जख्मी कर दिया। इस घटना में चालक इब्राहिम अंसारी सहित एक अन्य पुलिस जवान, महिला पुलिस को गंभीर चोटें आयी हैं। कई अन्य जवान भी चोटिल हुए हैं। ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों के बीच एक घंटे तक टकराव जारी रहा।

**पुलिस ने की कार्रवाई:** पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पत्थरबाजी करने वाले मुखिया के पति सुनील मेहता सहित 15 महिला-पुरुषों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों ने सैनिक के घर पर हमला कर उसकी पत्नी और बच्चे को मार कर घायल कर दिया। पुलिस गांव में सर्च अभियान चला रही है। मौके पर अनुमंडलाधिकारी पूनम कुजूर मौजूद थीं।

# जांच आयोग ने बाबूलाल मरांडी को भेजा नोटिस

- आइएएस राजीव अरुण एक्का का वायरल वीडियो प्रकरण
- अरुण एक्का को भी पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइएएस राजीव अरुण एक्का के वायरल वीडियो की जांच कर रहे एक सदस्यीय जांच आयोग ने भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को नोटिस भेजा है। आयोग ने भेजे गये नोटिस में बाबूलाल से कहा है कि उनके पास वीडियो से संबंधित जो भी साक्ष्य हैं, वे जांच आयोग को उपलब्ध करायें। साथ ही आयोग ने मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का को भी नोटिस भेजा है। उनसे कहा गया है कि वायरल वीडियो पर 15 जून तक अपना पक्ष रखें। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव और गृह विभाग के पूर्व सचिव रहे आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का का एक वीडियो अप्रैल महीने में वायरल हुआ था। वायरल वीडियो पावर ब्रोकर विशाल चौधरी के अशोक नगर स्थित आवास का बताया जा रहा था। इस आवास पर इडी छापेमारी भी कर चुकी है। आइएएस राजीव अरुण एक्का उस वीडियो में सरकारी फाइल निपटाते नजर आये थे। वहीं आइएएस अधिकारी के बगल में एक महिला दिखायी दे रही थी, जिसे पावर ब्रोकर विशाल चौधरी का स्टाफ बताया जा रहा था। वीडियो में विशाल चौधरी किसी से पैसे लेने की बात करता हुआ सुनाई दे रहा था।





भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर आइएएस राजीव अरुण एक्का से संबंधित इस वीडियो की जानकारी मीडिया को दी थी। इसके बाद एक्का के खिलाफ सरकार ने कार्रवाई करते हुए उन्हें सीएम के प्रधान सचिव और गृह सचिव के पद से हटा दिया था। साथ ही जांच के लिए माननीय मुख्य न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया गया। यह आयोग अब मामले की जांच कर रहा है। इसी क्रम में बाबूलाल मरांडी और राजीव अरुण एक्का को नोटिस भेजा गया है।



आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,000 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



# छत्तीसगढ़ में भी राम-हनुमान के सहारे कांग्रेस

## ■ चुनाव से पहले राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के आयोजन से दिया संदेश
## ■ कर्नाटक में मिली जीत को बजरंग बली की कृपा बता रही है पार्टी
## ■ प्रदेश में हर कदम फूंक-फूंक कर रख रही है ग्रैंड ओल्ड पार्टी

**इस साल के अंत में हिंदी पट्टी के जिन तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें छत्तीसगढ़ भी है। 2018 में राज्य में हुए चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को पराजित कर सत्ता हासिल की थी। उस बार कांग्रेस ने सत्ता विरोधी लहर का लाभ उठाया था, लेकिन इस बार वही सत्ता विरोधी लहर उसके खिलाफ काम कर रही है। इसलिए राज्य में कांग्रेस हर कदम फूंक-फूंक कर उठा रही है। हाल ही में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद अब छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस राम और हनुमान के सहारे चुनावी वैतरणी पार करने की कोशिश में है। पार्टी की राम भक्ति का आलम यह है कि सरकार वहां राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन करा रही है और कर्नाटक की जीत को बजरंग बली की कृपा बता रही है। सियासी हलकों में कांग्रेस के इन कदमों को चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है। वैसे भी छत्तीसगढ़ में भगवान राम को भांजा माना जाता है, क्योंकि कौशल्या का मायका यहीं है। लेकिन अब तक कभी यहां राम को सियासत में नहीं उतारा गया था। इसलिए इस बार कांग्रेस के इन कदमों से लोगों को थोड़ा अचरज भी हो रहा है। अब तो स्थिति यह है कि कांग्रेस की हर छोटी-बड़ी सभा में 'जय बजरंगबली' और 'जय श्रीराम' के नारे खुलेआम लगाये जाने लगे हैं, हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है और रामचरित मानस उपहार स्वरूप दिये जा रहे हैं। भगवान राम और हनुमान के सहारे हिंदुओं को आकर्षित करने की कांग्रेस की यह सियासी कवायद कितनी सफल होगी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह


छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं और इसके लिए सियासी माहौल गरमाने लगा है। एक तरफ कांग्रेस लगातार दूसरी बार राज्य की सत्ता में वापसी के लिए प्रयास में जुटी है, तो भाजपा हिंदी पट्टी के राज्यों में अपनी मौजूदगी को विस्तार देने के लिए कोशिश कर रही है। कांग्रेस के लिए छत्तीसगढ़ का चुनाव उसके राजनीतिक भविष्य के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यदि यहां पार्टी पिछड़ती है, तो फिर पूर्व और मध्य भारत में उसके लिए परेशानी खड़ी हो जायेगी। इसलिए कांग्रेस वह हर कदम उठाने के लिए तैयार है, जो उसे वोट दिला सके। इस क्रम में उसने हिंदुत्व और राम-हनुमान के नाम का सियासी इस्तेमाल करना भी शुरू कर दिया है।

कांग्रेस की राम के प्रति उमड़ी इस अगाध भक्ति का प्रमाण गुरुवार से रायपुर में शुरू हुआ राष्ट्रीय रामायण महोत्सव है। वैसे तो यह विशुद्ध रूप से धार्मिक-आध्यात्मिक आयोजन है, लेकिन इसे लेकर भाजपा और कांग्रेस में जम कर सियासत चल रही है। कांग्रेस कह रही है कि भाजपा खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है, क्योंकि राम तो आदि और अंत दोनों हैं। छत्तीसगढ़ से उनका विशिष्ट नाता है। वह कौशल्या के राम हैं, शबरी के राम हैं। वह हमारे भांजे राम हैं। लोग उन्हें अनेक रूप में देखते हैं। सुख में और दुख में लोग राम का स्मरण करते हैं, लेकिन भाजपा केवल चुनाव के समय वोट के लिए राम को याद करती है। इधर भाजपा ने रामायण महोत्सव को चुनाव से जोड़ते हुए कांग्रेस के नेताओं को राक्षस बता दिया है। पार्टी ने कहा कि अरण्यकांड में दो घटनाओं का जिक्र है, एक भगवान राम की नवधा भक्ति का और दूसरा मारीच और सुबाहू जैसे राक्षसों का वध। ये कांग्रेसी राक्षसी प्रवृत्ति के हैं। उनका वध इस चुनाव में सुनिश्चित है। छत्तीसगढ़ में राक्षसों और उनकी 14 हजार सेनाओं का वध हुआ था। जिन राक्षसों का वध हुआ, उसी के बराबर कांग्रेस का वध होगा। इनकी भी पूरी 14 हजार सेना का वध होगा।

### हनुमानजी की कृपा है कर्नाटक में जीत

कांग्रेस लगातार यह प्रचारित कर रही है कि भगवान श्रीराम का इस्तेमाल भाजपा द्वारा वोट के लिए किये जाने के कारण हनुमान जी भाजपा से नाराज हैं। इसलिए कर्नाटक चुनाव में उन्होंने कांग्रेस को जीत दिलायी। अब छत्तीसगढ़ की बारी है, क्योंकि हनुमान जी को इस बात पर घोर आपत्ति है कि भगवान श्रीराम की ननिहाल को भाजपा ने नजरअंदाज कर दिया है। इतना ही नहीं, कांग्रेस के हर आयोजन में अब हनुमान चालीसा का पाठ होता है और अतिथियों को रामचरित मानस की प्रति भेंट स्वरूप दी जाती है।







### छत्तीसगढ़ से क्या है भगवान राम का रिश्ता

बता दें कि रामायण काल में छत्तीसगढ़ को दक्षिण कौशल कहा जाता था। यह माता कौशल्या की जन्मभूमि मानी जाती है। राजधानी रायपुर के चंद्रखूरी में माता कौशल्या का एकमात्र मंदिर है। इसे विकसित करने और छत्तीसगढ़ को भगवान राम की ननिहाल के रूप में प्रस्तुत करने के लिए कांग्रेस ने पिछले साढ़े चार साल में बड़ा अभियान चलाया। छत्तीसगढ़ के जिन जगहों में भगवान राम के कदम पड़े थे, उन जगहों को विकसित करने का काम शुरू किया गया है। इसका असर अब चुनाव के ठीक पहले देखने को मिल रहा है। कांग्रेस भाजपा को राम के नाम पर लगातार अटैक कर रही है।

### चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस ने राम का सहारा लिया था

हालांकि छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार द्वारा हिंदू देवी-देवताओं पर यह फोकस नया नहीं है। 2018 विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने के एक वर्ष के अंदर ही राज्य में राम से जुड़े धार्मिक स्थलों को विकसित किये जाने की चर्चाएं तेज हो गयी थीं और एक साल के अंदर ही राम वन गमन पथ को विकसित करने की मंजूरी भी राज्य सरकार की कैबिनेट मीटिंग में मिल गयी थी। पिछली बार और इस बार में अंतर केवल इतना है कि पिछली बार चुनाव में कांग्रेस ने राम या हिंदुत्व का सहारा नहीं लिया था, जबकि इस बार वह इस पर बाकायदा वोट मांग रही है।

कांग्रेस का दावा है कि राम ने अपने वनवास के दौरान छत्तीसगढ़ की लगभग 51 जगहों पर रुक कर समय व्यतीत किया था और इन्हीं जगहों में से नौ स्थलों को राम वन गमन पथ के पहले भाग के अंदर विकसित करने की योजना बनायी गयी। योजना के चालू होने से लेकर अब तक दो ही स्थानों को पूरी तरह से तैयार किया जा चुका है, जिसमें रायपुर के पास चंद्रखुरी में कौशल्या माता का मंदिर और शिवरीनारायण शामिल हैं। लेकिन इस योजना के, राम पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस के उमड़ते प्रेम के और धार्मिक टूरिज्म के अलावा भी कांग्रेस पार्टी द्वारा राम पर केंद्रित रहने के राजनीतिक मायने भी हैं।

### राम के नाम पर राजनीति से चुनाव में फायदा मिलेगा

छत्तीसगढ़ वैसे तो धार्मिक कट्टरता के लिए नहीं जाना जाता है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में राज्य में हिंदू-मुस्लिम झड़पें, आदिवासी समुदायों में और आदिवासियों और इसाई आदिवासियों के बीच हिंसा होती रही है। इन हिंसक वारदातों में राज्य सरकार की चुप्पी लोगों को अकसर अचरज में डालती रही है। इसलिए कहा जा रहा है कि इस बार कांग्रेस के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल ठीक वैसा ही बन रहा है, जैसा कि 2018 में भाजपा के खिलाफ बना था। लोग कह रहे हैं कि राज्य में धार्मिक कट्टरता बढ़ी है। हालांकि राज्य में अन्य समुदाय, जैसे कि मुस्लिमों की आबादी महज दो-तीन प्रतिशत ही है और इसाइयों की आबादी भी काफी कम है, इसके बावजूद कट्टर हिंदुत्व की भावनाओं ने जोर पकड़ा है और इसी बात का फायदा अब कांग्रेस उठा रही है। यह कहना सही होगा कि कांग्रेस उस तर्ज.पर काम कर रही है कि अगर धर्म के आधार पर ही वोट लेना है, तो वह किसी से कम नहीं है।

कहने को तो कांग्रेस पर कई बार सॉफ्ट हिंदुत्व के आरोप लगते आये हैं और उस पर भाजपा के एजेंडे पर काम करने का भी आरोप लगा है, लेकिन अगले विधानसभा चुनावों के कुछ पहले ही एक बड़ा सरकारी रामायण महोत्सव कांग्रेस को राजनीतिक फायदा पहुंचाने में कितना सक्षम होता है, यह देखने लायक बात होगी।

---

# माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर की स्थापना के लिए राज्य सरकार लेगी योग्य एजेंसियों की मदद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार दूसरे राज्यों में रह कर रोजी-रोटी कमाने वाले श्रमिकों की मदद को माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर की स्थापना और संचालन में योग्य एजेंसियों की मदद लेगी। इसके लिए झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी (श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखंड) ने पहल की है। इस क्रम में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत देश के अलग अलग राज्यों में ऐसे सेंटर तैयार किए जायेंगे। जेएसडीएमएस के मिशन डायरेक्टर सह सीइओ की ओर से इस संबंध में सूचना भी जारी कर दी गयी है।

इसके तहत त्रिपुर (तमिलनाडु), पुणे (महाराष्ट्र), बेंगलुरू (कर्नाटक), नीमराणा (राजस्थान), हैदराबाद (तेलंगाना), चेन्नई (तमिलनाडु), अहमदाबाद या सूरत (गुजरात) और दिल्ली एनसीआर (नोएडा, फरीदाबाद) में माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर तैयार किये जाने की योजना बनी है। एनआइटी (निविदा आमंत्रण सूचना) जारी करते कहा गया है मदद से माइग्रेशन सेंटर की स्थापना और संचालन के अलावा टेंडर प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। एक जुलाई 2023 तक इसके लिए आवेदन किये जा सकेंगे। तीन जुलाई को इसे खोला जायेगा। टेंडर डॉक्यूमेंट की लागत 10 हजार रुपये और इएमडी के तौर पर 25 हजार रुपये लगेंगे। डोरंडा (रांची) स्थित श्रम भवन के पते पर टेंडर संबंध में जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है।

कौशल विकास मिशन के मुताबिक माइग्रेशन सेंटर खोले जाने से दूसरे राज्यों में कार्यरत झारखंड के श्रमिकों की समस्याओं की सुनवाई और उसके त्वरित निदान में मदद मिलेगी। अभी कुल मिलाकर स्थिति यही रहती है कि श्रमिकों के काम, उसके भुगतान और अन्य सुविधाओं के मसले पर कोई ढ़ंक का प्लेटफॉर्म अलग अलग राज्यों में उनके पास नहीं है। हालांकि स्टेट लेवल पर श्रम विभाग की ओर से स्टेट माइग्रेंट कंट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने गिरिडीह में नाबालिग के साथ दुष्कर्म और हत्या की मांगी रिपोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने गिरिडीह में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसकी हत्या मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने गिरिडीह एसपी को पत्र जारी कर आयोग ने इस मामले से संबंधित पूरी रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

एसपी को लिखे पत्र में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी स्तर पर नाबालिग या उससे जुड़े उनके रिश्तेदारों की पहचान उजागर नहीं होनी चाहिए। आयोग ने अपने पत्र में एसपी को इस मामले में पॉक्सो एक्ट के धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया है।

उल्लेखनीय है कि गत 29 अप्रैल को कुएं में नाबालिग स्कूली छात्रा को ग्रामीणों ने बेहोशी की हालत में पाया था। अस्पताल ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित मो. कैफ को घटना के दिन ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि दो अन्य आरोपित की तलाश जारी है।

---

## प्रतुल शाहदेव ने डीजीपी से की मांग

# स्क्रैप चोरी में गिरफ्तार भरत उरांव से पुलिस करे पूछताछ

### भरत उरांव से चंदवा पुलिस का पूछताछ न करना आश्चर्यजनक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर झारखंड के डीजीपी से कहा कि लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र में दिवालिया हो गए अभिजीत प्लांट में स्क्रैप के करोड़ों रुपये की चोरी हुई है। प्रतुल ने डीजीपी को बताया कि मुख्य सूत्रधारों में एक भरत उरांव को चंदवा पुलिस ने चोरी के स्क्रैप के साथ गिरफ्तार किया. मगर उसे कस्टडी में लेकर पूछताछ करने की कोशिश नहीं की गयी, जो आश्चर्यजनक है।

प्रतुल ने कहा कि भरत उरांव के जरिए उन सफेदपोश और माफिया तत्वों तक पहुंचा जा सकता है, जो इस स्क्रैप चोरी का अभी तक संचालन कर रहे हैं। प्रतुल ने डीजीपी से भरत उरांव को रिमांड में लेकर गहराई से पूछताछ करने का आग्रह किया है।

प्रतुल ने कहा कि जानकारी है कि भरत उरांव के सीने में स्क्रैप चोरी में लिप्त बहुत सारे सफेदपोशों के राज दफन है, इसलिए उसकी सुरक्षा का भी ख्याल रखा जाये।



प्रतुल ने कहा कि चंदवा और बालूमाथ थाने अति उग्रवाद प्रभावित थानों में आते हैं। इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि कहीं राष्ट्र विरोधी नक्सली जो सुरक्षा बलों को निशाना बनाते रहते हैं, उन तक भी स्क्रैप लूट की लेवी पहुंची या नहीं?

प्रतुल ने मांग की है कि करोड़ों रुपये के अभिजीत ग्रुप के स्क्रैप लूटकांड के असली सूत्रधारों का खुलासा हो। अभी कुछ दिहाड़ी मजदूर पकड़े जा रहे हैं, जिनको कुछ रुपयों का लालच देकर चोरी करायी जा रही है।

---

## रिम्स निदेशक कामेश्वर प्रसाद को दी गयी विदाई

# डॉ कामेश्वर जहां जायेंगे, झारखंड का नाम रोशन करेंगे : बन्ना गुप्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रिम्स निदेशक के तौर पर कार्यभार संभालने वाले पद्मश्री डॉ कामेश्वर प्रसाद ने शुक्रवार को रिम्स को अलविदा कह दिया। नये अकादमिक भवन स्थित लेक्चर थिएटर एक में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने डॉ कामेश्वर प्रसाद की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा रिम्स में रिसर्च पर जोर दिया है और वह इसमें सफल भी हुए हैं। रिसर्च से आनेवाले समय में रिम्स को फायदा मिलेगा। डॉ प्रसाद के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वह जहां भी जायेंगे, झारखंड का नाम रौशन करेंगे और रिम्स और स्वास्थ्य विभाग उनसे जुड़ा रहेगा।

अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि डॉ कामेश्वर प्रसाद को जितनी प्रशासनिक सहायता मिलनी चाहिए थी, शायद नहीं मिली। बावजूद इसके उन्होंने कोरोना काल से लेकर अभी तक सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि समयबद्ध निर्णय लेते हुए एक रूपरेखा तैयार कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। रिम्स की व्यवस्था को कैसे सुदृढ़ किया जासे यह आने वाले निदेशक के सामने एक चुनौती होगी।

डॉ कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि वह रिम्स से संतुष्ट होकर जा रहे हैं। उन्होंने नियम के विरुद्ध कोई काम नहीं किया। साथ ही कहा कि रिम्स उनकी मां समान है और इसी भाव से उन्होंने यहां पर कार्य भी किया है।

# पूर्व बीडीओ मनोज कुमार की दो वेतन वृद्धि पर लगी रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सिमडेगा जिले के कुरडेग के तत्कालीन बीडीओ मनोज कुमार की दो वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में उपायुक्त सिमडेगा ने दो फरवरी, 2017 को ही प्रपत्र 'क' गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी।

बीडीओ मनोज कुमार पर सरकारी आवास के चहारदीवारी के अंदर लगे शीशम के पेड़ को बिना औपचारिकता पूर्ण किए कटवा कर निजी उपयोग करने तथा सरकारी आवास में रहते हुए अवैध रूप से मकान किराया भत्ता राशि की निकासी करने का आरोप है। जांच के दौरान यह बात भी सामने आयी कि शीशम पेड़ कटवाकर अपने निजी उपयोग के लिए फर्नीचर बनवाकर अपने स्थायी आवास पलामू में भेज दिया गया।

इसकी शिकायत पलामू के तत्कालीन एसडीओ ने भी की थी, जिसके बाद कार्यपालक दंडाधिकारी से इस मामले की जांच कराई गई। जांच में तत्कालीन बीडीओ से भी पूछताछ की गयी। यह बात सामने आयी कि बीडीओ के सरकारी आवास में शीशम का पेड़ मौजूद था, जिसका निचला हिस्सा जमीन पर अभी भी है। बाकी पूरा पेड़ काट दिया गया है। बीडीओ सह अंचल के कर्मचारियों से भी जांच अधिकारी ने विस्तृत पूछताछ की।

आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
• VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
• Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 39.4 °c | 24.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.31 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.03 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 03 जून, 2023
www.azadsipahi.in


## पुरी में पासवा का चार दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू

# बच्चों को संविधान पढ़ायें, कोर्स नहीं गतिविधियों के रूप में : रामेश्वर उरांव

● आलोक कुमार दूबे को देश का सर्वश्रेष्ठ पब्लिक रिलेशन अवार्ड से किया गया सम्मानित




### छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह और बाल महोत्सव रांची में करने का प्रस्ताव पारित

**आलोक कुमार दूबे ने कहा कि झारखंड में पासवा ने काफी अच्छा काम किया है,आने वाले दिनों में झारखंड पासवा 10 वीं एवं 12वीं के बच्चों का छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह व बाल महोत्सव रांची में करने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन का चार दिवसीय 10वां राष्ट्रीय अधिवेशन शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की देवभूमि पुरी स्थित चैरियट होटल में प्रारंभ हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा देश को अगर कोई बचा सकता है, तो हमारे देश का संविधान। संविधान के अनुसार अगर देश चलेगा तो कोई कठिनाई नहीं होगी। आप बच्चों को संविधान पढ़ायें, प्रियम्बल को पढ़ायें कोर्स के रुप में नहीं बल्कि गतिविधियों के रूप में। देश के संविधान ने सद्भावना से जीने के लिए न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का अधिकार दिया है। डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा पासवा से इसलिए हमने अपने आपको जोड़ा है कि यहां सीखना चाहता हूं,पढ़ना चाहता हूं,सोचना चाहता हूं और कुछ लोगों के लिए काम आ सकूं इसलिए आपके बीच आता हूं। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने अधिवेशन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि 38 प्रदेशों एवं केंद्र शासित प्रदेश, 642 जिला एवं छह लाख चौबीस हजार गांवों से बच्चों को शिक्षित कराने में पासवा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारी का सबसे बड़ा योगदान रहता है। शमायल अहमद ने कहा कि केंद्रीय बजट 2023-24 में शिक्षा क्षेत्र के लिए धन के अब तक के सबसे अधिक आवंटन के बावजूद, सरकार परीक्षा आयोजित करने के लिए परीक्षा केंद्र बनाने में असमर्थ हैं।

इस मौके पर पासवा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ एसपी वर्मा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ फरजाना शकील, राष्ट्रीय सचिव फौजिया खान, कर्नाटक अध्यक्ष डॉ अफशद अहमद, अरुणाचल प्रदेश अध्यक्ष तारा हरी, सिक्किम अध्यक्ष सोनी वृद्धि, तमिलनाडु अध्यक्ष मिन्नत कोड़ी, बेलाल नट्टर, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ एसपी वर्मा, झारखंड से राष्ट्रीय कार्यसमिति में सदस्य रोहित प्रियदर्शी उरांव, झारखंड प्रदेश पासवा के महासचिव नीरज सहाय, सुनीता सिन्हा, सचिव नेसार अंसारी, अल्ताफ अंसारी, प्रवीण प्रकाश, बेबी सिंह, ज्ञानेश्वर दयाल, बच्चन पांडेय, आशा पांडेय, मींकू कुमार, सोनम दूबे, इयान कुमार, धर्मवीर राम, उपस्थित थे।

दसवीं राष्ट्रीय परिषद के उद्घाटन सत्र में निजी स्कूल के निदेशकों को नेतृत्व पुरस्कार और पूरे भारत में निजी स्कूलों को प्रेरित करने के लिए पुरस्कारों की कई महत्वपूर्ण संख्याओं से सम्मानित भी किया गया। इसके पूर्व पासवा उड़ीसा प्रदेश अध्यक्ष जयश्री मोहंती एवं महासचिव चिदमकया खटुवा व उनकी टीम के द्वारा डा.रामेश्वर उरांव, राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को उड़ीसा की कलात्मक साफा एवं कलाकृति भेंट कर स्वागत किया एवं मोमेंटो दिया। प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे को देश का सर्वश्रेष्ठ पब्लिक रिलेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया, पिछले वर्ष सर्वश्रेष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पद से पुरस्कृत किया गया था।

## रांची एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक

# सावन में प्रतिदिन हो रांची से देवघर की उड़ान : संजय सेठ




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद संजय सेठ ने की। इस बैठक में यात्री सुविधाओं के विस्तार सहित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन की तरफ से निदेशक केएल अग्रवाल ने अब तक एयरपोर्ट की उपलब्धियों से बैठक में मौजूद सदस्यों को अवगत कराया। भविष्य की योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी। बैठक में प्रमुख रूप से बरसात के मौसम की तैयारियों, सावन महोत्सव की तैयारियों, यात्री सुविधाओं के विस्तार सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।

बताया गया कि अकाशा एयरलाइंस की ओर से अगले महीने से बेंगलुरु और हैदराबाद के लिए सीधी विमान सेवा शुरू की जायेगी, जबकि इंडिगो की ओर से जयपुर और मुंबई के लिए नयी विमान सेवा शुरू होगी। एयर एशिया के द्वारा 10 जून से सीधे मुंबई के लिए विमान सेवा शुरू की जायेगी। इसके अलावा इंडिगो द्वारा नयी दिल्ली के लिए 240 यात्रियों की क्षमता वाली विमान सेवा शुरू की जायेगी। जेट एयरवेज ने भी रांची से अपनी सेवा शुरू करने को लेकर संभावनाओं पर विचार किया है। बहुत जल्द इसके परिणाम भी देखने को मिलेंगे। बैठक में बरसात और गर्मी में यात्रियों को परेशानी नहीं हो, इसे लेकर कैनोपी निर्माण पर भी चर्चा हुई। एयरपोर्ट प्रबंधन ने रांची से हिनू चौक तक का सौंदर्यीकरण कार्य किये जाने की बात कही। सांसद ने एयरलाइंस कंपनियों को कहा कि रांची से देवघर की नियमित विमान सेवा सावन में शुरू की जाये।

बैठक में यह भी जानकारी दी गयी कि बोकारो और दुमका से विमान सेवा बहुत जल्द शुरू कर दी जायेगी। विमान यात्रा के किराये में हुई बेतहाशा वृद्धि पर सांसद ने सभी विमान कंपनियों के प्रबंधकों से भी बातचीत की और उन्हें कहा कि बेतहाशा किराया बढ़ोतरी पर रोक लगाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। इस पर विमान कंपनियों को विचार भी करना चाहिए।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक-753 006 (ओडिशा), भारत
Cuttack -753 006, (Odisha), India

विज्ञापन संख्या 07/एसआरएफ/2023–24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **चावल की फसल में जैविक और अजैविक तनाव, उपज और गुणवत्ता लक्षणों के प्रति सहिष्णुता में सुधार हेतु आणविक प्रजनन पर भाकृअनुप-सीआरपी** शीर्षक परियोजना ईएपी-211 के तहत एक (01) **सीनियर रिसर्च फेलो** (एसआरएफ) के चयन के लिए दिनांक **13.06.2023** को प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा । आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं ।

Walk-in-Interview is to be held on **13.06.2023 for selection of one (01) Senior Research Fellow (SRF)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"ICAR-CRP on Molecular Breeding for Improvement of Tolerance to Biotic and Abiotic Stress, Yield and Quality Traits in Crops-Rice" (EAP-211)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

## आज मिशन लाइफ के तहत साइकिल रैली

**रांची (आजाद सिपाही)।** मिशन लाइफ के तहत शनिवार को प्रातः 6 बजे से 9 बजे के बीच रांची में आयोजित साइकिल रैली की तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव ने रांची वासियों से अनुरोध किया है कि मिशन लाइफ का सफलतापूर्वक आयोजन करने हेतु मोरहाबादी मैदान में आयोजित साइकिल रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें एवं स्वच्छ पर्यावरण तथा उत्तम जीवनशैली अपनाने का संकल्प लें। संजय श्रीवास्तव ने बताया कि साइकिल रैली में भाग लेने हेतु 1000 से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण किया जा रहा है। अब तक लगभग 800 प्रतिभागियों का पंजीकरण हो चुका है। सभी प्रतिभागी प्रातः 5.30 बजे तक मोरहाबादी शहीद पार्क स्थित बापू वाटिका के समीप जमा होंगे। प्रतिभागियों को आयोजक वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा टीशर्ट, प्रशस्ति-पत्र तथा मोमेंटो दिया जायेगा, जिनके पास साइकिल उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए 250 साइकिल की व्यवस्था स्थल पर किया गया है। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को पलाश सभागार परिसर में जलपान की व्यवस्था भी होगी एवं साइकिल रैली मार्ग पर पेयजल की व्यवस्था भी रहेगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान। व्यापार वृद्धि। चतुर्दिक हर्ष।

**वृष** भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। उद्योग-धंधे में सफलता। अधिकांश समय आमोद-प्रमोद में बीतेगा।

**मिथुन** रुके हुए काम पूरे होंगे। निर्माण कार्य में प्रगति। धनलाभ के अवसर बनेंगे।

**कर्क** शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि-वाहन का सुख। सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।

**सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास। शत्रुओं पर विजय। मानसिक शक्तियों में वृद्धि। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे। अवसरों का फायदा उठावें। परिवार में मांगलिक कार्य होगा।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा। आर्थिक परेशानी दूर होगी। सेहत में सुधार होगा।

**वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल। आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति होगी।

**धनु** निराशा दूर होगी। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।

**मकर** अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। धन लाभ के अवसर बनेंगे। संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि।

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या। खर्च अधिक होगा। नवीन समस्या का सूझ-बूझ से समाधान।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर व्यय अधिक। मानसिक चिंता बढ़ेगी। दिमागी तनाव रहेगा।

# एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड और रिम्स के बीच एमओयू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड और राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स), बरियातू, रांची के बीच शुक्रवार को एमओयू हुआ। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर डॉ अशोक के श्रीवास्तव, प्रो वाइस चांसलर, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड, प्रो (डॉ) कामेश्वर प्रसाद, निदेशक, रिम्स, डॉ निशांत मणि, निदेशक आईक्यूएसी, श्री प्रभाकर त्रिपाठी, रजिस्ट्रार एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड, डॉ. अजय कुमार बाखला और रिम्स के डॉ त्रिपाठी की उपस्थिति में हुआ।

एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड और राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) के बीच यह सहयोग दोनों के बीच समझौता बनाने के लिए सामान्य सीमाओं से परे जाने की सामूहिक प्रतिबद्धता पर आधारित है, जिसके दूरगामी और महान प्रभाव, समाज और लोगों के लिए हो सकते हैं।

डॉ अशोक के श्रीवास्तव, प्रो वाइस चांसलर, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य एक सहयोगात्मक शिक्षा कार्यक्रम, क्षमता निर्माण और संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं को बढ़ावा देना है।

# आजसू पार्टी ने केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा को पार्टी से निष्कासित किया

## महेश महतो बने कार्यवाहक जिलाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में आजसू पार्टी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में केंद्रीय सचिव मनोज चंद्रा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इसके साथ ही केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर महेश महतो को चतरा जिला कमेटी का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष तथा शिवलाल दांगी एवं छोटू भोक्ता को कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले पार्टी ने गैर जवाबदेह, लापरवाह तथा निष्क्रिय नेतृत्व के कारण मनोज चंद्रा की अध्यक्षता में गठित चतरा जिला कमेटी को भंग कर दिया था। मनोज चंद्रा आजसू के बड़े नेताओं में सम्मिलित रहे हैं। पार्टी ने इन्हें वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया था, जिसमें वे लगभग 50,442 वोट लाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। इससे पहले वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा से गठबंधन के कारण पार्टी ने इन्हें टिकट नहीं दिया था, जिसके बाद इन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। ये वर्ष 2018 में दोबारा आजसू में सम्मिलित हुए थे। हाल के दिनों में ये पार्टी से लगातार दूरी बनाए हुए थे। इधर, पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि चतरा जिले में पार्टी के गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार का कार्य अपेक्षित रफ्तार से चले, इसलिए कमेटी को भंग करने का निर्णय लिया गया था। केंद्रीय सचिव के निष्कासन को लेकर उन्होंने कहा कि राजनीति में जब विचारधारा से ऊपर महत्वाकांक्षा हावी हो जाती है, तो संगठन का कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पाता। कई बैठकों तथा विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है।

# लोअर बाजार थाना क्षेत्र से साढ़े तीन लाख की लूट

### घटना के बाद दो दिशा में भागे अपराधी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को लोअर बाजार थाना क्षेत्र के हीरा पन्ना ज्वेलर्स दुकान के पास दिनदहाड़े एक युवक से दो बाइक सवार साढ़े तीन लाख रुपये की लूट कर फरार हो गये । इस संबंध में पीड़ित ने लोअर बाजार थाना में मामला दर्ज कराया है।

बताया गया कि महबूब आलम नामक व्यक्ति सुजाता चौक के थोड़ा आगे एचडीएफसी बैंक से साढ़े तीन लाख रुपये लेकर अपने भाई के साथ वापिस बड़ौदा बैंक की ओर आ रहा था। इसी दौरान वे इकरा मस्जिद के आगे हनुमान मंदिर के पास से यू टर्न लेकर बड़ौदा बैंक की ओर जाने वाला था कि तभी हीरा पन्ना ज्वेलर्स के पास तेज रफ्तार में ब्लैक पल्सर में दो युवक आये और महबूब आलम की मोटरसाइकिल के आगे रखे बैग को झपट्टा मारा और बैग लेकर फरार हो गये। इस क्रम में महबूब आलम मोटरसाइकिल सहित अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर पड़े, जिससे उन्हें हल्की चोट भी आयी। बाइक सवार रफ्तार के साथ रतन टॉकीज की ओर भागा। इसी बीच रतन टॉकीज के पास किसी अन्य वाहन से टकरा गया। वहां पर तैनात ट्रैफिक पुलिस को लगा कि दुर्घटना हुई है, वह मोटरसाइकिल के पास गया, तब तक दोनों आरोपी एक हिंदपीढ़ी रोड और दूसरा कर्बला चौक की ओर भाग गये।

ट्रैफिक पुलिस जब तक कुछ समझती, तब तक लूट की घटना को अंजाम दिया जा चुका था। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। पुलिस ने मोटरसाइकिल जब्त कर लिया है। पुलिस बाइक के नंबर से बाइक के मालिक की तलाश कर रही है।

# बिहार के मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी पहुंचे रांची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी शुक्रवार को सेवा विमान से पटना से रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जदयू नेता श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, उपेंद्र सिंह, अखिलेश राय, मुनेश्वर कुमार और रामजी प्रसाद सहित अन्य ने उनका स्वागत किया। चौधरी तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे हैं। इस दौरान वह विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे।

रांची एयरपोर्ट पर डॉ चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्षी एकता मजबूत हो इसके लिए सार्थक प्रयास नीतीश कुमार के जरिये किया जा रहा है। इस क्रम में पहले चरण की बैठक 12 जून को पटना में हो रही है, आगे और भी बैठकें होंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में पार्टी की सम्भावनाएं काफी प्रबल हैं। हम संगठन विस्तार के लिए संकल्पित हैं। भाजपा नेताओं की ओर से विभिन्न आरोप लगाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सबके आरोपों पर प्रतिक्रिया देना आवश्यक नहीं।

# इस्लाम सिर्फ भारत में सुरक्षित: मोहन भागवत

## कुछ धर्म भारत में बाहर से आये, जो रह गये, उनमें सुधार हमारी जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि इस्लाम की पूजा सिर्फ भारत में सुरक्षित तरीके से चलती है। कुछ धर्म भारत के बाहर के थे, बाहर वाले तो चले गए। अब उसमें सुधार करना हमारी जिम्मेदारी है। वे गुरुवार को नागपुर के संघ शिक्षा वर्ग कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

भागवत ने आगे कहा कि पूरी दुनिया में इस्लाम का आक्रमण हुआ, यह स्पेन से मंगोलिया तक छा गया। धीरे-धीरे वहां के लोग जागे। उन्होंने आक्रमणकारियों को हराया, तो अपने कार्य क्षेत्र में इस्लाम सिकुड़ गया। विदेशी वहां से चले गए, लेकिन इस्लाम की पूजा कहां सुरक्षित चलती है, यहीं (भारत में) सुरक्षित चलती है।

**भारत की एकता और अखंडता के लिए हर कोई प्रयास करे :** भागवत ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिए हर किसी को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीमाओं पर बुरी नजर दिखाने वाले दुश्मनों को ताकत दिखाने के बजाय हम आपस में ही लड़ रहे हैं। देश में भाषा, पंथ-संप्रदाय और सहूलियतों को लेकर तमाम तरह के विवाद हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि हम भूल रहे हैं कि हम एक देश हैं। कुछ धर्म भारत के बाहर के थे और हमारे उनके साथ युद्ध हुए थे, लेकिन बाहर वाले तो चले गये, अब तो सब भीतर हैं। फिर भी वे लोग बाहरी लोगो के प्रभाव में हैं। हमें समझना होगा कि वे हमारे लोग हैं। अगर उनकी सोच में कोई कमी है तो उसमें सुधार हमारी जिम्मेदारी है।

**हमारी विविधता अलगाव का कारण नहीं बनती :** यह समझदारी पक्की करनी होती है कि हम अलग दिखते हैं इसलिए अलग हैं इस विचारधारा से देश नहीं टूटता। ये भूलकर कि हमारी पूजाएं अलग-अलग हैं, फिर भी हम समाज के नाते इस देश के हैं। हमारे पूर्वज इस देश के हैं इसे हम क्यों नहीं स्वीकार कर पाते। हमारी विविधता अलगाव का कारण बनती ही नहीं है। हमारे देश में प्राचीन समय से सबको साथ लेकर चलने वाली संस्कृति विद्यमान है।

**हिंदी स्वराज को ही हम हिंदू राष्ट्र कहते हैं :** भागवत ने कहा, कितने दिन, कितने शतकों से हम सभी धर्मों के साथ जी रहे हैं। इस बात को न पहचानते हुए अगर हम अपने बीच के फर्क को बनाए रखने वाली नीति से चलेंगे, तो कैसे होगा। सारी दुनिया में जिसको सिर रखने की जगह नहीं मिली उनको भारत ने जगह दी। भागवत ने कहा कि हिंदी स्वराज को ही हम हिंदू राष्ट्र कहते हैं। 75 साल की स्वतंत्रता को देखकर हमारे अंदर उत्साह जगा है। हिंदू राष्ट्र का संकल्प दोहराते हुए भागवत ने कहा कि सभी भारतीयों का उ्ठअ एक ही है।

# भ्रष्टाचार के संरक्षक मुख्यमंत्रियों का हुआ संगम : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में हुए तीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान और हेमंत सोरेन की मुलाकात पर तीखी प्रतिक्रिया दी। प्रकाश ने कहा कि भ्रष्टाचार के पोषक और संरक्षक तीन मुख्यमंत्रियों के संगम ने आज भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र भूमि को अपवित्र किया है।

उन्होंने कहा कि आज नरंद्र मोदी सरकार देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। देशभर में भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों की दबिश बढ़ी है। इसके कारण भ्रष्टाचारी और उनके संरक्षक बेचैन हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करनेवालों की पोल खुल चुकी है। अन्ना हजारे के आदर्शों को ठेंगा दिखाने वाली आप पार्टी की सरकारों की कथनी और करनी का अंतर उजागर हो चुका है। आज शराब घोटाले में केजरीवाल सरकार के मंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जेल की सलाखों में कैद हैं।

दीपक ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री की सरकार भी डेढ़ वर्षों में ही भ्रष्टाचार में आकंठ डूब चुकी है। पंजाब में डेढ़ वर्षों में ही दो मंत्रियों विजय सिंगला और सौजा सिंह को भ्रष्टाचार के आरोप में भाजपा के आंदोलन पर बर्खास्त करना पड़ा है। भटिंडा के विधायक अमित रतन सरेआम रिश्वत लेते पकड़े गये। विधायक गोल्डी कंबोज के पिता पर भी महिला के इस्तेमाल से सरकार में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगा।

राँची मंडल के तहत पार्सल, विज्ञापन, एटीएम, पार्किंग, कैटरिंग और पे एंड यूज शौचालय के लिए ई–नीलामी

**सं.: सी/आरएनसी/ई–ऑक्शन/2023** **दिनांक: 01.06.2023**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची ने राँची मंडल के तहत ई–नीलामी आमंत्रित की है। कैटलॉग आईआरईपीएस वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं: ● **कैटेगरी: पार्सल, (i) कैटलॉग सं.:** आरएनसीपार्सल13; **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची मंडल से शुरू होने वाली 38 अदद पैसेंजर/मेल एक्सप्रेस ट्रेन के एसएलआर कम्पार्टमेंट की लीजिंग हेतु 67 अदद परिसंपत्तियों की ई–नीलामी; **नीलामी शुरू :** 15.06.2023 को 10.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि :** 16.06.2023 को 13.50 बजे **(ii) कैटलॉग सं.:** आरएनसीपार्सल13ए; **परिसंपत्तियों का विवरण:** ट्रेन नंबर 15661 (आरएनसी–केवाईक्यू) एक्सप्रेस) द्वारा एसएलआर कम्पार्टमेंट की लीजिंग हेतु 01 अदद परिसंपत्ति की ई–नीलामी; **नीलामी शुरू :** 19.06.2023 को 10.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि :** 19.06.2023 को 10.30 बजे ● **कैटेगरी: विज्ञापन, कैटलॉग सं.:** आरएनसीएडीवीटी14; **परिसंपत्तियों का विवरण:** (i) राँची मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधों के लिए 12 अदद परिसंपत्तियों हेतु ई–नीलामी (08 अदद आउट ऑफ होम और 4 अदद स्टेशन के अंदर); (ii) राँची मंडल के तहत लिंक रेक के साथ 12 ट्रेनों में ट्रेनों के बाहरी हिस्से (फुल फेस) पर विज्ञापन हेतु ई–नीलामी ; **नीलामी शुरू :** 15.06.2023 को 10.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि :** 15.06.2023 को 14.20 बजे ● **कैटेगरी: एटीएम, कैटलॉग सं.:** आरएनसीएटीएम14; **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची मंडल के तहत एटीएम के लिए 06 अदद परिसंपत्तियों हेतु ई–नीलामी; **नीलामी शुरू :** 14.06.2023 को 12.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि :** 14.06.2023 को 13.20 बजे ● **कैटेगरी: पार्किंग, कैटलॉग सं.:** आरएनसीपार्किंग14; **परिसंपत्तियों का विवरण:** रामगढ़, ईटकी और सुइसा रेलवे स्टेशन पर टू, थ्री एवं फोर व्हीलर पार्किंग हेतु ई–नीलामी; **नीलामी शुरू :** 16.06.2023 को 10.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि :** 16.06.2023 को 10.50 बजे ● **कैटेगरी: कैटरिंग, कैटलॉग सं.:** आरएनसीसीटीजी7; **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची मंडल के तहत जीएमयू एवं एसएमयू कैटेगरी के अधीन 44 अदद कैटरिंग यूनिटों हेतु ई–नीलामी; **नीलामी शुरू :** 14.06.2023 को 10.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि :** 14.06.2023 को 17.40 बजे ● **कैटेगरी: पे एंड यूज, कैटलॉग सं.:** आरएनसीपेएनयूज12; **परिसंपत्तियों का विवरण:** राँची मंडल के तहत रामगढ़, झालिदा, मुरी और नामकोम रेलवे स्टेशन में पे एंड यूज शौचालय के लिए 03 अदद परिसंपत्तियों हेतु ई–नीलामी; **नीलामी शुरू :** 14.06.2023 को 10.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि :** 14.06.2023 को 10.50 बजे **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई–नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। ऊपर उल्लिखित कैटलॉग के तहत लॉट वार विवरण वहाँ उपलब्ध है।

**(PR-244)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP
3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR)
11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



## महत्वपूर्ण न्यूज

### आरयू की योग गर्ल्स टीम ने खेलो इंडिया गेम्स में कांस्य पदक प्राप्त कर रचा इतिहास



**रांची (आजाद सिपाही)।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय आइआइटी में आयोजित खेलो इंडिया गेम्स प्रतियोगिता में रांची विश्वविद्यालय रांची की योग गर्ल्स टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी विश्वविद्यालयों को पीछे छोड़ते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इस सफलता से सारा रांची विश्वविद्यालय गौरवान्वित महसूस कर रहा है इस अवसर पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने रांची विश्वविद्यालय की योग गर्ल्स टीम को आशीर्वाद प्रदान किया और भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही साथ रजिस्ट्रार, आरयू डॉ मुकुल चंद मेहता, डिप्टी निदेशक सीवीएस डॉ स्मृति सिंह, योग विभाग की डायरेक्टर डॉ मधुलिका वर्मा, योग विभाग के समन्वयक डॉ गुरु चरण साहू, खेल समन्वयक राजेश गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। आकांक्षा कुमारी, सरिता कुमारी, पम्मी कुमारी, आकांक्षा कुमारी, सरिता कुमारी, पम्मी कुमारी, आकृति राज, रिया सेन, सभी स्कूल ऑफ योगा और कुमारी नीलांजना इस टीम की मुख्य प्रतिभागी थीं। टीम की कोच रजनी बक्शी और मैनेजर के रूप में मोहम्मद कैफी थे।

### एनआइबीएम में एलआइसी, बैंकिंग, एसएससी का बैच शुरू



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची सर्कुलर रोड, श्री साईं टावर स्थित एनआइबीएम में स्नातक कर रहे तथा इंटर पास विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग, एसएससी, रेलवे, जेपीएससी परीक्षा की तैयारियों के लिए बैच प्रारंभ हो चुका है। संस्थान में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी बेहतर रिजल्ट हुए हैं। चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। निदेशक एमके गुप्ता ने पीएनबी में चयनित अंशु को सम्मानित किया। चयनित विद्यार्थियों ने तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सफलता का राज साझा किया। एनआइबीए में एलआइसी में चयनित होने के लिए साक्षात्कार का विशेष बैच चलाया जा रहा है। प्रत्येक दिन क्लास में टोटल डाउट क्लियर किया जा रहा है।

### प्रो. तपन शांडिल्य ने एनपीयू के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया




**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन के निर्देश पर राजभवन द्वारा जारी अधिसूचना के आलोक में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू के कुलपति के तौर पर अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। उन्हें यह प्रभार झारखंड के पूर्व कुलपति प्रो डॉ राम लखन सिंह के कार्यकाल की समाप्ति के उपरांत सौंपा गया है। इस अवसर पर एनपीयू के कुलसचिव, डीन, प्रॉक्टर, वित्त सलाहकार, वित्त पदाधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, शिक्षकों और कर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। प्रभार ग्रहण करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के प्रति आभार प्रकट किया।

### डीएसपीएमयू में फोटोग्राफी और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** पर्यावरण और जलवायु को केंद्रबिंदु में रखते हुए 1 से 7 जून तक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में कई कार्यक्रमों के आयोजन से संबंधित दूसरे दिन फोटोग्राफी और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले सत्र में फोटोग्राफी में 12 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न रूपों में फोटोग्राफी की। थीम था, प्रकृति और पर्यावरण से संबंधित चित्रों को प्रदर्शित करना। दूसरे सत्र में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें 26 प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी की। विषय था, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक प्रदूषण। फोटोग्राफी कमिटी के सदस्यों में डॉ मीनाक्षी मुंडा, डुमिनी माई मुर्मू, जय किशोर मंगल और शुभ्रा लकड़ा, रेखा चौधरी आदि थे। दूसरे सत्र की निबंध लेखन प्रतियोगिता डॉ मनीषा शाहदेव, आकांक्षा तिरु, डॉ परितोष मांझी डॉ जीएम एक्का आदि के दिशा निर्देशों के अंतर्गत संचालित की गई। इन प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन में अभिषेक टोपनो और डॉ आश्विन कुमार शर्मा और अमृत राज की भूमिका रही।

### सीएमपीडीआइ में अनुसंधान और विकास पर हैकथॉन का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार सीएमपीडीआइ के तत्वावधान में कोयला खनन क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास पर हैकथॉन के प्रस्तावों को प्रस्तुत करने से परिचित कराने के लिए एक वेबिनार का आयोजन किया गया। सीएमपीडीआईके महाप्रबंधक (एसएंडटी) अमर कांत मिश्रा ने हैकथॉन एवं चिह्नित क्षेत्रों पर प्रस्ताव प्रक्रिया प्रस्तुत करने आदि के बारे में जानकारी दी। इस वेबिनार में आइआइटी-खड़गपुर, एनआइटी-राउरकेला, मॉड्यूलर माइनिंग, टेक्समिन, गरूड़ आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों/ स्टार्टप्स/ संगठनों के सदस्यों/प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उक्त हैकथॉन के माध्यम से चिन्हित समस्या विवरणों पर लीक से हट कर समाधान/नवाचार समाधान को सीएमपीडीआई स्वीकार करेगा। इससे संबंधित प्रस्ताव 12 जून से 12 अगस्त के बीच जमा किया जा सकता है। इस वेबिनार में सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार कोयला मंत्रालय के सलाहकार आनंदजी प्रसाद, सीएमपीडीआइ के निदेशक अजय कुमार, महाप्रबंधक संजय कुमार दुबे ने भाग लिया।

## चंदवा में प्रभारी कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

# मोदी सरकार के 9 साल ने 2047 के भारत की मजबूत नींव तैयार की : कर्मवीर सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चतरा और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र की महाजनसंपर्क अभियान व भाजपा सरकार के 9 साल के जन-कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभारी कार्यकर्ताओं की बैठक लातेहार जिलांतर्गत चंदवा में संपन्न हुई। बैठक में अभियान की योजना-रचना की जानकारी दी गयी तथा तैयारियों की समीक्षा हुई। बैठक में समीर उरांव (राष्ट्रीय अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति मोर्चा) व मनोज सिंह जी (प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख), चतरा एवं लातेहार जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी गण सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के 9साल बेमिसाल हैं। 9 वर्षों में एक भारत श्रेष्ठ भारत की नीव मजबूत हुई है। कहा कि 2047 में आजादी के 100 साल पूरा होने पर भारत दुनिया का सर्वाधिक मजबूत, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर भारत होगा इसकी झलक दिखाई पड़ रही है। उन्होंने कहा एक तरफ अंत्योदय का लक्ष्य साकार हो रहा। गांव, गरीब, किसान का जीवन स्तर ऊंचा हो रहा। दलित, वंचित समाज विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहा। दूसरी तरफ भारत की सांस्कृतिक विरासत महामंडित हो रही। उन्होंने महा संपर्क अभियान में मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# बाबूलाल मरांडी ने सीसीटीवी लगाने संबंधी कार्य में अनियमितता की जांच की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर झारखंड के सभी जिला एवं अनुमंडल कोर्ट में जैप आइटी के माध्यम से सीसीटीवी लगाने संबंधी कार्य में अनियमितता की जांच कराने की मांग किया है। पत्र में लिखा है कि झारखंड के कतिपय विभागों में आपूर्ति एवं निर्माण संबधी कार्यों में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के मामले उजागर होना चिंताजनक है। अगर ऐसी शिकायतें राज्य में न्यायपालिका से जुड़े कार्यों में भी सामने आने लगे, तो इनकी तत्काल जांच कराना राज्यहित में आवश्यक है। उन्होंने लिखा है कि आप अवगत होंगे कि विभिन्न जिला एवं अनुमंडल कोर्ट में जैप आइटी के माध्यम से सीसीटीवी अधिष्ठापन कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए एजेंसी के बतौर ह्यबेसिलह्ण का चयन किया गया है। जैप आइटी के पत्र दिनांक 29.07.2022 के अनुसार चयनित एजेंसी को समस्त उपकरणों का एन.ए.बी.एल. जांच प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होता है। इस संदर्भ में यह उल्लेख करना भी प्रासंगिक होगा कि बेसिल कंपनी में उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार के गंभीर मामले सामने आए हैं।



अप्रैल 2023 के अंतिम सप्ताह में सीबीआइ ने बेसिल के सीएमडी जॉर्ज कुरूविला को तीन लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। अखबारों में प्रकाशित खबर के अनुसार एक ठेकेदार से बेसिल के सीएमडी जॉर्ज कुरूविला और जीएम रमित लाला ने काम दिलाने और बकाया राशि के भुगतान करने के एवज में पांच लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। ठेकेदार की शिकायत पर सीबीआइ ने बेसिल के जीएम रमित लाला समेत अन्य चार लोगों को भी गिरफ्तार किया था। बेसिल में शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार के ऐसे गंभीर मामलों को देखते हुए झारखंड में उक्त कंपनी द्वारा कराए जा रहे कार्यों में भ्रष्टाचार की संभावनाओं की समुचित जांच कराना बेहद आवश्यक है। खासकर न्यायालय से जुड़ा कार्य होने के कारण इसकी संवेदनशीलता को भी आप समझ रहे हैं।

## पूछताछ में गैंगस्टर अमन साहू ने उगले कई राज

# बालूमाथ के कोयला कारोबारी राजेंद्र को गवाही नहीं देने की दी थी धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चर्चित गैंगस्टर अमन साहू उर्फ अमन साव को बालूमाथ थाना पुलिस ने चार दिनों की रिमांड पर लेने के बाद पूछताछ की। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे 1 जून की दोपहर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लातेहार मो अब्दुल नासिर की अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने अदालत में 20 पन्नों का सीलबंद स्वीकारोक्ति बयान पेश किया, जिसे 2 जून को खोला गया।

अपनी स्वीकारोक्ति बयान में अमन साहू ने आपराधिक साम्राज्य का खुलासा किया है। उसने बताया कि उसका जन्म रांची के मतवे, बुढ़मू गांव में वर्ष 1995 में हुआ। वर्ष 2010 में उसने मैट्रिक की परीक्षा 78 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण की। उसके बाद इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर साइंस में पंजाब के मोहाली से डिप्लोमा 62% अंक के साथ पास किया।

**कुलेश्वर सिंह से मुलाकात के बाद अपराध की दुनिया में आया अमन साहू :** गैंगस्टर अमन साहू ने अपने बयान में बताया कि वह गर्मी की छुट्टियों में साल 2012 में घर आया था। इसी बीच उसकी पहचान झारखंड जनमुक्ति मोर्चा के तत्कालीन सुप्रीमो कुलेश्वर सिंह से हुई और यहीं से उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा। धीरे-धीरे उसकी पहचान टीपीसी के सब जोनल विराज उर्फ राकेश गंझू राजन, सागर, उमेश, रमेश, मनोज तथा आशीष कुजूर से हुई। उसने अपनी दोस्ती का दायरा बढ़ाते हुए पीएलएफआइ के प्रेम गोप, झंगुर ग्रुप के रामदेव उरांव, झुनमुन से हाथ मिलाया। एक कांड में उसे 2015 में जेल जाना पड़ा, जहां उसकी दोस्ती सुजीत सिन्हा और मयंक सिंह से हुई। धीरे-धीरे उग्रवादी संगठनों के अलावा अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोहों से भी उसकी दोस्ती बढ़ती गई।

**कई राज्यों के कुख्यात अपराधियों के साथ अमन साहू ने बढ़ायी दोस्ती :** नेपाल के कुख्यात नयन और कमल थापा, उत्तरप्रदेश के कुख्यात मयंक सिंह, हरिशंकर तिवारी, पंजाब के कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई औरअनमोल बिश्नोई, सिवान के रईस खान, अयूब खान, राजस्थान के पपला गुर्जर, भागलपुर के नयन सिंह, कटिहार के महाराणा यादव, पूर्णिया के शर्मा यादव, भवानीपुर के चीकू यादव, नवगछिया के बंदी, गौरव और सिंटू यादव जैसे कुख्यात अपराध कर्मियों से उसकी दोस्ती बढ़ती गयी। उसने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि उसके गिरोह के पास कुल 250 घातक हथियार हैं, जिसमें 5 एके 47, नौ कारबाइन और 166 पिस्टल शामिल हैं।

**मशहूर हवाला कारोबारी मनीष जैन से भी थी दोस्ती :** इन अपराधियों और उग्रवादियों के अलावा अमन साहू ने देश के मशहूर हवाला कारोबारी मनीष जैन, अलीपुर पश्चिम बंगाल से भी अपनी दोस्ती स्वीकारी है। उसने बताया कि आपराधिक गिरोहों से प्राप्त रुपयों को उसने मनीष जैन के द्वारा ही हवाला के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश किया है। मनीष जैन इस काम के लिए प्रति एक लाख में 3600 रुपये कमीशन लेता था।

अमन साहू ने बताया कि उसके ऊपर वर्ष 2012 से अभी तक कुल 91 हत्या, लूट, रंगदारी जैसे संगीन अपराधों के मामले विचाराधीन हैं। उसने बालूमाथ में 19 फरवरी 23 को टोरी शिवपुर रेल लाइन में हुई घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। बालूमाथ के कोयला कारोबारी राजेंद्र साहू के घर में उसके गुर्गों ने उसके खिलाफ गवाही नहीं देने के लिए पर्चा भी छोड़ा था।

# झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच ने वेबिनार के माध्यम से साइबर अपराध सुरक्षा के लिए जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा वेबिनार के माध्यम से साइबर अपराध सुरक्षा के लिए जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें युवाओं को साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी गयी। वेबिनार का संचालन प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल ने किया। वेबिनार की शुरुआत में प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने बताया कि आज के डिजिटलीकरण युग में जहां एक ओर लोग टेक्नोलॉजी का प्रयोग जीवन को सुगम बनाने, रोचक और जरूरी आविष्कार करने में कर रहे हैं, वहीं कुछ लोग इसका दुरुपयोग कर अपराध को अंजाम दे रहे हैं।

वेबिनार के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय पुलिस सेवा के अनुराग गुप्ता, डीजी, सीआईडी, झारखंड, कार्तिक एस, पुलिस अधीक्षक, सीआइडी, झारखंड वशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वेबिनार में नेहा बाला, उपाधीक्षक, सीआइडी झारखंड रांची साइबर थाना ओरं सुमित प्रसाद, उपाधीक्षक, देवघर साइबर थाना ने बहुत ही सरलता से साइबर अपराध के तरीके और उससे बचने के तरीके बताये। झारखंड प्रांत की इस मुहिम से कम से कम 4000 युवा लाभान्वित होंगे। इसे जारी रखते हुए आनेवाले दिनों में झारखंड प्रांत के साथ-साथ पूरे राष्ट्र को साइबर अपराध मुक्त बनाने में इस तरह की कार्यशाला की अहम भूमिका रहेगी।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सहायक मंत्री जोन 2 विकास खंडेलिया, प्रांत अध्यक्ष अरुण गुप्ता, महामंत्री सार्थक अग्रवाल, मंडलीय उपाध्यक्ष नीलकमल भरतीया, विनीता सिंघानिया, प्रांत संयुक्त मंत्री आशुतोष काबरा, संगठन विस्तार संयोजक रोहित मित्तल सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी झारखंड प्रांत के कार्यशाला एवं प्रशिक्षण संयोजक साकेत छावछरिया ने दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डॉ लालचंद बगड़िया निःशुल्क एक्युप्रेशर सह चुंबकीय चिकित्सा शिविर का शुभारंभ



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ लालचंद बगड़िया एक्युप्रेशर संस्थान ने शुक्रवार को रांची के थड़पखना स्थित डीबी पैलेस के परिसर में दूसरा निःशुल्क एक्युप्रेशर सह चुंबकीय चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष प्रभाकर अग्रवाल एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष बसंत मित्तल एवं अध्यक्ष रामा शंकर बगड़िया ने संयुक्त रूप से गुरु जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। यह केंद्र हमारे थेरेपिस्ट भाई कृष्ण कुमार पाड़िया एवं भाई प्रदीप कुमार चौधरी के अथक प्रयास से शुरू हुआ है। इस अवसर पर होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ रीना सेन, डीबी पैलेस एसोसिएशन के अध्यक्ष, मंत्री, संस्थान के अनेक थेरेपिस्ट मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अजीत कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पार्थो पाल चौधरी ने किया ।

### जलाशय बचाओ पदयात्रा में शामिल होने के लिए जनसंपर्क अभियान

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची शहर नागरिक मंच और अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से जलाशय बचाओ पदयात्रा को सफल बनाने को लेकर लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड सिविल सोसाइटी, कांके डैम संरक्षण समिति, झील बचाओ समिति, पतरागोंदा आदिवासी मत्स्य जीवी सहयोग समिति, फ्रेंड्स आफ झारखंड, सार्वजनिक कल्याण समिति, मेरी रांची मेरी जिम्मेवारी आदि जैसे संगठनों से भी 4 जून को पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है। इसके अलावा कांके डैम के इर्द गिर्द बसे दर्जन भर गांव, वार्ड 30.31,32 तथा बड़ा तालाब और हरमू के निवासियों निवासियों को भी आमंत्रित किया गया है। पदयात्रा की शुरुआत सुबह 7:30 बजे कांके डैम के सरोवर नगर तट से होगी जो पिस्का मोड़, मेट्रो गली, रातू रोड दुर्गा मंदिर होते पहाड़ी मंदिर पास पहुंच कर बाबा भोले नाथ से आशीर्वाद प्राप्त कर गाड़ी खाना चौक होते बड़ा तालाब के पास बाबा अघोरी नाथ धाम से पुरानी रांची होते हरमू मुक्तिधाम स्थित पुलिया तक जाकर समाप्त हो जाएगी। इसकी जानकारी जलाशय बचाओ पदयात्रा के प्रभारी डॉ सत्यप्रकाश मिश्रा ने दी।

### महिला ने पति सहित चार पर मारपीट और प्रताड़ना की दर्ज करायी शिकायत

**रांची (आजाद सिपाही)।** सदर थाना में एक महिला ने अपने पति सत्य प्रकाश दुबे सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला ने दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि उसका विवाह सत्य प्रकाश दुबे से हुआ था। उनका 15 वर्ष का एक पुत्र भी है। महिला ने बताया कि वर्तमान मैं अपने पति, देवर, चचेरे भगना की क्रूरता औरं अत्याचार से काफी तंग आ चुकी हूं। महिला ने बताया कि उसके विरुद्ध देवर विकास दुबे, ननद शिवांगी, देवरानी करुणा तथा पति का अत्याचार शादी के कुछ माह बाद ही शुरू हो गया था, लेकिन अपने बच्चे के भविष्य की चिंता करते हुए काफी हद तक बर्दाश्त करती आ रही हूं। कुछ दिनों पूर्व मेरे पति को शराब पिला कर मेरे देवर विकास दुबे, स्टाफ रोशन और मिक्कू ने मेरे साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। इस दौरान मेरे पुत्र की वजह से इज्जत बची। परिवार के सभी सदस्य मेरे पुत्र और मेरे साथ मारपीट करते हैं। सदर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने शुक्रवार को बताया कि महिला की ओर से आवेदन दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष गलत बयानी कर रहे हैं: राजद

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री, पंजाब के मुख्यमंत्री औरदिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार का संरक्षक बोलना सत्य से परे है। भारतीय जनता पार्टी अपने गिरेबान में झांक कर देखे। कौन भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा है। प्रदेश राजद के प्रदेश महासचिव मनोज पांडेय ने दीपक प्रकाश द्वारा दिये गये बयान पर यह कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आज पूरे देश में अरविंद केजरीवाल और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा विकास की गंगा राज्य में जिस तरह से बहायी जा रही है, उससे भाजपा घबरा गयी है और उनके पेट में दर्द उठा है। यह जान रही है कि आनेवाले लोकसभा चुनाव में उसकी दाल पूरे देश में नहीं गलनेवाली है। इससे घबरा कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश द्वारा तीनों मुख्यमंत्रियों पर गलतबयानी कर रहे हैं।

### एनएसएस ने प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान चलाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एनएसएस) की ओर से शुक्रवार को मिशन लाइफ के तहत मोरहाबादी क्षेत्र में सिंगल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त शहर अभियान चलाया गया। मौके पर आरयू के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि पर्यावरण को प्लास्टिक के जरिये भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसके विरुद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम चलाना सभी का नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने एन एस एस के स्वयंसेवकों को पर्यावरण संकट को गंभीरता से लेकर आम जनता के बीच एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के इस भीषण संकट से बचनेके लिए सभी को सामूहिक एवं सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता है। प्लास्टिक मुक्त अभियान में मोरहाबादी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर बिखरे हुए प्लास्टिक से निर्मित सामग्रियों के रैपर एवं प्लास्टिक आदि का संग्रह किया गया एवं आने जाने वाले राहगीरों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक भी किया गया । एनएसएस के स्वयंसेवकों ने मोरहाबादी क्षेत्र से लगभग 50 से ज्यादा थैलों में एकल प्रयोग प्लास्टिक के कचरे का संग्रहण कर नगर निगम के बड़े डस्टबिन में डाला। कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी अनुभव चक्रवर्ती, दिवाकर आनंद, सौरभ दीप सहित अन्य मौजूद थे।

# ओड़िशा में ट्रेन मालगाड़ी से टकरायी, 50 की मौत, 350 से ज्यादा घायल

### आज मुख्यमंत्री नवीन पटनायक घटनास्थल का दौरा करेंगे

**दिप्तांशु दास**

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के बालासोर में शुक्रवार शाम ट्रेन हादसे में 50 लोगों की मौत हो गई, 350 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। बालासोर के पास बहानगा में कोलकाता से चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस, यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी टकरा गयीं। ट्रेन की 8 बोगियां पलट गयीं। इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया। राहत और बचाव का काम जारी है।

रेलवे के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने बताया कि बालासोर के पास शाम करीब 7 बजे शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस डिरेल हो गयी। इसके कुछ डिब्बे दूसरी पटरी पर पलट गए। कुछ देर बाद यशवंतपुर से हावड़ा जा रही ट्रेन डिरेल हुए डिब्बों से टकराई। इस ट्रेन के भी 3-4 डिब्बे डिरेल हो गये। ये ट्रेन दूसरे ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी से भिड़ गयी। कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिरेल होने से घायल हुए यात्रियों को बहानागा के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि एक ही लाइन पर दोनों गाड़ियों के आ जाने की वजह से यह हादसा हुआ। रेलवे ट्रैक पर लगा सिग्नल खराब होने के चलते दोनों ट्रेन एक ही पटरी पर आकर टकरा गयीं। ये ट्रेन दोपहर 3.15 बजे शालीमार स्टेशन से निकली थी। यह ओडिशा के बालासोर से 40 किमी दूर बहानागा स्टेशन के पास शाम 7:20 बजे मालगाड़ी से टकराकर पटरी से उतर गयी।



### सीएम ने हादसे पर दुख जताया

ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा- मैंने अभी रेल दुर्घटना की स्थिति की समीक्षा की। शनिवार सुबह घटनास्थल का दौरा करूंगा। हादसे को लेकर प्रशासन ने इमरजेंसी कंट्रोल रूम का नंबर 6782262286 जारी किया है। इस रूट की 6 ट्रेनें रद्द कर दी गयीं हैं। कुछ ट्रेनों का रूट बदला गया है। हादसे के बाद 6 ट्रेनें कैंसल कर दी गयी हैं, जबकि कुछ ट्रेनों का रूट बदल दिया गया है।

### पीएम मोदी ने हादसे पर दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के बालासोर जिले में हुई ट्रेन दुर्घटना पर दुख जताया। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की और स्थिति का जायजा लिया।

### एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची

ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य मंत्री प्रमिला मल्लिक और स्पेशन रिलीफ कमिश्नर (एसआरसी) को तुरंत दुर्घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। मंत्री और (एसआरसी) मौके पर पहुंच रहे हैं। बालासोर रेलवे स्टेशन (बीएलएस) से एनडीआरएफ की 22 सदस्यों वाली पहली टीम पहले ही घटनास्थल पर पहुंच चुकी है।

### ममता बनर्जी ने भी दुख जताया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हादसे पर दुख जताया। कहा- बंगाल से यात्रियों को ले जा रही शालीमार-कोरोमंडल एक्सप्रेस बालासोर के पास एक मालगाड़ी से टकरा गयी। हम ओडिशा सरकार के साथ और दक्षिण पूर्व रेलवे के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। ओडिशा सरकार की मदद के लिए 5-6 सदस्यों की एक टीम मौके पर भेज रहे हैं।

### हेल्पलाइन नंबर

**हावड़ा: 033-26382217**
**खड़गपुर: 8972073925, 9332392339**
**बालासोर: 8249591559, 7978418322**
**कोलकाता शालीमार: 9903370746**

## ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुई और देसिया भाषा पर राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

# कुई और देसिया भाषा में शिक्षण सामग्री तैयार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** एनईपी-2020 के अनुसार कुई और देसिया बोलने वाले शिक्षार्थियों के लिए अपनी मातृभाषा में सीखने के लिए शिक्षण सामग्री तैयार करने के लिए, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आरआइइ), भुवनेश्वर और ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूओ) द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने इस अवसर पर संबोधित किया। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा शुरू की गयी इस नेक पहल में सहयोग और मार्गदर्शन के लिए एनसीइआरटी के निदेशक प्रो दिनेश प्रसाद सकलानी और आरआइइ के प्रिंसिपल प्रो प्रकाश चंद्र अग्रवाल को धन्यवाद दिया।




डॉ बसंत कुमार पांडा की अध्यक्षता और डॉ महेंद्र कुमार मिश्रा और श्री शिवशंकर पटनायक की देखरेख में कार्यशाला में कुई और देसिया भाषाओं में शिक्षण सामग्री तैयार की गयी।

सेमिलिगुडा के कुई समाज के सदस्यों वे हबिका रबी, बिगयान सांता, सचिव, विश्वनाथ दिसारी, सना जानी, बिनोद मंडिंगी, दामोदर जानी, अनिल सारिका, रुद्र सांता, स्याम सुंदर पुजारी, श्रीधर जानी, हुलका सुनाम जानी और सना जानी ने विश्वविद्यालय का दौरा किया और समिति के सदस्यों के साथ बातचीत की।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय शिक्षा केंद्र, भुवनेश्वर ने कुई और देसिया भाषाओं में पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के लिए कुई और देसिया भाषा के विशेषज्ञों की दो समितियों का गठन किया था। कुई भाषा में पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के लिए समिति के सदस्य डॉ परमानंद पटेल, डॉ दिलेश्वर राणा, डॉ गोविंद चंद्र पे पेंटाई, सुरेश खोरा, बीरेंद्र मदनगी, सना सांता, हनाक तडिंगी और त्रिनाथ खोरा हैं। इसके विपरीत देसिया भाषा में पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के लिए समिति में डॉ राजेंद्र पाधी, डॉ गोपबंधु मोहंती, डॉ कपिला खेमोंडू, डॉ रुद्राणी मोहंती, सोमनाथ अमानत्य, गीतांजलि पुजारी, नारायण माझी, गोविंद कुमझरिया और सुरेंद्र तांती शामिल थे। इस अवसर पर डीएआइटी, जयपोर के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ जुगल किशोर मिश्रा और विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ फगूनाथ भोई उपस्थित थे।

अगली कार्यशाला ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट में काम को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित की जायेगी।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर टाटा स्टील फाउंडेशन मेरामंडली ने युवाओं के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दिन टाटा स्टील फाउंडेशन के रिस्ता प्रोजेक्ट द्वारा युवाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का मुख्य विषय था "समाज को पोषण की जरूरत है, तम्बाकू की नहीं"। रिस्ता के सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया और युवाओं को तंबाकू सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभावों की जानकारी दी। रिस्ता प्रोजेक्ट द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के अलावा बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कलांग, बांगूरुसिंह, गुणदेइ और शिबपुर पंचायतों के 8 गाँवों के लगभग 100 बच्चों ने तंबाकू की लत विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन किशोर स्वास्थ्य सहायकों अमूल्य बेहेरा, प्रियदर्शिनी बेहेरा, प्रियंका बेहेरा और श्रीनिवास बेहेरा द्वारा सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था, जबकि विनीता तपनो और सुबास बेहेरा उपस्थित थे और प्रतियोगिता के परिचालना में उनकी सहायता की। इस अवसर पर टाटा स्टील मेरामंडली की चिकित्सा सेवा टीम के सदस्यों ने जी-4 आवासीय कालोनी में मौखिक परीक्षा व जागरूकता शिविर का आयोजन किए थे. इस शिविर में कॉलोनी के 56 लोगों ने भाग लिया।

टाटा स्टील मेरामंडला की चिकित्सा सेवा टीम के सदस्यों ने शिविर के प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में अवगत कराया।

# इस वर्ष के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 10 लाख की सहायता की घोषणा

### इलाज के लिए जाने वाले मालकानगिरी के गरीब, आदिवासी लोगों को फायदा होगा

### विशाखापत्तनम में ओडिशा रोगी सहायता केंद्र की सुविधा जारी रहेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्य सरकार ने विशाखापत्तनम में राज्य सरकार द्वारा खोले गए 'मरीजों की सुविधा केंद्र' की अवधि एक साल (2023-24) के लिए बढ़ाया गाया और इसके लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 10 लाख रुपये प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने आज इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे मालकानगिरी से विशाखापत्तनम जाने वाले गरीबों और आदिवासियों को चिकित्सा सुविधा मिलती रहेगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने 2016 से विशाखापत्तन में एक रोगी सहायता केंद्र स्थापित किया है।



चूंकि विशाखापत्तनम मालकानगिरी जिले के बहुत करीब है और वहां उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं हैं, इसलिए जिले के अधिकांश मरीज इलाज के लिए वहां जाते हैं। उन्हें रोगी सहायता केंद्र में मुफ्त रहना और भोजन प्रदान किया जाता है। वर्ष 2016 से 2022 के बीच राज्य सरकार ने इस राहत केंद्र को मुख्यमंत्री के राहत कोष से 55 लाख रुपये की सहायता प्रदान किया गया है। 2016 में 25 लाख रुपये और 2020, 2021 और 2022 में 10 लाख रुपये दिया गया है।

# राज्यरानी एक्सप्रेस कुहुरी में रुकेगी और पुरी-दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस मंचेश्वर में रुकेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** यात्रियों की सुविधा और यात्रियों की मांगों को देखते हुए हावड़ा-टिटिलागड/ कंटाबांजी - हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस और पुरी-दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस का डुंगरीपाली स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर स्टॉपेज देने का निर्णय लिया गया है।

**डूंगरीपाली में रुकेगी इस्पात एक्सप्रेस:** 22861/22862 हावड़ा-कंटाबांजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस दोनों दिशाओं स 2 जून को डूंगरीपाली स्टेशन पर स्टॉपेज होगा। इसी तरह, 12871/12872 हावड़ा-टिटिलागड-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस हावड़ा से 3 जून और टिटिलागड से 4 जून को डूंगरीपाली स्टेशन पर स्टॉपेज होगा। हावड़ा से यह ट्रेन 1718 बजे डूंगरीपाली पहुंचेगी और 17.20 बजे रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन कंटाबांजी/टिटिलागड से 6.50 बजे डूंगरीपाली पहुंचेगी और 6.52 बजे रवाना होगी।

**डूंगरीपाली में रुकेगी पुरी-दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस:** 18425/18426 पुरी-दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस पुरी से 1 जून और दुर्ग से 2 जून को डूंगरीपाली स्टेशन पर स्टॉपेज होगा। यह ट्रेन पुरी से 3.45 बजे डूंगरीपाली पहुंचेगी और 3.47 बजे रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन दुर्ग से 22.48 बजे डूंगरीपाली पहुंचेगी और 22.50 बजे रवाना होगी।

**कुहुरी में रुकेगी राज्यरानी एक्सप्रेस :** 18117/18118 राउरकेला-गुनुपुर-राउरकेला राज्यरानी एक्सप्रेस राउरकेला से 3 जून और गुनपुर से 4 जून को कुहुरी स्टेशन पर स्टॉपेज देगी। यह ट्रेन राउरकेला से 7.22 बजे कुहुरी पहुंचेगी और 7.24 बजे रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन गुनपुर से 2041 बजे कुहुरी पहुंचेगी और 20.43 बजे रवाना होगी।

**मंचेश्वर में रुकेगी पुरी-दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस :** 18425/18426 पुरी-दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस दोनों दिशाओं से 4 जून को मंचेश्वर स्टेशन पर स्टॉपेज होगा। यह ट्रेन पुरी से 20.42 बजे मंचेश्वर पहुंचेगी और 20.44 बजे रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन दुर्ग से 6.55 बजे मंचेश्वर पहुंचेगी और 6.57 बजे रवाना होगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# अगवा कर नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला से एक नाबालिग लड़की के अपहरण और फिर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दो आरोपियों ने लड़की को अगवा किया। पहले दोनों ने बलात्कार किया, फिर फोन कर अपने अन्य दोस्तों को बुलाया। उन दोस्तों ने भी नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद सभी फरार हो गये। घटना की जानकारी दूसरे दिन लोगों को मिली। इस बीच लड़की और उसके परिजनों को धमकाने का भी प्रयास हो रहा है। हालांकि इसकी शिकायत पुलिस को की गयी है और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना गुमला सदर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। वहां शादी थी। बारात किसी दूसरे गांव से आयी थी। जिस गांव में शादी हो रही थी, वहीं की कक्षा 10 क्लास में पढ़नेवाली एक नाबालिग लड़की समारोह में शामिल होने के लिए आयी थी। रात करीब 11 बजे पीड़िता को दो लड़के स्कूटी में बैठा कर जबरन ले गये। गांव से थोड़ी दूर पर सुनसान इलाके में एक पेड़ के नीचे गाड़ी रोकी और दोनों ने मिल कर नाबालिग के साथ बलात्कार किया। इसके बाद फोन कर अपने तीन दोस्तों को वहां बुलाया। फिर पांचों युवकों ने मिल कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## लोहरदगा में आरएसएस का बीस दिवसीय प्रथम वर्ष प्रशिक्षण वर्ग का समापन समारोह

# स्वार्थी तत्व सरना को लेकर समाज में विभेद पैदा करना चाहता: डॉ सुखी उरांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** समाज में समरसता का भाव लेकर राष्ट्र निर्माण की बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करता है। आज अपने समाज को कुछ स्वार्थी तत्व सरना विषय को लेकर भेद पैदा करने की कोशिश कर हिन्दू समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे है। ऐसे देश- समाज विरोधी शक्ति से हमे सचेत रहना चाहिए। उपरोक्त बाते आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा लोहरदगा के शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित 20 दिवसीय प्रथम वर्ष प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ सुखी उरांव जी ने अपने संबोधन में कहा। 20 दिवसीय इस प्रशिक्षण समापन समारोह के अवसर पर उपस्थित शिक्षार्थियों से आह्वान किया जो कठोर प्रशिक्षण आपने प्राप्त किया वह यहां से जाकर अपने ग्राम में, अपने समाज को सिखाये।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी भवेशानंद ने कहा 20 दिवसीय इस प्रशिक्षण के द्वारा आपके द्वारा किये गये कुछ शारीरिक प्रस्तुति स्वामी विवेकानंद जी के सपनो को साकार कर रही है। उनका युवाओं से जो आशा थी, जिसकि उन्होंने कल्पना की थी संघ वह साकार कर हिन्दू समाज को बलशाली वैभवशाली बना रही है।

मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद ने शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संघे शक्ति कलीयुगे, इस नाते इस प्रशिक्षण के द्वारा हम अपने को अपने हिंदू समाज को कैसे संगठित कर सकते है इस भाव को यहां हमसबने सीखा है। संघ संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में संघ की स्थापना की और संघ व्यक्ति निर्माण के द्वारा भारत को परम वैभव पर ले जाने को प्रतिबद्ध है। अपना हिंदू समाज बलशाली हो संगठित हो इस नाते अपना कार्य दैनिक शाखा के माध्यम से व्यक्ति का निर्माण करना है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की अपना हिंदू समाज सतत विदेशियों का मुकाबला भी किया इस निमित अपना इतिहास संघर्षों का इतिहास रहा है। उन्होंने आह्वान किया हम सब एक हो,संगठित हो हम सब श्रेष्ठ हिंदू के नाते एक बने ऐसा भाव हम सभी हिंदू समाज में पुष्ट हो।भारत हिंदू राष्ट्र है इसमें संघ को किसी प्रकार का संशय नहीं है। सत्ता परिवर्तन का साधन नहीं है। विश्व का कल्याण हिंदू संस्कृति से ही संभव है।

विदित हो की लोहरदगा में आयोजित इस 20 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल 244 शिक्षार्थी जो 92 खंडों 39 नगरों 113 मंडल, 53 बस्ती के 159 स्थानों से उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण वर्ग में पेशे से चिकित्सक, वैज्ञानिक प्राध्यापक, अभियंता और कृषक पेशे के लोग भाग लिये। संबोधन से पूर्व झारखंड के सुदूर क्षेत्र से प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थी दंड, नियुद्ध, यष्टि, पद विन्यास, दंडयुध, दंड योग, आसन और व्यायाम का भव्य सामूहिक प्रदर्शन किया।

घोष प्रदर्शन के शिक्षार्थियों ने घोष के अनेक ताल, लय का मनमोहक प्रस्तुति किया। झारखंड प्रथम वर्ष संघ शिक्षा वर्ग - समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्वामी भवेशानंद, विशिष्ट अतिथि डॉ सुखी उरांव, वर्गाधिकारी सकलदेव, क्षेत्र प्रचारक रामनवमी, प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल जी मंच पर उपस्थित थे।

# गुमला के छह मजदूरों के साथ केरल में मारपीट

**गुमला।** जिले के मुरूमसोकरा गांव के छह मजदूरों के साथ मारपीट व जबरदस्ती काम कराया जा रहा है। गांव के ही जीतू उरांव के माध्यम से मजदूरी कराने के लिए केरल ले जाया गया था। केरल जाने बाद मजदूरों के साथ जोर जबरदस्ती व मारपीट करने का मामला सामने आया है। जब मजदूरों द्वारा ऐजेंट जीतू उरांव से अपनी मजदूरी मांगी जाती है तो उसके द्वारा गाली गलौज और मारपीट कराकर दफना देने की धमकी दी जाती है।

**पूर्व तट रेलवे**

सं. MCS/Stores/E-Procure/Tender Notice/89, दिनांक 26.05.2023

निविदा सं. 92235397

**विवरण:** RDSO विनिर्देश सं. RDSO/PE/SPEC/AC/0203-2020 (Rev.0) के अनुसार LHB टाइप AC कोचों की स्वीच बोर्ड कैबिनेट के लिए उपयुक्त 200VA कंट्रोल ट्रांसफॉर्मर 750/415V, टाइप-II, 50Hz, सिंगल फेज, "H" क्लास इंसुलेशन, ड्राई टाइप एवं एयर कूल्ड के साथ परिपूर्ण फ्यूज। (मात्रा: 360 Nos)। वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के उपरांत 30 महीने।

EMD (ईएमडी): रु. 64,140.00

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 19.06.2023 को 1500 बजे।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/कैरेज रिपेयर वर्कशॉप/मंचेश्वर, भुवनेश्वर

PR-232/O/23-24

# लौटी संबंधों में गर्मजोशी

नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहाल प्रचंड की गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती देने के लिहाज से खासी अहम रही। दोनों के बीच एनर्जी, कनेक्टिविटी और व्यापार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने को लेकर विस्तृत बातचीत हुई और कई क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं को रेखांकित किया गया, लेकिन इस यात्रा की सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों देशों के संबंधों में पिछले कुछ समय से गर्मजोशी की जो कमी दिख रही थी, वह दूर होती महसूस हुई। दोनों निकटतम पड़ोसी देशों के बीच सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक संबंधों की पुरानी और समृद्ध परंपरा रही है। इनके बीच पांच राज्यों- सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड- से लगती 1850 किलोमीटर लंबी सीमा है। सीमा के आर पार रोटी-बेटी का रिश्ता सदियों से बना हुआ है। इन सबके बावजूद पिछले वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में असाधारण गिरावट देखी गयी थी। जहां नेपाल में ऐसा माहौल बना कि भारत उस पर हावी होना चाहता है और उसके क्षेत्रों को हड़पना चाहता है, वहीं भारत में यह धारणा मजबूत हुई कि नेपाल के कुछ नेता चीन के इशारे पर भारत के लिए परेशानी खड़े करने वाली नीति अपनाने पर तुले हुए हैं। बहरहाल, अच्छा है कि वह दौर बीता और अनावश्यक टकराव के बजाय आपसी सौहार्द और सहयोग के जरिये विकास की गति तेज करने की इच्छा नीति निर्माण के केंद्र में आयी। पिछले साल दिसंबर में पद ग्रहण करने के बाद से ही प्रचंड इस बात को लेकर सतर्क दिखे कि उनके किसी कदम से भारत में गलतफहमी न बने। संभवतः इसीलिए यहां आने से पहले उन्होंने चीन के बोआओ फोरम फॉर एशिया का निमंत्रण ठुकरा दिया। भारत के लिए नेपाल की अहमियत द्विपक्षीय रिश्तों के संदर्भ में तो है ही, पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में शांति और सहयोग का माहौल बनाये रखने के लिहाज से भी है। प्रचंड की इस यात्रा में यह बात रेखांकित हुई कि परस्पर सहयोग, सम्मान और विश्वास का रिश्ता न केवल इन दोनों देशों के लिए बल्कि इस पूरे क्षेत्र में शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। उदाहरण के लिए, बिजली को ही लें तो भारत तो नेपाल से बिजली खरीद ही रहा है, नेपाल भारत के रास्ते बांग्लादेश को भी बिजली की सप्लाई करना चाहता है। बांग्लादेश की भी दिलचस्पी इस प्रॉजेक्ट में है। यह प्रॉजेक्ट आगे बढ़ता है तो तीनों देश लाभान्वित होंगे। ऐसे अन्य मामले भी हैं। बेशक दोनों देशों में सीमा विवाद भी हैं, जो कुछ समय पहले उग्र रूप में सामने आये थे, लेकिन ऐसे विवाद शांति, सहयोग और विश्वास के माहौल में बातचीत के जरिए बेहतर ढंग से सुलझाये जा सकते हैं। इसीलिए दोनों पक्षों ने उन पर जोर देने के बजाय सहयोग और सामंजस्य बढ़ाने की नीति अपनायी है। उम्मीद है कि दोनों देश आपसी समझदारी से अपने पारंपरिक रिश्तों को पीएम मोदी के शब्दों में हिमालय सी ऊंचाई देने में कामयाब होंगे।

> **भारत के लिए नेपाल की अहमियत द्विपक्षीय रिश्तों के संदर्भ में तो है ही, पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में शांति और सहयोग का माहौल बनाये रखने के लिहाज से भी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**2013 से गूगल में कार्यरत हिंटन ने एआइ को मानवता के कल्याण के लिए बनाया था, पर इसके खतरनाक स्वरूप का अंदाजा लगते ही इनका मन इतना बेचैन हो गया कि विश्व को इस खतरे से आगाह करने के लिए इन्होंने गूगल से इस्तीफा ही दे दिया। आइंस्टीन की तरह पछताने लगे कि काश एआइ का निर्माण उन्होंने नहीं किया होता।**

# एआइ बदल देगी दुनियां : सतर्क रहिए



**सुषमा शंकर**



एटम बम को बनाने का विचार देकर अल्बर्ट आइंस्टीन बहुत पछताये थे, पर बाद में यही हाल वर्तमान में जेफरी हिंटन का है, जिन्होंने एआइ अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी : कृत्रिम बुद्धिमता) का निर्माण करने के बाद गूगल की नौकरी छोड़ दी। इन्होंने एआइ में पीएचडी करने के बाद कई टेक्नोलॉजी का निर्माण किया और नोबेल पुरस्कार जीता। 2013 से गूगल में कार्यरत हिंटन ने एआइ को मानवता के कल्याण के लिए बनाया था, पर इसके खतरनाक स्वरूप का अंदाजा लगते ही इनका मन इतना बेचैन हो गया कि विश्व को इस खतरे से आगाह करने के लिए इन्होंने गूगल से इस्तीफा ही दे दिया। आइंस्टीन की तरह पछताने लगे कि काश एआइ का निर्माण उन्होंने नहीं किया होता। विज्ञान हमेशा जन कल्याण के लिए होता है, परंतु जो जानकारी वॉरेन बफेट (बर्कशायर हैथवे के सीइओ) ने दिया वह आम इंसान को भयभीत करने वाली है। उन्होंने एआइ को आइंस्टाइन के खतरनाक एटम बम से भी बड़ा खतरा बताया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडर्न अप्रोच के लेखक ने तो एआइ की तुलना चेरनोबिल दुर्घटना से कर दी। आखिर इन चिंताओं का कारण क्या है, जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी का निर्माण मानव जीवन को और भी ज्यादा सुगम बनाने के लिए किया गया। इसे भी मानवता के कल्याण के लिए ही बनाया गया है जैसा कि कोई भी निर्माण या अविष्कार होता है। फिर अपने ही आविष्कार और निर्माण पर मनुष्य क्यों सहम जा रहा है, जबकि अभी भी एआइ के क्षेत्र में 58 फीसदी नियुक्तियां वांछित हैं। एक ओर ग्लोबलाइजेशन, जी 20 के एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य के उद्देश्य को सर्वोपरि बताया जा रहा है, तो दूसरी ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी खतरनाक प्रतीत होने वाले निर्माण किये गये? और इसके निर्माण की अनुमति कैसे दी गयी अगर यह विनाशकारी है? भारतीय दर्शन ने हर क्षेत्र में अति सर्वत्र वर्जयेत की विधा को ध्यान में रखने को कहा है, परंतु भौतिकता एवं विज्ञान की दौड़ में हमने कब अति कर दिया। इसका अंदाजा थोड़ी देर से हुआ। असीम एवं अनियंत्रित वैज्ञानिक विकास भी खतरनाक होता है, ये सत्य आज कटु रूप में विश्व के सामने प्रस्तुत है। आज एआइ जलवायु संकट से भी बड़ा संकट बनने को तैयार है।

> **वीडियो वायरल करना, रिज्यूमे लिखना चुटकियों में करता है। इसने गूगल टेस्ला आदि कंपनियों को भी भयंकर प्रतिस्पर्धा में धकेल दिया है।**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी या कृत्रिम बुद्धिमत्ता आखिर है क्या? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी का अर्थ है कि मानवीय बुद्धिमता को मशीनों में भर दिया जाना। इसका निर्माण मानव जीवन को सुगम एवं सुखद बनाने के लिए किया गया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अर्थ है टेक्नोलॉजिकल विज्ञान की वह शाखा, जिसके अंतर्गत मशीनें समय एवं परिस्थिति का आकलन करने के बाद निर्णय लेती हैं, कार्य करती हैं, जैसा कि एक मानव करता है। अर्थात मनुष्य की भांति ही मशीनें भी सोच सकती हैं, काम करती हैं (जैसे हॉलीवुड फिल्मों में होता है)। इससे भी आगे व्यक्ति की आवाज को स्टोर कर 2डी, 3डी, होलोग्राम तथा अन्य तकनीकी का उपयोग करके मौत के बाद भी व्यक्ति को ज़िंदा किया जा सकेगा. इसका क्षेत्र अत्यंत विकसित है। जैसे मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, रोबोटिक्स, परिधि प्रौद्योगिकी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स आदि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी टेक्नोलॉजी की शाखाएं हैं। इसके अंतर्गत कृत्रिम दिमाग मशीनों में डाल दिया जाता है, जिससे वह इंसानों की तरह सोच-समझ सके। इनमें कुछ प्रौद्योगिकी में तो मानवीय हस्तक्षेप ना के बराबर है और कुछ में मानव के सहयोग से कार्यों का संपादन किया जाता है।

ज्ञातव्य है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी का प्रयोग भविष्य में ही नहीं, वर्तमान में भी हो रहा है। इसकी पहुंच चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत ज्यादा है। जटिलतम ऑपरेशन को मशीनों द्वारा करने तथा दूर-दराज के क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा पहुंचाने आदि में आसानी से किया जा रहा है। विनिर्माण उद्योगों में मशीनों द्वारा ज्यादा उत्पादन कम समय एवं कम लागत में संभव है, जिससे महंगाई पर रोक लगायी जा सकती है। सीमा की सुरक्षा में जवानों के जान-माल को बचाया जा सकता है। अगर मशीनों द्वारा निगरानी का काम किया जा सके। वित्तीय लेनदेन, साफ-सफाई, विद्युत क्षेत्र में जनजीवन को सुरक्षित किया जा सकता है। कर्मचारियों की जान जोखिम से बचायी जा सकती है। खनन-अन्वेषण में गहरी खदानों में मशीनों का प्रयोग किया जा सकता है। चालक रहित वाहन का प्रयोग किया जा सकता है। ब्रह्मांड में विभिन्न खोज संभव है। कृषि क्षेत्र में जलवायु संबंधी स्टडी से फसल की सुरक्षा आदि संभव है। इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में मशीनों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को दी जा सकती है। एआइ टेक्नोलॉजी बिजनेस के क्षेत्र में काफी प्रभावी होगी, ऐसा माना जा रहा है।

सत्य तो यह है कि वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी का प्रयोग शुरू हो चुका है। अब आगे कहां तक जायेंगे, यह कहा नहीं जा सकता। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रोडक्ट एवं एप्लीकेशन वर्तमान में भी उपयोग में लाये जा रहे हैं। मसलन एप्पल द्वारा प्रदत वर्चुअल असिस्टें 'शीरी', एलेक्सा, गूगल असिस्टेंट आदि का प्रयोग वर्तमान में हो रहा है। इसमें कोई भी इंफॉर्मेशन ढूंढना, मैसेज करना, टाइमर कैलेंडर सेट करना या फोन कॉल करना संभव है। टेस्ला के ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में सेल्फ ड्राइविंग तथा अन्य नवाचारों का प्रयोग शुरू हो चुका है। गूगल मैपींग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी का काफी अच्छा प्रयोग किया गया है। इसी प्रकार नेस्ट लर्निंग थर्मोस्टेट व्यक्ति के व्यवहार एवं दिनचर्या के आधार पर इंटेलिजेंटली ऊर्जा बचत करता है। व्यक्ति की गैरमौजूदगी में यह स्वयं ही टर्न ऑफ हो जाता है, ताकि ऊर्जा की बचत हो सके। अमेजन की 'ईको' यातायात, मौसम, स्पोर्ट्स स्कोर, ऑडियो बुक रीडिंग आदि कार्य आसानी से करता है। माइक्रोसॉफ्ट की ओपन आइ ने चैट जीपीटी का निर्माण कर दुनिया में एक क्रांति ला दी है। क्योंकि यह एक क्वेरी टूल है, जो किसी भी प्रश्न का जवाब बुद्धिमतापूर्ण तरीके से दे सकता है। चाहे विद्यार्थियों के नोट्स बनाना हो, पार्टी प्लानिंग, कौन सी टूर बेस्ट होगी आदि आदि। विश्व में दस करोड़ लोग इसका उपयोग कर रहे हैं। यह नयी सूचनाओं को एकत्र कर एक डेटाबेस बनाती है और प्रश्न का निराकरण करती है। वीडियो वायरल करना, रिज्यूमे लिखना चुटकियों में करता है। इसने गूगल टेस्ला आदि कंपनियों को भी भयंकर प्रतिस्पर्धा में धकेल दिया है। टेस्ला के सीइओ एलोन मस्क चैट बोट लॉन्च करने ही वाले हैं। बड़ा सवाल है कि इतनी सारी खूबियां जीवन में लाने वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी से डरने की जरूरत ही क्यों है? इसका सीधासा जवाब है कि मशीनें जब मानवीय बुद्धिमत्ता को पार कर जायें या मरे हुए इंसान को पुनः जीवित कर दे, तो कई विकृतियां पैदा हो जायेंगी। मसलन, सर्वप्रथम जो काम मानव कर रहा था, वह अब मशीनों को मिल जायेगा। अर्थात रोजगार सृजन का लक्ष्य अब बुरी तरह रोजगार की कमी में तब्दील हो जायेगा। व्यक्ति का काम मशीनें छीन लेंगी। ये ज्यादा सक्षम और कम नुकसानदेह होंगी मानव की तुलना में। फिर भला मशीनों की बजाय मनुष्य को कोई रोजगार क्यों देगा? हमने देखा है कि कंप्यूटर के आने के बाद हाथों से किये जाने वाले बही खाते का काम मानव से छिन गया और अकाउंट्स के काम मशीनों को मिल गये। चिकित्सा, पर्यटन, वित्तीय और कानूनी क्षेत्र में भी मशीनों का उपयोग बढ़ जायेगा। डिजिटल सुप्रीमेसी या यूं कहें कि डिजिटल कॉलोनियलिज्म की शुरुआत संभव है, क्योंकि धनी देश गरीब देश की तुलना में आगे रहेंगे और टेक्नोलॉजी का उपयोग अपनी ही भाषा में करेंगे, तब गरीब देशों को इन्हीं अमीर देशों से डेटाबेस लेना पड़ेगा, जो कि पराधीनता की स्थिति बनाएगा। या यूं कहें कि भौगोलिक उपनिवेशवाद तो नहीं लेकिन तकनीकी उपनिवेशवाद की शुरुआत हो जायेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी मानव को ही नियंत्रित करने लग जायेगी, यह बहुत खतरनाक स्थिति होगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी इसमें भी निरंतर सुधार लाने को स्वतंत्र होगी उस पर कोई सैद्धांतिक पाबंदी नहीं है। अतः मशीनें मनुष्य की क्षमता से भी ज्यादा पावरफुल इंटेलिजेंसी को प्राप्त कर लेगी। ज्ञातव्य है कि मानव मस्तिष्क में इंटेलिजेंसी के अलावा भी अनेकों भावनाएं होती हैं, जिसके आधार पर वह निर्णय लेता है, किंतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी में ऐसी अपेक्षा नहीं होगी। वह मानवीय इंटेलिजेंस को ओवरटेक कर जायेगा और मनुष्य को ही कंट्रोल करने लगेगा। ज्यादा खतरे की संभावना तब हो सकती है, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी की बागडोर अमीर देशों तथा नकारात्मक लोगों के हाथों में चली जाये और ऐसी संभावना बहुत ज्यादा है, क्योंकि पर्सनल डाटा के आधार पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी का उपयोग होता है। अतः इसका सही प्रयोग ना होने पर डाटा प्राइवेसी में नुकसान संभव है। दूसरा यह कि मानव की निर्भरता मशीनों पर इतनी ज्यादा हो जायेगी कि अगर मशीनें और कंप्यूटर काम ना करें तो काफी उथल-पुथल हो सकती है मानव जीवन में। अतः मानवीय पारंपरिक बुद्धिमता का भी पालन जरूर से होता रहे इसकी व्यवस्था करनी होगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी के खतरे की संभावना को भांपते हुए विश्व में आने वाली परेशानियों को रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तमाम बड़ी कंपनियों के प्रमुख अफसरों से अचानक बैठक की, जिसमें गूगल के सुंदर पिचाई, माइक्रोसॉफ्ट के सत्या नडेला, ओपन आई के सेम आल्टमैन, एंथ्रोपिक के डारियो अमोदी और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस सहित कई विशेषज्ञ शामिल हुए। बैठक में संबंधित कंपनियों को कानूनी तौर पर जिम्मेदारी लेने को कहा गया। इन्हें जवाबदेही लेनी पड़ेगी कि इनके उत्पाद पूरी तरह सुरक्षित हों। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी को विस्फोटक बनने से रोकने के लिए वैज्ञानिक समुदाय जोर लगा रहे हैं, परंतु प्रकृति निर्मित मानव के दिमाग से ज्यादा शक्ति शाली मानव निर्मित मशीनें हो जायेंगी तो डर की बात तो जरूर है, लेकिन अब रुकने और सोचने की जरूरत है कि क्या पहले ही विश्व में कम समस्याएं थीं, जो ये अनियंत्रित चुनौती हमने ले ली। बेहतर तो यही होगा कि मानव अब प्रकृति की ओर लौटे इसी में सबकी भलाई है।

**(लेखिका : मां द्रौपदी फाउंडेशन की निदेशिका हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जिला परिषद ने सड़कों के पुनर्निर्माण को लेकर अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**आजाद सिपाही संवाददाता**


**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित जमशेदपुर प्रखंड के सड़क काफी जर्जर स्थिति मे है। आम राहगीरों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आए दिन दुर्घटना का संभावना बनी रहती है। लोग दुर्घटना के शिकार भी हो रहे है। शुक्रवार को जनता की परेशानियों को देखते हुए क्षेत्र के पार्षद पूर्णिमा मलिक ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को मांग पत्र सौपकर समाधान के लिए अपील की। उन्होंने कहा परसुडीह के गोलपहाड़ी मोड़ से शीतला चौक, शंकरपुर से गोविन्दपुर तक सड़क काफी जर्जर स्थिति में है। दूसरी ओर जुगसलाई टाटा पिगमेंट गेट से स्टेशन रोड स्थित जीआरपीएफ थाना तक और संकटा सिंह पेट्रोल पंप से स्टेशन पुलिया ऊपर स्टार्ट टॉकीज तक सड़क का मरम्मत कराया जाय। ताकि आम लोगों को परेशानियों से राहत मिल सके। मौके पर सेवा ही लक्ष्य के अध्यक्ष मानिक मालिक ने कहा मुख्य सड़क से गुजरने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समस्या समाधान नहीं हुआ तो, सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर देवव्रतो बिस्वास, सुप्रीयो, मिलन मजूमदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सरयू राय ने कहा: टी-शर्ट और टॉफी मामले में मुझसे गलत जवाब दिलाना चाहती थी रघुवर सरकार

## शिक्षा परियोजना के रतन श्रीवास्तव ने सरकार को गलत रिपोर्ट दी थी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने कहा है कि वर्ष 2016 में स्थापना दिवस में बच्चों के बीच टी-शर्ट और टॉफी वितरण के नाम पर तत्कालीन रघुवर सरकार में जो भ्रष्टाचार हुआ, उसकी परतें अब खुलने लगी हैं। रघुवर सरकार के कार्यकाल में ही विपक्ष के विधायक अरूप चटर्जी और प्रदीप यादव ने इस संबंध में सवाल पूछे थे। तत्कालीन संसदीय कार्यमंत्री सरयू राय को सरकार की ओर से जवाब देना था। उस प्रकरण की जानकारी देते हुए सरयू राय ने बताया कि सरकार की ओर से जो उत्तर आया, उससे वह संतुष्ट नहीं थे। अधिकारियों से पूरे तथ्य के साथ जवाब देने को कहा गया था, लेकिन वह फाइल दोबारा आयी ही नहीं। सरयू राय ने कहा कि जब वह खुद निर्दलीय विधायक बने, तो इस मामले को लेकर तीन-तीन बार सवाल किये, लेकिन सरकार की ओर से भ्रामक और अधूरे जवाब मिले। मामले को अनागत प्रश्न समिति में भेजा गया।



इसमें सभापति रामचंद्र चंद्रवंशी और सदस्य नीरा यादव सहित भाजपा के चार विधायक थे। कमेटी ने भी माना था कि टी-शर्ट और टॉफी वितरण में अनियमितता हुई है। श्री राय ने कहा कि अक्तूबर 2016 के अंत में स्थापना दिवस पर टी-शर्ट और टॉफी बांटने का निर्णय लिया गया। रांची के तत्कालीन डीसी मनोज कुमार को इसकी जिम्मेवारी दी गयी। डीसी ने कम समय में टेंडर करा पाने पर असमर्थता जतायी, तो नॉमिनेशन पर काम देने की बात हुई। स्थानीय सप्लायर तैयार नहीं थे। श्री राय ने आरोप लगाया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के पीएस अंजन सरकार, पवन अग्रवाल और ओएसडी राकेश चौधरी ने डीसी को प्रभावित कर जमशेदपुर के लोगों को काम दिलाया। प्रकाश शर्मा नाम के एक व्यक्ति ने लुधियाना के कुडूक फेब्रिक्स से टी-शर्ट सप्लाई कराने की बात कही। जमशेदपुर की एक छोटी सी दुकान के संचालक लाला इंटरप्राइजेज से टॉफी का सप्लाई दिखायी गयी। इसमें 5.5 करोड़ की लागत आयी थी। शिक्षा परियोजना के अधिकारी ने दी गलत रिपोर्ट विधायक श्री राय ने कहा कि शिक्षा परियोजना के रतन श्रीवास्तव ने सरकार को गलत रिपोर्ट दी थी कि सभी जिलों के डीओ-डीएसइ ने टॉफी और टी शर्ट रिसीव कर अपने-अपने जिलों में बंटवा दिये। श्री राय ने कहा कि सरकार की ही रिपोर्ट है कि 13 और 14 नवंबर को टीशर्ट और टॉफी की आपूर्ति हुई। ऐसे में अगले ही दिन 15 नवंबर की सुबह तक राज्यभर के स्कूलों में इन्हें कैसे पहुंचाया जा सकता है 15 नवंबर की सुबह ही बच्चों को प्रभात फेरी निकालनी थी, जिसमें ये टी-शर्ट उन्हें पहनने को देने की बात कही गयी है।

# भाजपाइयों ने पूर्वी और पोटका विधानसभा के प्रमुख विकास स्थलों का किया भ्रमण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर पार्टी के विशेष महाजनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को भाजपा झारखंड प्रदेश के द्वारा निर्देशित दो दिवसीय विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत भाजपा नेताओं ने दो विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख विकास योजनाओं का भ्रमण किया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और राज्य में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में विकसित प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया गया। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार और महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव शामिल रहे। सभी ने सिदगोड़ा क्षेत्र में बने महिला विश्वविद्यालय, प्रोफेशनल कॉलेज और बिरसानगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवास व पोटका के सिदिरसाई रेलवे हॉल्ट, रंकिणी माता मंदिर के बने फ्लाईओवर और आसनबनी में विद्युत सब-स्टेशन का भ्रमण किया। मौके पर भाजपा नेता और कार्यकताओं ने राज्य सरकार के विकास विरोधी सोच के खिलाफ जमकर हमला बोला। सांसद श्री महतो ने कहा कि राज्य में पूर्व में डबल इंजन की सरकार विकास दोगुनी रफ्तार से की थी। लेकिन हेमंत सरकार के आते ही विकास कार्यों पर ग्रहण लगा हुआ है। बीते साढ़े तीन साल में दर्जनों योजनाएं उदासीन रवैये और विकास विरोधी मानसिकता के कारण आगे नही बढ़ी है। सांसद ने कहा महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से पूर्व की रघुवर सरकार में राज्य के पहला महिला विश्वविद्यालय की स्थापना जमशेदपुर में की गयी। 18 एकड़ में फैले यह विश्वविद्यालय राज्य सरकार के उदासीनता के कारण कई सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने युवाओं के तकनीकी और बेहतर शिक्षा हेतु बनाये गए प्रोफेशनल कॉलेज में पढ़ाई शुरू ना होने पर चिंता जाहिर की। मौके पर जिला महामंत्री अनिल मोदी, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, पूर्वी विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर मिश्रा, बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर, सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, बिरसानगर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, सुदीप डे, चंचल चक्रवर्ती, राजू सरदार, रमेश नाग, कुमार अभिषेक, मिथिलेश साव, रंजीत सिंह, ओम पोद्दार, रविन्द्र सरदार, खेला राम बेसरा, होपना महाली, मनोज सरदार समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रंका अनुमंडल वासियों को दिलायी शपथ



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय के सिंजो गांव में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रंका अनुमंडल वासियों को तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने शपथ दिलाने के क्रम में कहा कि मैं एवं हम सब जीवन में कभी तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करूंगा और अपने परिजनों, शुभ चिंतकों, परिचितों एवं मित्रों को भी तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा। शपथ ग्रहण के दौरान सभी लोगों ने शपथ ली कि हमें 'भोजन चाहिए, तंबाकू नहीं' के उद्देश्यों को पूरा करने में सहयोग करूंगा। साथ ही तंबाकू सेवन से होने वाले खतरों से लोगों को अवगत कराऊंगा तथा कार्य स्थल, कार्यालय परिसर आदि को तंबाकू मुक्त करने में अपनी क्षमताओं का प्रयोग करूंगा। अपने समाज को तंबाकू मुक्त बनाने में अपना संपूर्ण योगदान दूंगा। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, रंका प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, रंका बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, अरविंद सोनी, सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, खरडीहा पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बृजनाथ सिंह इंटर महाविद्यालय में इंटर का नामांकन 5 जून से

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित बृजनाथ सिंह इंटर महाविद्यालय बलिगढ़ की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर महाविद्यालय में सत्र 2023-25 इंटर के तीनों संकाय कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में 5 जून से नामाकंन प्रारम्भ होने की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने प्रखंड के सभी अभिभावकों से आग्रह किया है कि दसवीं पास छात्र-छात्राओं का नामांकन महाविद्यालय में करवाने का कार्य करें। विगत वर्ष स्थापना अनुमति के बाद 2022-24 सत्र में भी छात्र-छात्राओं का नामांकन लिया गया था। जिसका ग्यारहवीं की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न करा लिया गया। प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने जानकारी देते हुए कहा कि महाविद्यालय में पुस्तकालय, छात्रवृत्ति एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को विशेष सुविधा मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने नामांकन के लिए उपर्युक्त दस्तावेज में विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, 10वीं का अंकपत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड की छाया प्रति, बैंक पासबुक की छायाप्रति, प्रवेश पत्र व पंजीयन की छाया प्रति सहित पासपोर्ट साइज दो फोटो साथ में लाने का आग्रह किया है।

## रंका पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को भेजा जेल

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर बघमनवां टोला निवासी हकिम अंसारी एवं निमाज अंसारी दोनों पिता पुत्र को हत्या के आरोप में रंका थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर गढ़वा न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर ग्राम चौकड़ी निवासी अजय भुईयां पिता गिरिवर भुईयां को भी पत्नी की हत्या के आरोप में गढ़वा जेल भेज दिया गया है। इसके संबंध में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि रंका थाना के प्राथमिकी अभियुक्त अजय भुईयां ग्राम चौकड़ी तथा प्राथमिकी अभियुक्त शकिल अंसारी पिता निमाज अंसारी और प्राथमिकी अभियुक्त निमाज अंसारी पिता मरहुंम आलम अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## ऑटो चालक महासंघ ने एसपी से बैटरी चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को गढ़वा पुलिस अधीक्षक को एक आवेदन देकर गढ़वा में निरंतर टैम्पो से ताला काटकर बैटरी की चोरी कचहरी एवं आसपास की एरिया से हो रही है, उसपर रोक लगाने, चोरी गयी बैटरियों को बरामद कर दोषियों को दण्डित करने की मांग की गयी है। ज्ञातव्य है कि 20.05.2023 को जिला अध्यक्ष द्वारा गढ़वा थाना प्रभारी को एक आवेदन देकर अपने ऑटो रिक्शा से बैटरी चोरी की घटना की जानकारी देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गयी थी, लेकिन कार्रवाई तो दूर उल्टे गढ़वा कचहरी पर टैम्पो से ताला काटकर बैटरी चोरी की घटनाओं की बाढ़ आ गई। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई प्रशासन द्वारा नहीं की गई है। साथ ही सरकार का काफी पैसा खर्च कर गढ़वा शहर में प्रशासन द्वारा लगाया गया कैमरा की डीबीआर मशीन भी योजनाबद्ध तरीके से खराब रखी जाती है। ऑटोरिक्शा प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष रमेश कुमार दीपक, सचिव धीरेंद्र तिवारी, पंकज उपाध्याय, जितेन्द्र यादव आदि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**विकास तीर्थ यात्रा : सांसद वीडी राम ने केंद्र सरकार की योजनाओं का किया निरीक्षण, कहा**

# मोदी जी के नौ साल का कार्यकाल गरीबों शोषितों और दलितों के लिए रहा समर्पित

**ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा- बाईपास मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है, पूरा होता देख हो रही है खुशी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में भाजपा के विकास तीर्थ नामक कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को पलामू सांसद बीडी राम ने केंद्र सरकार की ओर से करायी गयी योजना स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाजनसंपर्क अभियान के तहत सैकड़ों लोगों को ऑनलाईन मोबाईल से कॉल कराकर भाजपा की सदस्यता भी दिलायी। सांसद विष्णु दयाल राम ने गढ़वा बाईपास सड़क निर्माण, अन्नराज नावाडीह घाटी ब्लैक स्पॉट को सीधा करने, कांडी के श्रीनगर एवं बिहार रोहतास के पढ़ुका के पास सोन नदी पर बननेवाले पुल निर्माण स्थल एवं कनहर-सोन पाईप लाईन योजना के दारीदह गांव स्थित निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद वीडी राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल का कार्यकाल पूरा हो गया है। इसको लेकर विकास तीर्थ एवं महाजनसंपर्क तीर्थ नामक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 जून तक चलाया जायेगा। सांसद ने कहा कि मोदी जी के नौ साल का कार्यकाल गरीबों, शोषितों, दलितों व वंचितों के लिये समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला मुख्यालय से जुड़े अति महत्वपूर्ण योजना गढ़वा बाईपास का निर्माण 900 करोड़ रुपये की लागत से भारत माला प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2023 में इस योजना को पूरा कर लेना था, लेकिन कब्रिस्तान वाली जमीन पर विधि व्यवस्था के मामले की वजह से यह लटका हुआ है। लेकिन इसके बावजूद वर्ष 2024 में इस योजना के पूरा होने की पूरी संभावनायें हैं। उन्होंने कहा कि जब पहली बार वे सांसद बनने के लिये चुनाव प्रचार में गये थे, तभी से लोगों की बाईपास की मांग वे सुनते आ रहे थे। उन्हें इस योजना को पूरा करने का सौभाग्य जनता ने वोट देकर दिया है और वे इसे पूरा करने के लिये प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसी तरह से अपनी अन्य उपलब्धियों को गिनाते हुये सांसद श्रीराम ने कहा कि अन्नराज नावाडीह घाटी का ब्लैक स्पॉट जहां हमेशा दुर्घटनायें होती रहती थीं, उसे सीधा करने के लिये 16 करोड़ रुपए स्वीकृत हो गये हैं और वन विभाग की अड़चनें भी दूर कर ली गयी हैं। इसी तरह सोन-कनहर पाईप लाईन योजना भी गढ़वा जिलावासियों के लिये अतिमहत्वपूर्ण है। इससे गढ़वा जिले के 366 जलाशयों को सिंचाई के लिये पानी एवं पेयजल सुविधा भरपूर मात्रा में उपलब्ध हो जायेगी। उन्होंने कहा कि इससे 14240 हेक्टेयर क्षेत्र में 3.28 लाख लोगों को पानी की व्यवस्था मिलेगी। यह योजना 1233 करोड़ रुपए की लागत से बनायी जा रही है। एक अन्य योजना श्रीनगर-पढ़ुका पुल भी गढ़वा जिले के लिये अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इससे गढ़वा जिलावासियों के लिये बिहार व यूपी जाने का मार्ग काफी सुगम हो जायेगा और कांडी तथा गढ़वा तीन राज्यों के बाजार के रूप में डेवलप हो जायेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का निर्माण 210.13 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इस पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने की।

मौके पर अलखनाथ पांडेय, सुरज गुप्ता, प्रमोद चौबे, अंजनी तिवारी, रघुराज पांडेय, ओमप्रकाश तिवारी, गिरिनाथ सिंह, रामलाला दुबे आदि उपस्थित थे।

# रात के अंधेरे में बेरोक-टोक जारी है अवैध बालू ढुलाई का गोरखधंधा

**पुलिस रात भर गश्ती करती है बावजूद अवैध बालू की ढुलाई पर कारवाई नहीं की जाती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** सरकार द्वारा जिले में 20 बालू घाट चिन्हित किये जाने के बावजूद इन दिनों भवनाथपुर एवं केतार थाना क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू माफिया खुलेआम बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से बालू की उठाव कर सरकारी योजनाओं से लेकर निजी कार्यों के लिए ऊंचे दामों पर बेचने का गोरखधंधा चला रहे हैं। गैर चिन्हित नदियों से अवैध रूप से बालू उत्खनित कर बालू माफिया सरकार के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए लाखों रुपये सरकारी राजस्व का चूना लगा रहे हैं, तो वहीं नदियों का अस्तित्व खतरे में है।

आपको बता दें कि केतार के पंडा नदी भवनाथपुर के राजदहवा नदी, ढढरा, मकरी, बरवारी सहित क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू माफियाओं द्वारा मध्य रात्रि के बाद रफ्तार की कहर के साथ बालू की अवैध ढुलाई का कार्य शुरू करते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य रात्रि में रफ्तार की कहर के साथ अवैध बालू लेकर दौड़ रही ट्रैक्टर का परिचालन सिंडिकेट बेसीस पर होता है। बालू ढुलाई के दौरान इनके लोग बाइक या चार पहिया वाहन से कुछ अंतराल पर होते हैं जो ट्रैक्टर ड्राइवर को हर मूवमेंट की सूचना देते रहते हैं। इसी रास्ते पर पुलिस रात भर गश्ती करती है, बावजूद इसके अवैध बालू की ढुलाई पर कारवाई नहीं की जाती, जिससे इस अवैध कारोबार में स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है।


**कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूंटी**

**अति अल्पकालीन निविदा की सूचना 2023–24**

मत्स्य निदेशक झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 470 दिनांक 06 / 03 / 2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना (प्रस्तावित) के अंतर्गत चालू वर्ष की भांति खूंटी जिला के मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट उपलब्ध कराने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों (फर्म) से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापनदाता का नाम–जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूंटी
2. अग्रधन राशि–20,000 / – (जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूंटी के पदनाम से खूंटी में भुगतेय ड्राफ्ट)।
3. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय– दिनांक 15 / 06 / 2023 पूर्वाह्न 11:15 बजे तक
4. निविदा जमा करने का स्थान– जिला मत्स्य कार्यालय, खूंटी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय– दिनांक 15 / 06 / 2023 अपराह्न 1:00 बजे
6. निविदा खोलने का स्थान–ITDA, कार्यालय, खूंटी।
7. निविदा खोलने की विस्तृत शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट www.khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूंटी।

PR.NO.299031 Fish(23-24):D


# महायज्ञ समिति प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को सौंपा आवेदन

**श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में विद्युत ट्रांसफार्मर, शौचालय, यूरिनल व पेयजल के लिए सोलर युक्त जल मीनार की व्यवस्था करने की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** विंध्य क्षेत्र अंतर्गत श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे-जतपुरा गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर से मुलाकात कर एक आवेदन सौंपा। महायज्ञ में विद्युत ट्रांसफार्मर, समुचित शौचालय, यूरिनल व स्वच्छ पेयजल हेतु सोलर युक्त जल मीनार की व्यवस्था करने की मांग की गयी है। आवेदन के आलोक में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के निर्देश पर उपायुक्त ने तत्काल पेयजल एवं स्वच्छता विभाग व विद्युत विभाग तथा अनुमंडल पदाधिकारी को समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। बताते चलें कि भारतवर्ष के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत पूज्य श्री श्री 1008 श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य पाद श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास्य व्रत, श्री रामानुजाचार्य सहस्राब्दी जयंती स्मृति महा महोत्सव एवं पूज्य पाद के पावन सान्निध्य में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। संपूर्ण आयोजन आगामी 4 जून से 31 अक्टूबर 23 तक होना निश्चित है। इस दौरान प्रतिदिन प्रातः पूजन और मंगला आरती तथा संध्या बेला में स्वामी जी महाराज के श्री मुख से प्रवचन होगा। प्रवचन में करीब 5 से 10 हजार तथा 23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भक्तों के शामिल होने का अनुमान है। प्रतिनिधिमंडल में समिति के उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ल, सहायक कोषाध्यक्ष शिव नारायण चौबे, सचिव अनीश शुक्ल, उप सचिव सुनील कुमार चौबे व लेखा प्रभारी धीरेंद्र चौबे शामिल थे।


**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**

www.azadsipahi.com



**e-Procurement Cell**

**Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi**

**e-Procurement Notice**

**(Very Shorty Notice)**

Tender Ref. No.-BCD/SECNC/13/Building Div. Khunti/2023-24 Date:-02.06.2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Women's ITI at Khunti, Dist. -Khunti for the Year 2023-2024 | Rs. 99,11,713.00 | 6 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08-06-2023 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 13-06-2023 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iii | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि / समय | 14-06-2023 को दोपहर 12:00 बजे तक | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि / समय | 14-06-2023 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Superintending Engineer, Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Line Tank Road, Ranchi-834001 | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430142411/8987663716 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3530790 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना / बदलाव / संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

*Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.*

Nodal Officer,
e-Procurement Cell, Office of the Superintending Engineer,
Building Construction Department, Chotanagpur Circle, Ranchi.

PR 298996 Building Construction Dept
Chotanagpur Circle (23-24)D


# नगर उंटारी थाना के निकट घर से लाखों की चोरी

**जल्द ही किया जाएगा मामले का उद्भेदन : थाना प्रभारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** नगर उंटारी थाना की नाक के नीचे चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस के लिए चुनौती पेश किया है। स्थानीय बाजार क्षेत्र के सरेह टोला निवासी रणविजय सिंह के घर में चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की इस घटना में 49 हजार रुपये नगद के अलावे लाखों रुपए के आभूषण एवं अन्य सामान चोरी हुई है। रणविजय सिंह मूल रूप से खरौंधी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। वर्तमान में सरेह टोला में मकान बना कर 2013 से रह रहे थे। उन्होंने बताया कि परिवार के साथ 31 मई को अपने पोता का मुंडन कराने देवघर गए थे। 2 जून को अहले सुबह घर आये तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। तोड़ा हुआ ताला ग्रिल के बाहर फेंका हुआ था। घर में गए तो सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है। अलमीरा भी टूटा हुआ था। जिसमें रखे नगद, जेवरात, कपड़ा सहित अन्य सामान गायब थे। जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचित किया। चोर दोनों बहुओं के आभूषण एवं कीमती सामान को अलमीरा तोड़कर ले गए। चोरों ने मासूम बच्चों के गुल्लक को भी नहीं छोड़ा। चोरी की घटना के बाद परिवार के लोग बड़े सदमे में हैं। बीच बाजार और थाना के समीप होने के बावजूद चोरी की इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देना चोरों के हौसले को दर्शाता है।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जांच-पड़ताल करते हुए कई जानकारियां ली। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जाएगा।


**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 06 / 2023–24**

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा। |
| परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | :– | 21.06.2023 तक कार्य अवधि में। |
| परिमाण विपत्र बिकी का स्थान | :– | नगर परिशद, कार्यालय, लोहरदगा। |
| निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 22.06.2023 के अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | 22.06.2023 के अपराह्न 5.00 बजे। |

कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of RCC Culvert (1) Near Powerganj chowk ward No - 03, (2) Chhatar bagicha More ward No- 21, (3) Near Madhya vidyalay Powerganj ward No-08, (4) Near Kartik Kujur House ward No-04, (5) Near Umesh Ram House ward No-05, (6) Near Veer Shivaji Chowk ward no - 13 Under Nagar parishad Lohardaga | 7,56,414.00 | 15200.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 2. | Construction of RCC culvert near Anganbari Kendra and Pound in Ward No. 23 | 3,17,800.00 | 6400.00 | 1000.00 + 18% GST | 45 दिन |

नोटः– नियम एवं शर्तें नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 298981 Lohardaga (23-24)_D


**कार्यक्रम : प्रखंड प्रमुख ने झामुमो सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाया जनता दरबार**

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की लोगों को दी जानकारी

**कूप निर्माण वगैरह से संबंधित लाभुकों का किया गया चयन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लाकड़ा के नेतृत्व में झामुमो सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रंका प्रखंड के सिरोई खुर्द पंचायत में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा ने गरीबों, पिछड़ों और वंचितों के लिए सरकार के द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। इस अवसर पर अधिक से अधिक लोग सरकारी लाभ कैसे प्राप्त करें, इस पर चर्चा की गई। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार अभी तक की सबसे जन कल्याणकारी सरकार है। अब गांव देहात में कोई भी योग्य व्यक्ति वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन राशन कार्ड, आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर 8319125970 लोगों को देते हुए कहा कि प्रखंड से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं के लिए आप सब कभी भी मुझे फोन करें, आपकी समस्याओं का हरसंभव समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यों की सभी लोगों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। जिस प्रकार सरकारी लाभ के अलावा मंत्री मिथिलेश ठाकुर गरीब, असहाय लोगों को अपने निजी मद से आर्थिक मदद करते हैं, उसके लिए लोगों ने मंत्री का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर कूप निर्माण वगैरह से संबंधित लाभुकों का चयन भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिरोईखुर्द पंचायत के मुखिया कर्म दयाल सिंह, बीडीसी हीरामणि देवी, बंसी साव, अमीन अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।


**Government of Jharkhand**
**Drinking Water & Sanitation Division, Khunti**
EmailId:-eedwsd.khunti@gmail.com

**Very Short Tender Notice (2nd Call)**

Tender Reference No.–DWSD/KH-25(RETROFITTING/2022-23 Date-02.06.2023

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| A) | Improvement of Water supply by repairing of panel box, repairing of distribution/rising main, House Connection, Electric/Solar Submersible Motor Pump, Const. HYDT (If Include) & other miscellaneous work at different villages of Khunti District for Achieved FHTC for Mini Rural Water Supply Scheme under D.W. & S. Division, Khunti for the year 2022-23. | | | | |
| 1 | Retrofitting for Mini PWSS, Kochang (Chhota Uli), Block-Arki. | 264870.00 | 5300.00 | 750.00 | 15 Days. |
| 2 | Retrofitting for Mini PWSS, Lebed (Jojobera), Block- Arki. | 264870.00 | 5300.00 | 750.00 | 15 Days |
| 3 | Retrofitting for Mini PWSS, Lebed (Hermaldih), Block- Arki | 264870.00 | 5300.00 | 750.00 | 15 Days. |
| 4 | Retrofitting for Mini PWSS, Sinjuri (Kudalata), Block- Arki | 264870.00 | 5300.00 | 750.00 | 15 Days. |
| 5 | Retrofitting for Mini PWSS, Ghaghra (Jopno), Block- Arki | 264870.00 | 5300.00 | 750.00 | 15 Days. |
| 6 | Retrofitting for Mini PWSS, Tutui (Lampapidi), Block- Arki | 264870.00 | 5300.00 | 750.00 | 15 Days. |
| 7 | Retrofitting for Mini PWSS, Badani (Podepai), Block- Arki | 264870.00 | 5300.00 | 750.00 | 15 Days. |
| 8 | Retrofitting for Mini PWSS, Gitilbera-II (Prachardih), Block- Arki | 264870.00 | 5300.00 | 750.00 | 15 Days. |
| B) | Bid Submission Start Date | 03.06.2023/05:00 PM | | | |
| C) | Bid Submission End Date | 10.06.2023/ 05:00 PM | | | |
| D) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 12.06.2023/05:00 PM | | | |
| E) | Date of Opening of Tender | 13.06.2023/ 11:00 AM | | | |
| F) | Name & Address of office Inviting Tender | Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti. | | | |
| G) | Name & Address of opening officer | Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti. | | | |
| H) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | |
| I) | Helpline No. of E-Procurement Cell | 7717776462 | | | |

नोटः– विषेष जानकारी के लिए वेबसाईट–http://dwsd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी

PR 298983Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## पकड़े गये उग्रवादियों में एरिया कमांडर प्रशांत कुमार उर्फ डब्ल्यू गोप भी शामिल, हथियार और कारतूस भी बरामद

# पीएलएफआइ के चार उग्रवादी गिरफ्तार

**जरियागढ़ के रेगरे जंगल में थे भ्रमणशील, किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





गिरफ्तार उग्रवादियों की जानकारी देते एसपी अमन कुमार व अन्य। उग्रवादियों के पास से बरामद पिस्टल और कारतूस।

**खूंटी।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद पुलिस नक्सलियों को लगातार झटके पर झटका दे रही है। जिला पुलिस पीएलएफआई के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही। हर दिन नई-नई स्फलता भी हाथ लग रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने गुरुवार को पीएलएफआई के चर उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उनके पास से पिस्टल, कारतूस और संगठन का पर्चा भी बरामद किया है। इसकी जानकारी एसपी अमन कुमार ने दी। वे शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि उग्रवादी जरियागढ़ थाना के रेगरे जंगल में भ्रमणशील और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। एसपी के निर्देश पर एएसपी अभियान, तोरपा के एसडीपीओ सीआरपीफ बी/94 बटालियन द्वारा गुरुवार को रेगरे जंगल में छापामरी अभियान चला कर चार सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये उग्रवादियों में एरिया कमांडर प्रशांत कुमार उर्फ डब्ल्यू गोप, नीतीश गोप, मिथिलेश गोप उर्फ मिथुन और बाहन गोप उर्फ नंद कुमार शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 7.65 एमएम की एक पिस्टल, .315 बोर का एक देसी कट्टा, 13 कारतूस, एक कार और एक टेंपो सहित चार मोबाइल फोन और नक्सली पर्चा के अलावा चंदे की रशीद भी बरामद की गयी है। एसपी अमन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर को लगभग दो माह पूर्व ही दिनेश गोप ने जिम्मेदारी सौंप कर क्षेत्र में आतंक फैलाने का निर्देश दिया था। सुप्रीमो के इस निर्देश पर ही अवैध बालू उठाव में लगी एक जेसीबी में आग लगाकर क्षेत्र में दहशत फैलाने का प्रयास किया गया था। हालांकि अगजनी की जिम्मेदारी सुप्रीमो को लेनी थी, लेकिन तब तक दिनेश गोप एनआईए की गिरफ्त में आ चुका था। एसपी ने बताया कि संगठन के इन सदस्यों से कहा गया था कि र पुलिस की लगातार कार्रवाई से संगठन कमजोर हो रहा है। ऐसे में बड़ी घटना को अंजाम देकर क्षेत्र में फिर से संगठन का दबदबा कायम करना है। इसके बाद उग्रवादी उसके आदेश के अनुपालन में लगे हुए थे, लेकिन इससे पहले ही सभी गिरफ्तार हो गए। जानकारी के अनुसार पीएलएफआई सुप्रीमो ने जब क्षेत्र का एरिया कमांडर की जिम्मेदारी दी उस वक्त प्रशांत कुमार उर्फ डब्लू के पास हथियार नहीं था, लेकिन उसे कामडारा का एरिया कमांडर कोरिया टोपनो ने एक पिस्टल के अलावा कई कट्टे और 30 कारतूस दिये। उसके बाद योजनाबद्ध तरीके से अवैध बालू उठाव कर रही जेसीबी में आग लगा दी और फरार हो गए। इस घटना में शामिल अन्य नक्सली सदस्यों को पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार किया था, लेकिन एरिया कमांडर फरार हो गया था। बताया जा रहा है कि बालू माफिया अवधेश यादव और चंदन जायसवाल उर्फ चंदू का जेसीबी को जलाया गया था। चंदू जायसवाल से प्रदीप गोप का लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। प्रदीप गोप ने दिनेश गोप से संपर्क किया और प्रदीप ने ही प्रशांत को एरिया कमांडर बनाने की पैरवी की। उसके बाद प्रशांत को एरिया कमांडर की जिम्मेदारी दी गई। पीएलएफआई नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई से खूंटी में आतंक का पर्याय रहे संगठन के वजूद पर संकट गहराने लगा। गौरतलब है कि नक्सली दिनेश गोप की गिरफ्तारी से कुछ दिन पूर्व ही जिला पुलिस ने रनिया क्षेत्र से पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर और सुप्रीमो के खास सहयोगी रहे इनामी सुखराम गुड़िया को एके 47 राइफल के साथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की थी। उसकी निशानदेही पर चाईबासा के गुदड़ी और बंदगांव थाना क्षेत्र के जंगली इलाको से सुप्रीमो के निजी हथियार ऑटोमेटिक जर्मन रायफल एचके 33 सहित अन्य राइफल और हथियार, सैकड़ो गोलियां, दूरबीन सहित अन्य सामान बरामद किये गये थे।

## पूर्व सांसद ने किया होम्योपैथिक केयर सेंटर का उद्घाटन



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने शुक्रवार को सोनाहातू-मिलन चौक पथ पर पाछुवाडीह-लांदुपडीह गांव के बीच होम्योपैथिक केयर सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी होम्योपैथिक चिकित्सा की मांग है। इसी उद्देश्य से क्षेत्र में हेल्थ केयर सेंटर खोला गया है। अब मरीजों को होम्योपैथिक चिकित्सा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मरीजों को उचित मूल्य पर दवाइयां भी उपलब्ध होगी। चिकित्सक डॉ बीरेंद्र बहादुर सप्ताह में दो दिन शुक्रवार व शनिवार को मरीजों का ईलाज करेंगे। इस मौके पर रणधीर चौधरी, डॉ वीरेंद्र बहादुर, मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह मुंडा, मनींद्र महतो, धीरेंद्र महतो, गणपति महतो, गौरी प्रसाद महतो, हिकिम सिंह मुंडा, प्रकाश कर्मकार, नगेंद्र नाथ महतो, नरसिंह दास, दयानंद महतो, अजय कुमार महतो और दुःखहरण महतो आदि मौजूद थे।

## तमाड़ में देसी बंदूक के साथ युवक गिरफ्तार



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जोपनो जंगल में गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी 26वीं वाहिनी और तमाड़ पुलिस की ओर से संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान जवानों ने खदेडकर एक युवक को पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सोमनाथ सिंह मुंडा (35) बताया, जो गागो कोनजानीगुडा गांव का रहने वाला है। उसकी तलाशी लेने पर उसके कमर से एक देशी कट्टा (बंदूक) बरामद की गयी। पुलिस की मानें तो उसके खिलाफ पहले भी तमाड़ थाना कांड संख्या 93/18 धारा 414 व 34 भादवि और चुटिया थाना कांड संख्या 228/18 धारा 379 का के तहत मामला दर्ज है। इसकी जानकारी ग्रामीण एसपी नौसाद आलम ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर दी।

## छापामारी में 700 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायती के निर्देश के आलोक में नगर पंचायत की टीम ने शुक्रवार को बेलाहाथी रोड में थोक विक्रेता की दुकान में छापामारी की। इस दौरान लगभग 600-700 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक बरामद की गई। कार्यपालक पदाधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करना, खरीद एवं बिक्री करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। छापामारी अभियान में नगर प्रबंधक आफताब आलम, सुजल कुमार, राजेश कुमार, अजीत कुमार, जगदीश प्रधान, जुबैदा खातून, अंजू देवी आदि शामिल थे।

## अशोक परियोजना में परियोजना सलाहकार समिति की बैठक, लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन पर जतायी खुशी



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कार्यालय में शुक्रवार को परियोजना सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार एवं संचालन परियोजना प्रबंधक कार्मिक शिशिर गर्ग ने किया। बैठक में विगत वर्ष कोल इंडिया द्वारा निर्धारित किए गए कोयला उत्पादन के लक्ष्य से अधिक कोयला उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित करने को लेकर सभी यूनियन प्रतिनिधियों एवं कोयला कामगारों को परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों द्वारा बधाई दी गई। इसके बाद अशोक परियोजना में नवनियुक्त खान प्रबंधक एसके सिंह के पदभार ग्रहण करने पर यूनियन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। बैठक में कोयला कामगारों के ज्वलंत मुद्दों में कोयला कामगारों के आवास आवंटन को परियोजना स्तर पर करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान उपस्थित यूनियन प्रतिनिधियों ने अशोका परियोजना पिट ऑफिस एवं कैंटीन में पेयजल की समुचित व्यवस्था किए जाने, कोयला कामगारों के आवास मरम्मत, बचरा कॉलोनी में अवैध निर्माण पर अविलंब रोक लगाने, कोयला कामगारों द्वारा एक से अधिक आवास रखने वाले कोयला कर्मियों पर कार्रवाई को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अरविंद शर्मा, धनेश्वर गंझू, आरके सिंह, रामेश्वर सिंह, हरिवंश महतो, बालेश्वर यादव, प्रयाग मिस्त्री, मो जैनुल, विजेंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह, भीम प्रसाद मेहता, केके चतुर्वेदी, लखन साव, मथुरा प्रसाद मंडल, उमेंद्र कुमार, प्रदीप त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

## रैयत विस्थापितों की समस्याओं का होगा समाधान: जीएम

**रैयत विस्थापितो की समस्याओं को लेकर हुई त्रिपक्षीय बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की 31 सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को डकरा वीआइपी क्लब में त्रिपक्षीय बैठक हुई। जिसमें झारखंड राज्य समन्वय समिति सदस्य राज्य मंत्री सह मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा एवं महाप्रबंधक संजय कुमार के अलावा खलारी सीओ शिशुपाल आर्य, डीएसपी अनिमेष नैथानी, खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम, पीओ जेके सिंह, एसओसी सुजित रंजन और मोर्चा एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता आदि रैयत विस्थापित मौजूद थे। बैठक में मोर्चा द्वारा दिये गए 31 सूत्री मांग पर चर्चा हुई। इसमें रैयत विस्थापितो को नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार, जमीन समतलीकरण, आउटसोर्सिंग में 75 फीसदी स्थानीय लोगों को रोजगार, ठेकेदारी में 50 फीसदी भागीदारी एवं रोड सेल के माध्यम से विस्थापितों को रोजगार, विस्थापित मोर्चा कमेटी की सहमति के बाद ही जमीन के बदले नौकरी देने सहित कई समस्याओं पर चर्चा की गई। मोर्चा ने कहा कि प्रबंधन सही तरह से कार्य करे। रैयत विस्थापितो की समस्याओं का समाधान करना होगा। बैठक में इकबाल हुसैन, इकबाल हुसैन, रामचन्द्र उरांव, रंथू उरांव, जगरनाथ महतो, जालिम सिंह, राम लखन गंझू, नरेश गंझु, बृजकिशोर पासवान, विनय खलखो, अमृत भोगता, नागेश्वर महतो, राजेंद्र उरांव, शिवनारायण लोहरा, दामोदर गंझू, प्रकाश महतो, रामधारी गंझू, सुनील यादव, धनराज भोगता, शिवनाथ भोगता, प्रेम गुप्ता, हेमलाल गंझू, नरेश यादव, किशुन गंझू, मुकद्दर कुमार और रुक्मिणी देवी आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, महाप्रबंधक (जीएम) संजय कुमार ने कहा रैयत विस्थापितों की जो भी समस्याएं हैं उस पर प्रबंधन त्वरित समाधान करने के लिए तत्पर है। प्रबंधन ने इसके लिए सभी विभागों को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रबंधन रैयत विस्थापितों के साथ समन्वय बनाकर काम करेगा। हर परियोजना स्तर पर प्रबंधन और रैयत विस्थापित के समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में कार्य होगा। रैयत विस्थापितों के साथ एक से डेढ़ महीने के अंतराल में समय समय पर बैठक की जाएगी।

### सभी तरह के रोजगार में रैयत विस्थापितों को देनी होगी प्राथमिकता

**बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा ने कहा कि एनके एरिया में सभी तरह के रोजगार में प्रबंधन को रैयत विस्थापितो को प्राथमिकता देना होगा। इसके लिए सकारात्मक पहल करनी होगी। खलारी में जो भी गैर रैयतों द्वारा अवैध जमाबंदी की शिकायत मिली है उस पर कहा कि लिखित शिकायत दीजिये उस पर कार्रवाई करते हुए रद्द होगा। उन्होंने इस मामले में खलारी सीओ एवं जीएम को निर्देश दिया कि इस पर जांच कर उचित कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रबंधन ने रैयत विस्थापितों की हर समस्या पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। इसके लिए समय-समय पर समीक्षा बैठक की जाएगी। जरूरत होने पर राज्य सरकार के स्तर पर भी पहल होगा**

## हादसे में मारे गये पिता-पुत्र के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क जाम की



**अड़की (आजाद सिपाही)।** खूंटी-तमाड़ रोड पर गुरुवार को रोंगो गांव के समीप हुए सड़क हादसे में अड़की के सेरेंगहातू गांव निवासी पिता-पुत्र भरत मल्हार और अभिराम मल्हार की हुई मौत से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को सेरेंगहातू गांव के पास खूंटी-तमाड़ मुख्य सड़क को जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण दुर्घटना में मारे गए पिता-पुत्र के स्वजनों को सरकारी नौकरी, पांच-पांच लाख रुपया मुआवजा और फरार वाहन व उसके चालक को अविलंब पकड़ कर कार्रवाई करने की मांग की। उधर, सड़क जाम की सूचना पाकर अड़की बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण, थाना प्रभारी इकबाल हुसैन, सायको थाना प्रभारी रितेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि अनूप कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, संजय मुंडा, बुदीराम मुंडा, मोती पातर, सोनाराम यादव आदि मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बात कर उनकी मांगों पर प्रावधान के तहत समूचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। वहीं, अड़की थाना प्रभारी इकबाल हुसैन ने मृतक के स्वजन को अंतिम क्रिया कर्म के लिए पांच हजार रुपये की सहायता राशि सौंपी। उधर, सड़क जाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। गौरतलब हो कि छोटे यात्री वाहन का संचालन करने वाले पिता-पुत्र के वाहन को गुरुवार की दोपहर एक तेज रफ्तार चेचिस ने पीछे से टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में वाहन में सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना के शोक में शुक्रवार को खूंटी तमाड़ रोड में छोटे यात्री वाहनों का परिचालन बंद रहा।

## महज नौ साल में ही प्रधानमंत्री ने सदियों से अटके-लटके कार्यों को पूरा किया

# भारत को दुनिया में नंबर वन बनाना है, तो मोदी को फिर सत्ता में लाना होगा: कोचे मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




भाजपा के विकास तीर्थ कार्यक्रम में उपस्थित विधायक कोचे मुंडा व अन्य।

**खूंटी।** तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि यदि भारत को आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से दुनिया में सर्वोच्च स्थान पर लाना है, तो हमें केंद्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लाना होगा। तोरपा विधायक शुक्रवार को प्रखंड के कसमार और मरचा में भाजपा के विकास तीर्थ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार द्वारा किये गये जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का जितना विकास हुआ, उतना विकास कांग्रेस के 70 वर्षों के कार्यकाल में भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कृषि, सड़क, आईआईटी, आईटी, रक्षा, स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में काफी प्रगति की है। विधायक ने कहा कि महज नौ साल में ही प्रधानमंत्री ने सदियों से अटके-लटके कार्यों को पूरा किया। उन्होंने कहा कि बात गरीबों को आवास देने की हो, या गरीबों को चावल देने अथवा कोरोना वैक्सीन का टीका, देश ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और लोगों से जुड़ने के लिए भाजपा विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत गांव-गांव में जन संपर्क अभियान चला रही है। पार्टी के निर्देश पर 30 मई से 30 जून तक कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, तोरपा मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी, भगीरथ राय, कलीम खान, जगदीश मांझी, संतोष दास, विनोद राय, प्रतिमा देवी, पुरुषोत्तम मांझी, पंचम मांझी, सिरिल हेमरोम, सुनील हेमरोम, ब्रजकिशोर सिंह, श्याम नारायण साहू मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मध्यस्थता से निकला समाधान विवाद को जड़ से समाप्त कर देता है: मनोरंजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झालसा, रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन शुक्रवार को विधिक सेवा प्राधिकार के सभा कक्ष में मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने मध्यस्थता पखवाड़ा के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि 29 मई से आरंभ यह कार्यक्रम 14 जून तक लगातार चलेगा। मन का मिलन पखवाड़ा के तहत मध्यस्थता के माध्यम से सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जा रहा है। साथ ही इस कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार जोरों से चल रहा है। उन्होंने कहा कि पखवाड़े के दौरान लोग अपने लंबित पुराने एवं नये मामलों और वाद पूर्व मामलों का निष्पादन आपसी सहमति के आधार पर मध्यस्थता के माध्यम से करा रहे हैं। मध्यस्थता से निकाला गया समाधान विवाद को जड़ से समाप्त कर देता है। इससे धन एवं समय की बचत होती है। दोनों पक्षों को मानसिक त्रास से मुक्ति मिलती है। यह न्यायालय पर अतिरिक्त बोझ को भी खत्म करता है। डालसा सचिव ने लोगों से अपील की कि मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा अभियान में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर अपने मामलों का निःशुल्क एवं त्वरित निष्पादन कराएं। साथ ही की दूरी को मिटाएं और सुलभ न्याय प्राप्त करें। कार्यक्रम में एलएडीसी असिस्टेंट अमरदीप कुमार, डालसा मीडिएटर, वादकारीगण, अभिवक्ता, पीएलवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## 34 महिलाओं को दिया गया कटिंग और सिलाई का एक माह का प्रशिक्षण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये 34 प्रशिक्षणार्थियों के एक माह का महिला दर्जी प्रशिक्षण का समापन बैंक ऑफ इंडिया, आर सेटी खूंटी में शुक्रवार को हुआ। इस दौरान जमशेदपुर से आयी प्रशिक्षिका अंजना देवी ने प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार के वस्त्रों की कटिंग और सिलाई के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने शर्ट, पैंट, कुर्ता, पायजामा, ब्लाउज, नाइटी, पेटीकोट, फ्रॉक, के विभिन्न प्रकार की डिजाइन बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण निःशुल्क और आवासीय था और सभी प्रशिक्षुओं ने अपना भरपूर समय प्रशिक्षण में दिया। क्षेत्र भ्रमण के लिए प्रशिक्षुओं को जेएसएलपीएस से जुड़े प्रशिक्षण संस्थान साही एक्सपोर्ट्स, कांठीटांड, रांची ले जाया गया, जहां उन्होंने वस्त्रों की कटिंग और सिलाई का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। अंत में प्रशिक्षण का मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण पीके सिंहदेव और विद्या रानी शुक्ला ने किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं से व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण के बारे में व्यावहारिक ज्ञान की जानकारी ली। पाठ्यक्रम समन्वयक संजय कुमार ने प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय से जुड़े पहलुओं से अवगत कराया। इस मौके पर खूंटी बीडीओ यूनिका शर्मा, खूंटी आरसेटी के निदेशक जशन कुजूर, डीपीएम जेएसएलपीएस गौरव जायसवाल, विनीता बरला उपस्थित थे।

## तंबाकू को लेकर चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तेजस्विनी परियोजना मुरहू के तत्वावधान में शुक्रवार को तेजस्विनी क्लब बिंदा, गुल्लु, टंगरिया और जाते गांव में तंबाकू विरोध अभियान विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तेजस्विनी परियोजना प्रबंधक छगनलाल ने कहा कि भारत तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता है। हमारे देश में 17 लाख लोगों की मौत हर साल तंबाकू के सेवन से होनेवाली बीमारियों से हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष तंबाकू निषेध दिवस का उद्येश्य वन्य पर्यावरण संरक्षण है। उन्होंने कहा कि आकड़े बताते हैं कि प्रति वर्ष 60 करोड़ पेड़ों को काटकर सिगरेट बनायी जाती है। वहीं सिगरेट बनाने में लगभग 22 अरब लीटर पानी का उपयोग किया जाता है।

## इचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में 10 घंटे बिजली सेवा बाधित

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक, चिमटिया, ईचागढ़, डुमटाड़ क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली सेवा बाधित रही। बिजली विभाग के कनिया अभियंता दिवाकर उरांव ने बताया कि बरसात को देखते हुए उक्त क्षेत्र में करीब 10 घंटा मेंटेंस का कार्य किया गया, जिसके तहत 11 हजार वोल्ट के तार से सटे पेड़ों की डाली की छंटाई की गयी। ताकि बारिश का मौसम आने के बाद बिजली आपूर्ति में कोई दिक्कत ना हो।

## मगनडीह गांव में तीन दिवसीय हरिनाम कीर्तन का समापन

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मगनडीह गांव में आयोजित तीन दिवसीय हरिनाम कीर्तन का समापन गुरुवार की रात जागरण के साथ किया गया। जागरण की रात विधायक सुदेश महतो के निर्देशानुसार जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि तारणी सिंह मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष सुषेन प्रामाणिक, पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू, दिलीप कोइरी, अरुण प्रमाणिक, बूढ़ेश्वर कोइरी आदि उपस्थित हुए और सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर गुरुचरण मुंडा, पिंकू जयसवाल, भुरू महतो, तरुण कुमार, तनु कुमार, चोंद्रो सिंह मुंडा आदि मौजूद थे। सभी ने राधा-कृष्ण प्रतिमा पर श्रद्धा के फूल चढ़ाए।

## गोमियाडीह में किसान गोष्ठी का आयोजन

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारूहातू पंचायत के गोमियाडीह गांव में ग्राम प्रधान जीवाधन मुंडा की अध्यक्षता में आत्मा रांची की ओर से किसान गोष्ठी सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बीटीएम दीनानाथ भगत द्वारा मिशन लाईफ, एफओएम, ए एफओएम, जैविक खेती, गोबरधन योजना, जीवामृत, वीजामृत धनामृत आदि विषयों की जानकारी दी गयी। इस विषयों को प्रयोग करने की विधि भी बतायी गयी। साथ ही मोटे अनाज की खेती, टपक सिंचाई के महत्व, खरीफ बीज विनिमय एवं वितरण योजना के तहत बीज प्राप्त करने की जानकारी दी गयी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और केसीसी ऋण माफी के लिये आवेदन देने को कहा गया। इस मौके पर किसान मित्र और प्रगतिशील किसान मौजूद थे।

## तमाड़ विधायक ने किया टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** टीटीसी मैदान में गुरुचरण महतो मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ शुक्रावर को तमाड़ विधायक ने फीता काटकर किया। जिसमें कुशमाही और आरसीएफसी के मैच खेला गया। कुशमाही पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 218 रन बनाया, जिमसें विक्रम कुमार ने शानदार 119 रन शामिल था। जवाबी पारी खेलने उतरी आरसीएफसी 19.4 ओवर में 131 रन ही बनाकर ऑलआउट हो गयी। आदर्श कुमार ने 38 रन बनाया, जिसमें कुशमाही ने आरसीएफसी को 88 रनों से हरा दिया। इस मौके पर डीसपी, थाना प्रभारी रोशनी लंग, पुष्पलता जायसवाल, शीतल गोस्वामी, शिवनारायण महतो, रोहन महतो, लछु महतो, अर्जुन महतो, निपु कुमार, विवेक जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा आयोजित नौ साल बेमिसाल सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण अभियान के तहत शुक्रवार को पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के नेतृत्व में गोंदलीपोखर स्थित पानी टंकी परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए रामकुमार पाहन ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा कई बड़ी विकास योजनाएं केन्द्र और राज्य सरकार के माध्यम से क्रियान्वित की गईं। यह पानी टंकी भाजपा सरकार के द्वारा उनके कार्यकाल में बनी। इस पानी टंकी के माध्यम से कई पंचायत क्षेत्रों में हर घर नल योजना के तहत पानी पहुंच रहा है। कहा कि रघुवर दास सरकार के द्वारा भी क्षेत्र में कई विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर किया गया।

मौके पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सिकंदर अंसारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, अजय महतो, शिवशंकर केसरी, जिला ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष नरेश साहू, मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, अगमलाल महतो, सुनील महतो, राजेन्द्र महतो, घनेनाथ महतो, दुर्गा महतो, सुरेश महतो, शिवलाल पहान, धनीराम महतो, देवनाथ महतो सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लोहरदगा की टीम बनी डॉ मसीह प्रकाश एक्का नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। शहीद सुबेदार मेजर शांति तिर्की स्पोर्टिंग क्लब नगड़ी के तत्वावधान में डब्ल्यू जॉन मल्टीपरपस बोर्डिंग स्कूल परिसर में आयोजित डा. मसीह प्रकाश एक्का मेमोरियल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच लोहरदगा फाइटर क्लब और संगम क्लब नगड़ी के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते लोहरदगा की टीम ने 10 ओवर में 91 रन बनाए जबकि नगड़ी की टीम मात्र 52 रन के स्कोर में आल आउट हो गयी और लोहरदगा की टीम ने 39 रन से मैच जीत कर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि अजयनाथ शाहदेव, भरत कांशी और कलाम आजाद सहित समिति के लोगों के द्वारा विजेता लोहरदगा की टीम को 50,000 नगद और एक कप एवं उपविजेता नगड़ी की टीम को 30000 नगद और एक कप देकर सम्मानित किया गया। मौके पर संरक्षक डॉ सुफल एक्का, डा. सुदर्शन डेविड एक्का, केशव भगत, अध्यक्ष एम पियर्सन एक्का, उपाध्यक्ष विजय धान, साह आलम, मंगल उरांव, ऐनुल अंसारी, लाला चौधरी, अरशद, समीर, संतोष एवं मो. गाजी सहित क्लब के लोग शामिल हुए।

# प्रखंड कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सीओ से मिलकर शिविर के आयोजन पर की चर्चा

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल प्रखंड अध्यक्ष सहाबीर लोहरा के नेतृत्व में शुक्रवार को अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला से मुलाकात की। 1 जून से 30 जून तक जनसमस्याओं के मुद्दे को लेकर पंचायत एवं प्रखंड में शिविर का आयोजन पार्टी द्वारा आहूत किया गया है इसको लेकर वातार्लाप की गयी। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेसी नेता संजय सरैया, प्रखंड महासचिव मकसूद अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष शक्ति महतो, मंडल अध्यक्ष अख्तर अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष माहिर अंसारी एवं अन्य लोग शामिल थे।

# इंटर की पढ़ाई पुनः शुरू होने की खुशी में पूर्व विधायक ने केसीबी कॉलेज बेड़ो पहुंच दी बधाई



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर शुक्रवार को करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो पहुंचीं। उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजा अजीत कुमार से मिलकर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं और सभी कर्मचारियों को पुनः इंटरमीडिएट की पढ़ाई जारी होने की खुशी में बधाई व शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने गुरुवार को अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ महामहिम राज्यपाल से मिलकर कर सभी ग्रामीण अंगीभूत महाविद्यालयों में बंद हुए इंटरमीडिएट की पढ़ाई को पुनः जारी करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा था। साथ ही माध्यमिक पास हजारों ग्रामीण विद्यार्थियों के प्रति चिंता व्यक्त की थी। वहीं परिणाम स्वरूप कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई पुनः बहाल हुई। जिससे पूरे क्षेत्र में शिक्षक, छात्र व अभिभावकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने भी पूरे शिक्षक व छात्र समुदाय की ओर से इस ऐतिहासिक फैसले के लिए महामहिम राज्यपाल के प्रति आभार जताया। वहीं मौके पर प्राचार्य ने पूर्व विधायक को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। साथ ही सयुंक्त रूप से कॉलेज परिसर में संस्थापक पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. करमचन्द भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर इंटर संकाय के शिक्षक और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने भी पूर्व विधायक से मिलकर उनके प्रति आभार जताया और उनके द्वारा की गयी पहल और कार्य की सराहना की। वहीं मौके पर प्राचार्य डॉ राजा अजीत कुमार, डॉ विंध्याचल राम, प्रो. प्रदीप अधिकारी, सुकुल महतो, दीपक कुमार एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में राजीव रंजन अधिकारी, बलराम सिंह, अंकित सोनी, गौरव केशरी, एबीवीपी के आकाश रक्षित, विक्रम महतो, सोनम कुमारी, दिवाकर महतो, अर्जुन कुमार, सतीश कुमार व गौतम कुमार समेत सैकड़ों छात्र व कॉलेज के सभी कर्मचारी आदि मौजूद थे।

**विकास तीर्थ यात्रा :** रांची सांसद ने किया पिस्का स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्य और ओवरब्रिज के कार्यों का निरीक्षण

# पिस्का स्टेशन को आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित करना मेरा लक्ष्य है : संजय सेठ

**विकास तीर्थ का यह स्थल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्य की ही देन है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** रांची सांसद संजय सेठ शुक्रवार को पिस्का स्टेशन में 60 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे निर्माण कार्य और रांची-गुमला मार्ग पिस्का स्टेशन ओवरब्रिज के कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर स्थानीय पत्रकारों को संबोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि पिस्का स्टेशन को आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित करना मेरा लक्ष्य है। इस स्टेशन में तीस करोड़ का कार्य लगभग पूर्ण होने जा रहा है। जिसमें अभी तक आधुनिक सुविधा से लैस नया स्टेशन भवन, एक प्लेटफार्म और स्टेशन का कार्य चलेगा। जल्द ही इस पिस्का स्टेशन में तीस करोड़ रुपये का सेकंड फेज का कार्य प्रारंभ होगा। जिसमें एक प्लेटफार्म और एक ओवरब्रिज का निर्माण होगा। आज इस स्टेशन में तीन प्लेट फार्म मौजूद हैं और एक और प्लेट फार्म बनेगा। पिस्का स्टेशन में कुल चार प्लेट फार्म होगा। विकास तीर्थ का यह स्थल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्य का ही देन है, जिसमें हजारों रेलयात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि कुल 60 करोड़ की लागत से यह स्टेशन मॉडल स्टेशन के रूप में पूर्ण रूप से विकसित होगा। भारत सरकार के रेल मंत्री से वार्ता कर इस स्टेशन मार्ग से दो रेल गाड़ी का आज परिचालन हो रहा है। एक नई दिल्ली और दूसरी रांची-सासाराम पैसेंजर ट्रेन है। इस पिस्का स्टेशन से जल्द ही एक रेलगाड़ी दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले नौ वर्षों में देश के विकास के लिए कार्य किया। लोगों के जनहित और जन कल्याणकारी योजनाओं के कार्य किए हैं। नगड़ी में निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज का कार्य भी बहुत जल्द होगा। उन्होंने ओवरब्रिज के कार्य में हुई देरी का कारण राज्य सरकार को ठहराया। राज्य सरकार की ढुलमूल नीति और ओवर ब्रिज के आसपास के निवासियों को मुआवजा की राशि नहीं देना इसका बड़ा कारण है।

मौके पर सांसद ने रांची के उपायुक्त से बात कर उन्हें ओवर ब्रिज के कार्य में हो रही बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया। रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि पूरे नगड़ी प्रखंड के साथ-साथ रांची लोकसभा में विकास की गंगा बहाना ही मेरा लक्ष्य है। जल्दी ही नई योजना बनाकर झारखंड के झारखंड की जीवनदायिनी नदी स्वर्णरिखा नदी का उद्गम स्थल रानीचुआं भी पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का कार्य शीघ्र ही आरंभ किया जाएगा।

मौके पर पूर्व प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्र, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशिभूषण भगत, सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, दौलत केसरी, मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी, मनीष केसरी, हिन्दुवा उरांव, विजु महतो, मुकेश महतो, शीतल साहू, नंद किशोर महतो, टोनी केसरी, बबलू महतो, रितेश कुमार महतो, चूड़ामणि महतो, प्रेम सागर महतो, अजय नायक, विकास उरांव, दीपक केसरी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय महिला परिषद ने दिल्ली हत्याकांड में न्याय दिलाने की मांग की

**प्रतिनिधिमंडल ने रांची उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** राष्ट्रीय महिला परिषद झारखंड की अध्यक्ष तन्द्रा मुखर्जी के नेतृत्व में शुक्रवार को रांची डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर चंद्र मुखर्जी ने कहा कि भारत में एक महिला राष्ट्रपति होने के बावजूद भी दिल्ली में एक हिंदू बेटी सहित कई बेटी बहन की हत्या हो जाना यह प्रदर्शित करता है कि भारत में हिंदू खतरे में है। कहा कि भारत में आए दिन कट्टरवादी इस्लामिक मानसिकता रखने वाले लोग अपना नाम बदलकर एवं धर्म छिपाकर मासूम हिंदू बहन बेटियों को बहला-फुसलाकर प्यार के साजिश में फंसाते हैं और उनका धर्मांतरण कराकर नर्क की जिंदगी जीने के लिये विवश कर देते हैं। हिंदू लड़की के द्वारा इस्लाम स्वीकार ना करने पर उनको मौत के घाट उतार दिया जाता है। विदित है कि दिल्ली में साहिल नाम के इस्लामिक कट्टरपंथी व्यक्ति ने नाबालिग हिंदू बेटी को सिर्फ इसलिए मौत के घाट उतार दिया क्योंकि लड़की ने साहिल के लव जिहाद पूर्ण प्रेम प्रस्ताव और उसके साथ शादी करने से मना कर दिया था। जिस कारण साहिल ने लड़की के शरीर पर 40 से अधिक चाकू से वार कर और फिर पत्थर से कूचकर मौत के घाट उतार दिया था।

ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के मंत्री दिलीप वैद्य, महिला परिषद रांची विभाग पिंकी पांडेय, राष्ट्रीय महिला परिषद महानगर मंत्री डोली सिंह, उपाध्यक्ष मिठू घटक, स्वास्तिक महिला क्लब नामकुम की अध्यक्ष नीता शर्मा, सुप्रिया दास, महानगर मंत्री आदित्य कुमार स्वर्णकार आदि शामिल थे।

# संगठन के माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षित कर रहे हैं समाज के पूर्व सैनिक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** महादानी मैदान स्थित डे बोर्डिंग भवन में रिटायर्ड सैनिकों के द्वारा सरना आदिवासी विकास समिति संगठन के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पूर्व सैनिक संजय लकड़ा ने बताया कि हमारे जैसे कई भूतपूर्व सैनिक व सेना में कार्य करने वाले जवानों ने बच्चों के लिए प्रशिक्षण केन्द्र खोला है। जिसमें एक घंटा मैदान में शारीरिक अभ्यास कराते हैं। साथ ही बच्चों को आर्मी, बीएसएफ, रेलवे, शिक्षक, पुलिस, सीआरपीएफ, सिविल सेवा में जाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण देते हैं ताकि वे फिजिकल टेस्ट में पास हो सकें। उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। यहां के आदिवासी बच्चे अधिक से अधिक संख्या में जॉब पा सकें इसके लिए संगठन के सुका खलखो, उपाध्यक्ष प्रदीप उरांव, सचिव सूर्यकांत कच्छप, कोषाध्यक्ष मंगल केरकेट्टा, उप कोषाध्यक्ष जगन उरांव, सुनील उरांव के अलावे कार्यकारिणी सदस्यों में संजय लकड़ा, दासू कच्छप, मेघु उरांव मनोज उरांव, संजय तिग्गा, बंदे उरांव, अजय लकड़ा सहित कई लोग प्रशिक्षण केंद्र में अपना योगदान दे रहे हैं।

**बैठक :** बेड़ो बीडीओ ने विकास कार्यों की समीक्षा की, दिये निर्देश

# सभी गांवों में 5-5 योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करें

**सभी पंचायतों में चालू कार्यों एवं बंद हुई योजनाओं को तीन दिनों के अंदर पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के सभी गांवों में मनरेगा के तहत निश्चित रूप से 5-5 योजनाओं का संचालन सुनिश्चित कर इच्छुक मजदूरों को गांव में ही कार्य उपलब्ध कराया जाए। उक्त बातें शुक्रवार को प्रखंड में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों को रोजगार मुहैया कराना मनरेगा और मनरेगा कर्मियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है जिसे किसी भी कीमत पर नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। प्रत्येक गांव में 5-5 योजनाओं के संचालन के साथ-साथ 150 से 200 मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सक्रिय मजदूरों का आधार संख्या तीन दिनों के अंदर निश्चित रूप से एंट्री करा ली जाए। साथ ही मनरेगा के मजदूरों का एबीपीएस के माध्यम से भुगतान कराना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इन कार्यों में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जियो टैग पर विशेष फोकस करते हुए कहा कि सभी पंचायतों में चालू कार्यों एवं बंद हुए योजनाओं को तीन दिनों के अंदर निश्चित रूप से पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिया। वहीं पीएम आवास 15वें वित्त सहित अन्य विभागों में चल रहे विकास कार्यों समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने कहा कि जिन पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्र पूर्ण हो गए हैं उन्हें बंद करने का निर्देश दिया। भीमराव अंबेडकर एवं प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप कार्यों में प्रगति संतोषजनक नहीं है। यह जरूरी है कि अपेक्षाकृत प्रगति लाते हुए आवास योजनाओं को मनरेगा सॉफ्ट में अतिशीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। आवास योजनाओं के लाभुकों को मनरेगा से दी जाने वाली मजदूरी की राशि समय पर अदा करना मनरेगा कर्मियों का अहम दायित्व है जिसमें लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 15वें वित्त के तहत बनाए जाने वाले कंपोस्ट पिट, नाडेप पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सहित अन्य योजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी। रोजगार सेवकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन प्रति गांव कम से कम पांच योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करें इसके लिए अगर पंचायत और गांव में पर्याप्त योजनाएं नहीं हैं तो नई योजनाएं शुरू करते हुए 5-5 योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करें। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, फारुक नदीम, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक, लेखापाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है नव भारत का निर्माण : अमरनाथ चौधरी



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर 30 मई से लेकर 30 जून तक भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा महाजनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। खिजरी विधानसभा के अंतर्गत ओरमांझी मंडल में 'विकास तीर्थ' दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार की योजना से बने शास्त्री चौक दड़दाग में पावर सब स्टेशन व नवनिर्मित पानी की टंकी का कार्यकर्ताओं ने अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से बीजेपी किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी ने मोदी सरकार के नौ साल में किए गए कार्यों से अवगत कराया और कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के कारण दुनिया नव भारत का निर्माण होते देख रही है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हम उभरते भारत के साक्षी हैं। इस दौरान मंडल महामंत्री अलखनाथ महतो, बालक पाहन, कृष्ण महतो, महाजनसंपर्क कार्यक्रम प्रभारी रोहित साहू, शशि मेहता, राजधाम साहू, मंडल उपाध्यक्ष, अशोक पाहन, सुरेन्द्र प्रजापति, विजय आनंद, जय प्रकाश कुमार, कामेश्वर महतो, किरण देवी, धनंजय महतो, सिकंदर महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रिंगरोड में तेज रफ्तार पिकअप वैन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के रिंग रोड डुंगरी मोड़ के समीप शुक्रवार सुबह पिकअप वैन की चपेट में आकर बाइक सवार वृद्ध की मौके पर ही मौत गयी। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार बरथोलोमियुस भेंगरा (61) ग्लैमर बाइक से खरसीदाग रिंग रोड से टाटा रोड की ओर जा रहा था। पीछे से आ रहे पिकअप वैन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और रिंग रोड के डिवाईडर पर चढ़कर फंस गया। मौके पर आसपास के लोग जुट गये। घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

# लापुंग के देवगांव से बानो जा रही बाराती बस व बालू लदे हाइवा में हुई टक्कर, बस चालक घायल

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** देवगांव गांव से परितोष सिंह की बारात जाने के क्रम में पोकटा गांव के पास रात करीब 9.30 बजे अवैध बालू लदा हाईवा व बाराती बस में टक्कर हो गई। जिसमें बस चालक को सिर में हल्की चोट आई और बस भी क्षतिग्रस्त हुई है। मौके पर पोकटा गांव के ग्रामीणों की सहायता से हाईवा को पकड़ लिया गया, लेकिन हाईवा का ड्राइवर फरार हो गया। इधर आक्रोशित बारातियों ने हाईवा का शीशा को तोड़फोड़ कर टायर का हवा निकाल दिया। हाइवा को ककरिया पिकेट पुलिस की सहायता से ककरिया पहुंचाया गया। वहीं बाराती दूसरी बस से बारात के लिए निकले।

# शहीद लांस नायक राजकुमार महतो 19वां शहादत दिवस समारोह को लेकर की गयी तैयारी बैठक

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मासू मंझिला टोली मिलन चौक हेसल में 4 जून को शहीद लांस नायक राजकुमार महतो के 19वां शहादत दिवस समारोह को लेकर शुक्रवार को शहीद स्मारक समिति की एक तैयारी बैठक की गयी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये, जिसमें वर्षों से प्रस्तावित मासू पतरा खेल मैदान का नामकरण शहीद राजकुमार महतो के नाम पर करने तथा इसका विधिवत उदघाटन 4 जून को ही करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा जूनियर, सीनियर बालक-बालिका क्रॉस कंट्री दौड़ आदि कार्यक्रम भी आयोजित करने का निर्णय हुआ। मौके पर समिति के विष्णु महतो, कारीनाथ महतो, जगरनाथ महतो, देवराज पाहन, रामेश्वर महतो, महेन्द्र महतो, कृष्णा करमाली, रितुलाल महतो, मोहन महतो, धनेश्वर महतो, मदरा मुण्डा, सकल महतो, मनीष कुमार, सोनेलाल महतो आदि उपस्थित थे।

# पति ने टांगी से प्रहार कर पत्नी को मार डाला

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के राजाडेरा जिंतुबेड़ा गांव में गुरुवार की रात मामूली सी बात को लेकर पति विजय महतो ने पत्नी जगन देवी की टांगी से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारे पति विजय महतो को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि जगन देवी विजय की दूसरी पत्नी थी। गुरुवार को विजय महतो बेड़वारी गांव में एक ब्राह्मन भोज में शामिल होने के बाद रात में घर लौटा था। घर पहुंचते ही पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी बीच गुस्से में आकर विजय महतो ने पास में रखी टांगी से पत्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मौके पर गंभीर रूप से घायल जगन देवी को रात में ही एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस मामले ने मामले की छानबीन की।

# ट्रेन से कट कर छात्र की हुई मौत

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जिंतुपीड़ी में शुक्रवार की सुबह ट्रेन से कटकर नीतिश कुमार महतो नामक एक छात्र की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक छात्र सुबह बकरियों के चारा के लिए पतल तोड़ने जंगल गया हुआ था। वह अपने कान में हेडफोन लगाए हुए था तथा रेलवे लाइन को पार कर रहा था। इसी दौरान एक ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गया। बताया गया कि मृतक नीतिश कुमार महतो पिता राजेश्वर प्रसाद महतो रांची में रहकर पढ़ाई करता था। गर्मी छुट्टी में वह घर आया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी एवं अनगड़ा पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

# पत्रकार के पुत्र सीएससी संचालक से रुपये की लूट

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के पत्रकार रामप्रसाद साहू के पुत्र फतेहपुर में सीएससी संचालक पवन कुमार साहू के काउंटर से लगभग एक लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया गया। घटना लगभग छह बजे शाम की है। दो लुटेरे काउंटर में ग्राहक बन कर आये और हथियार सटाकर रुपये लूटकर पैदल भाग निकले व एक मोटरसाइकिल से लापुंग की ओर भाग निकला। उसमें एक मुंह में गमछा बांधे हुए था। हल्ला सुनकर गांव के लोगों ने कुछ दूर तक पीछा किया पर अपराधी भाग निकले। फोन पर सूचना देने के बाद लापुंग पुलिस घटनास्थल पर पहुचकर छानबिन कर रही है। इसी दुकान पर पीएलएफआई द्वारा 16 अप्रैल को पोस्टर साटा गया था इसकी लिखित सूचना लापुंग थाना को दी गयी थी, पर लापुंग पुलिस कुछ कार्रवाई नहीं की। घटना की सूचना पाकर जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो व समाजसेवी सुखदेव उरांव ने घटना की जानकारी ली व अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए लापुंग थाना प्रभारी सकुमार से कही।

### एसीबी की कार्रवाई के बाद नप अधिकारियों पर हमलावर हुए प्रतिनिधि व राजनेता

# विश्रामपुर नगर परिषद भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है: नईमुद्दीन अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** बसपा के वरीय नेता सह नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी ने आरोप लगाया कि विश्रामपुर नगर परिषद भ्रष्टाचार और लूटखसोट का अड्डा बन चुका है। नप के अधिकारी से कर्मचारी तक भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं। अगर व्यापक स्तर पर निष्पक्ष जांच हो तो सहायक नगर आयुक्त सहित कई पदाधिकारी जेल में होंगे। वे



पत्रकारों से वार्ता करते बसपा नेता सह नप अध्यक्ष प्रतिनिथि नईमुद्दीन अंसारी व अन्य।

शुक्रवार को रेहला स्थित शिवाक्ष रेस्टरों में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। बताते चलें कि पलामू एसीबी की कार्रवाई के बाद नप प्रतिनिधि और राजनेता बिश्रामपुर नगर परिषद अधिकारियों व कर्मियों पर हमलावर हुए हैं। गौरतलब हो कि गुरुवार को एसीबी की टीम ने नगर परिषद के प्रधान सहायक अनिल कुमार और चालक जितेंद्र बहेलिया को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि निविदा से लेकर क्रय तक हर प्रक्रिया में अनियमितता बरती गई है। यह सब सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज के संरक्षण में चल रहा है। नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि मो प्रवेज के कार्यकाल में हुए सभी कार्यों की जांच होनी चाहिए। वहीं, युवा बसपा नेता राहुल दुबे ने दस्तावेजों के साथ सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज पर कई संगीन आरोप लगाया। इस मौके पर बसपा नेता राहुल दूबे, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, निवर्तमान वार्ड पार्षद सलीमुदीन अंसारी, उस्मान अंसारी, ददई ठाकुर, सदानंद शुक्ला गुड्डू आदि मौजूद थे।

## एकजुट होकर युवा लड़ें अपने हक की लड़ाई : सूर्या सिंह

**एनसीपी के प्रवक्ता ने किया क्षेत्र के कई गांव का दौरा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** एनसीपी के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने शुक्रवार को हुसैनाबाद-हरिहरगंज के दर्जनों गांव का दौरा किया। इस दौरान युवाओं से सहयोग और बुजुर्गो से आशीर्वाद मांगा। लगे हाथ गांव की समस्याओं की भी जानकारी ली। कहा कि हरिहरगंज में युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 50 से 80 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है। वह हरिहरगंज में उच्च शिक्षा के लिए केंद्र या डिग्री कालेज की स्थापना कराने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान विधायक कोटा व अन्य योजनाओं से की जा रही है। हुसैनाबाद के इलाके में आधुनिक खेती करने वाले किसानों की सराहना की। कहा कि उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए जो भी जरूरत होगी हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह करने को तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। इसे एक दिन में दूर नहीं किया जा सकता है। रोजगार के साधन विकसित करने में पूरा एनसीपी परिवार जुटा हुआ है। धीरे-धीरे इस समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि सभी सड़को को दुरुस्त किया जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल के लिए स्टेडियम समेत अन्य योजनाओं पर भी तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वह 2005 से 2009 व 2019 से अबतक के विकास पर नजर दौड़ाएं। इन दोनों कार्यकाल के बीच के विकास कार्य का आकलन खुद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनसीपी ही हुसैनाबाद हरिहरगंज को एक विकसित क्षेत्र का निर्माण कर सकता है। सूर्या सिंह ने जिन पंचायतों का दौरा किया है उसमें पथरा पंचायत के पीपरडीह, इटवां बेनिकला पंचायत के तेंदुआ व करीमनडीह, लोटनिया पंचायत के पिपरडीह टोला व ककोरिया, महुवरी पंचायत के दुल्हर व टिकर पर के अलावा कई पंचायतें शामिल हैं।

## सद्भावना चौकड़ी की बैठक में बंद बीडीएम ट्रेन चलाने की मांग की, दी गयी आंदोलन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अर्बन अस्पताल परिसर में शुक्रवार को सद्भावना चौकड़ी के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें डीडीयू रेल मंडल के बीडी रेल सेक्सन में लंबे समय से बंद बारकाकाना-वाराणासी 03359/03360 स्पेशल पैसेंजर ट्रेन का परिचालन शुरू कराने की मांग को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसमें रेल मंडल प्रबंधक डीडीयू और रेल महाप्रबंधक के नाम स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। उक्त ट्रेन बंद रहने से हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, नवाडीह समेत पलामू के आम यात्रियों को यात्रा में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके संरक्षक एजाज हुसैन ने कहा कि बीडीएम ट्रेन बीडी रेल खंड की लाइफ लाइन है। बरकाकाना-वाराणसी ट्रेन इस



रेल खंड की सबसे पुरानी ट्रेन है। बावजूद इसके ट्रेन को लगातार कुछ न कुछ कारण बताकर रद्द कर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीडीएम ट्रेन को जनहित में अविलंब चालू नहीं किया गया तो आंदोलन चलाने पर बाध्य होना पड़ सकता है। वहीं, जाकिर अली ने कहा कि इस ट्रेन को गत दो मार्च तक नन इंटर लॉकिंग कार्य को लेकर बंद किया गया था। जबकि पुनः इसे 25 अप्रैल से वाराणासी में यार्ड रि मॉडलिंग कार्य को लेकर 28 तक स्थगित कर दिया गया है। रेल प्रशासन की जनविरोधी नीति से इस ट्रेन का लाभ झारखंड के लातेहार, पलामू व गढ़वा के अलावे बिहार के औरंगाबाद, रोहतास, कैमूर जिले के लोगों को भी नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन देने के बाद आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में सद्भावना चौकड़ी के संरक्षक एजाज हुसैन उर्फ छेदी खां, सचिव जाकिर अली उर्फ राज अली, उदय सोनी, इजहार अंसारी, इम्तियाज आलम,जनक पासवान, असलम खान, जीतेन्द्र आदि मौजूद थे।

## शारीरिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी : विजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** युवा सहयोग समिति एवं छात्र क्लब कला संस्कृति एवं खेलकूद मंच के संयुक्त तत्वावधान में खेलकूद जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर सुबह में मधुकम, ओटीसी एवं बिड़ला मैदान में खेल रहे बच्चों को खेलकूद की ढेर सारी टिप्स एवं खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने किया। युवा सहयोग समिति की अध्यक्षा सह प्रसिद्ध समाजसेवी विजेता वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए खेलकूद अति आवश्यक है।



खेलकूद से तन-मन स्वस्थ रहता है एवं शारीरिक विकास भी होता है। प्रतिदिन सुबह, शाम अपनी रूचि के अनुसार खेलकूद करना चाहिए। वहीं, क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा कि झारखंड के अनेक खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया है। हमें शुरू से ही अपने रुचिकर खेल का प्रतिदिन अभ्यास करना चाहिए। क्लब के संरक्षक सुवेश पांडे, अजय कुमार, महेश चंद्रा, नरेश पंडित, मनीष पाठक ने भी बच्चों को खेलकूद के टिप्स एवं महत्व के बारे में बताया। वहीं, कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व युवा सहयोग समिति एवं क्लब की ओर से बच्चों के बीच ग्लूकोज, टॉफी, बैंडेज, ओआरएस आदि वितरण किया गया।

## रांची में बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**रांची (आजाद सिपाही)।** जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर धुर्वा के सेक्टर दो स्थित लीची बागान में आयोजित किया गया था, जिसमें पूरे रांची जिले से लगभग 80 बालक-बालिकाओं को खो-खो खेल का बारीकी से अभ्यास कराया गया। सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों को जनरल वार्मअप के बाद खेल से संबंधित स्पेसिफिक व्यायाम, इंडूरेनस टेस्ट, रोड रंनिग एवं सूर्य नमस्कार के माध्यम से खिलाड़ियों के शरीर को फिटनेस के तहत लचीलापन, फुतीर्ला बनाने पर ज्यादा जोर दिया गया। सभी खिलाड़ियों को प्रतिदिन अलग-अलग जानकारी एवं सीनियर, सबजूनियर, महिला खो-खो कोर्ट की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिदिन सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार,नवनियुक्त प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षक पूनम एक्का, अनीता कुमारी, राजीव उरांव, जयंती एक्का, कुलदीप सोरेंग एवं दुर्गेश बेसरा ने पूर्ण रूप से सहयोग किया। समापन समारोह के अवसर के मुख्य अतिथि रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष और ड्डाजपा झारखंड प्रदेश महिला अध्यक्ष आरती कुजूर, विशिष्ट अतिथि भाजयुमो रांची महानगर कला एवं खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कुजूर ने कहा कि बहुत जल्द सड्डी प्रशिक्षणार्थियों को जर्सी पेंट अन्य आवश्यक चीजें उपलब्ध कराया जायेगा। नियमित अड्डयास के लिए 30-30 बालक-बालिका का चयन किया गया है, जो पांच जून से नियमित रूप से अभ्यास करेंगे। इस अवसर पर खो-खो खेल के वरीय खिलाड़ी सह राष्ट्रीय निर्णायक विजय पाल तिर्की, सुनील कुमार, ड्डारत कुमार, सुड्डाष गांगुली एवं कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## डीसी के जनता दरबार में आये 25 से अधिक मामले

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याओं के निवारण के लिए डीसी के समक्ष 25 से अधिक मामलों के आवेदन आये। सभी का फरियाद सुन डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीसी वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की ओर से गलत



एलपीसी निर्गत करने, गैरमजरूआ जमीन में मकान बनाने, अधिग्रहित भूमि का मुआवजा भुगतान, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, रोजगार, स्वास्थ्य अनुदान नियोजन, मनरेगा अंतर्गत बगैर काम की राशि निकासी, म्यूटेशन और राशन आदि से संबंधित आवेदन आये जिसे डीसी ने मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन का आदेश दिया।

## विधायक से मिला झारखंड राज्य सहयोगी सामुदायिक समन्वय समिति का प्रतिनिधिमंडल

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य सहयोगी सामुदायिक समन्वय समिति का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार को रांची में बुंडू झामुमो विधायक विकास सिंह मुंडा से मुलाकात कर आग्रह किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करवाएं, ताकि वे लोग समस्या का समाधान हो सकें। कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की ओर से स्वीकृत प्रस्ताव आप की स्वीकृति मिलने के बाद स्वीकृति के लिए कैबिनेट में चला गया है। पारित प्रस्ताव के अनुसार हम लोगों के सेवानिवृत्ति या मृत्यु के बाद पांच लाख रुपया मिलेगा। मरने के बाद आश्रितों को अनुकंपा का लाभ मिलेगा। इपीएफ कटेगा और सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन मिलेगा। बताया कि जिन लोगों का निधन हो चुका है उनका परिवार बेसहारा,



लाचार और असहाय होकर चौराहे पर आ रहे हैं। यह दर्दनाक, भयावह और असहनीय स्थिति है। इस प्रस्ताव को जल्द कैबिनेट की स्वीकृति दिलाई जाए। इसके अलावा आकलन परीक्षा से वंचित लगभग 4000 सहायक अध्यापकों को परीक्षा फॉर्म भरने की मंजूरी दी जाए। सेवा संपुष्टि के बाद जनवरी माह से ही 4 फीसदी मानदेय वृद्धि लागू है लेकिन जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारियों के लापरवाही के कारण इसका लाभ नहीं मिल रहा है। आग्रह है कि विभाग के द्वारा इन पर दबाव देकर भुगतान कराया जाए। इस पर विधायक ने यथासंभव मदद का आश्वासन दिया।

## वर्षों से प्रभार में चल रहा कई विभागों का कामकाज

**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)। जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड में कई विभागों का कामकाज वर्षों से प्रभार में ही चल रहा है। जिससे आमजन को परिशानी हो रही है। अंचल में तीन-चार वर्षों से सीओ की पदस्थापन नहीं होने से बीडीओ ही सीओ के प्रभार में है। वहीं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का भी प्रभार बीडीओ के पास ही है।**

## झारखंड की अंशिका ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड की अंशिका कुमारी ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया गेम्स के तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। 25 मई से तीन जून तक उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में शुक्रवार को रिकर्व महिला वर्ग के फाइनल में गुजरात की भार्गवी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। बतातें चलें कि झारखंड की अंशिका कुमारी कोल्हान यूनिवर्सिटी की छात्रा है। वर्तमान में एकलव्य तीरंदाजी एकेडमी सेल किरीबुरू में तीरंदाजी करती है। स्वर्ण पदक जीतने पर अंशिका को खेल निदेशक डॉ सरोजिनी लकड़ा ने बधाई दी। साथ ही झारखंड के सभी तीरंदाजी प्रशिक्षकों के अलावा झारखंड के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

ई–निविदा संख्या – 02/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 01.06.2023

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेराल | RWD/ GARHWA/ 03/2023-24 | तरके में आर0ई0ओ0 रोड से शिव नाला तक पथ निर्माण। (0.900 कि0मी0) | 67.141 | सड़सठ लाख चौदह हजार एक सौ रूपये। | 10000 | 135000 | तीन महीना |
| 2 | मेराल | RWD/ GARHWA/ 04/2023-24 | बिकताम डॉ0 इलियास अंसारी के घर से रूप नारायण के घर तक पथ निर्माण। (0.670 कि0मी0) | 47.073 | सैंतालीस लाख सात हजार तीन सौ रूपये। | 5000 | 95000 | तीन महीना |
| 3 | गढ़वा | RWD/ GARHWA/ 05/2023-24 | करचा में मुख्य नहर पुल बी0टी0 रोड से प्राथमिक विद्यालय होते हुए डुमरिया सीमा तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.995 कि0मी0) | 69.890 | उन्हत्तर लाख नवासी हजार रूपये। | 10000 | 140000 | तीन महीना |
| 4 | मेराल | RWD/ GARHWA/ 06/2023-24 | लोवादाग स्वास्थ्य उपकेन्द्र से पढ़ुआ PMGSY रोड तक पथ निर्माण। (0.800 कि0मी0) | 85.242 | पचासी लाख चौबीस हजार दो सौ रूपये। | 10000 | 171000 | तीन महीना |
| 5 | गढ़वा | RWD/ GARHWA/ 07/2023-24 | अचला देवी धाम से अचला प्राथमिक विद्यालय तक पीसीसी पथ एवं पुलिया निर्माण। (0.500 कि0मी0) | 47.559 | सैंतालीस लाख पचपन हजार नौ सौ रूपये। | 5000 | 96000 | तीन महीना |
| 6 | मेराल | RWD/ GARHWA/ 08/2023-24 | पेसका में बुढ़वा मेला शिव मंदिर से श्यामसुन्दर के घर होते हुए पेसका बाजार तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.450 कि0मी0) | 31.377 | एकतीस लाख सैंतीस हजार सात सौ रूपये। | 5000 | 63000 | तीन महीना |
| 7 | गढ़वा | RWD/ GARHWA/ 09/2023-24 | ग्राम बोंगासी में संजय दूबे के घर होते हुए देवी मण्डप तक पीसीसी पथ निर्माण। | 24.821 | चौबीस लाख बयासी हजार एक सौ रूपये। | 5000 | 50000 | तीन महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यालय प्रकोष्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 21.06.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.06.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0वि0वि0 (ग्रा0का0मामले), कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 299000 Rural Work Department(23-24).D


# स्पोर्ट्स




आइपीएल खत्म होते ही भारतीय क्रिकेट फैंस का फोकस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर लौटने वाला है। सात जून से इंग्लैंड के ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर वर्ल्ड टेस्ट चैंपिनयशीप का फाइल भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच होगा

### आइपीएल खत्म होते ही अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की भरमार, 7 जून से वर्ल्ड टेस्ट चैंपिनयशिप

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद वेस्टइंडीज का दौरा, फिर एशिया और वर्ल्ड कप भी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के खत्म होते ही भारतीय क्रिकेट फैंस का फोकस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर लौटने वाला है। आगामी सात जून से इंग्लैंड के ओवल क्रिकेट ग्राउंड पर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला जाना है। इसमें भारत के सामने ऑस्ट्रेलिया की टीम होगी। इसके बाद भी लगातार भारतीय टीम एक्शन में दिखने वाली है। बतातें चलें कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल खेलने के बाद भारतीय टीम ब्रेक लेगी और इसके बाद जुलाई में वेस्टइंडीज के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट, 3 वनडे और 3 टी-20 मुकाबले खेलेगी। यह टूर 12



जुलाई से 13 अगस्त यानी एक महीना चलेगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की नई साइकिल फिर शुरू हो जाएगी। भारत के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट जीतना अहम होगा, क्योंकि इसके पॉइंट्स अगली डब्ल्यूटीसी की पॉइंट्स टेबल में जुड़ेंगे। वनडे और टी-20 सीरीज से भारत वेस्टइंडीज के नए स्क्वॉड को समझ पाएगा। साथ ही वर्ल्ड कप के लिए अपनी स्ट्रैटजी को फाइन-ट्यून करने का मौका भी मिलेगा।

### अगस्त में आयरलैंड में होंगे 3 टी-20 मुकाबले

वेस्टइंडीज टूर के तुरंत बाद टीम इंडिया आयरलैंड में तीन टी-20 मुकाबले खेलने जाएगी। इस दौरान उम्मीद है कि भारत के यंग टैलेंट को मौका मिले। आइपीएल में अपना नाम बनाने वाले खिलाड़ियों को इस टूर के दौरान भारतीय जर्सी में देखा जा सकता है। तीनों टी-20 मुकाबले आयरलैंड में ही खेले जाएंगे।

### सितंबर में होगा एशिया कप

इस साल सितंबर में वनडे एशिया कप खेला जाएगा। इसे मिनी वर्ल्ड कप भी माना जा सकता है। टूर्नामेंट में भारत समेत छह टीमें हिस्सा लेंगी और इनमें 2 ग्रुप होंगे। भारत के ग्रुप में पाकिस्तान और नेपाल हैं। दूसरे ग्रुप में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें हैं। दोनों ग्रुप से दो-दो टीमें सुपर चार में पहुंचेंगी, जहां सभी टीमें आपस में 1-1 मैच खेलेंगी। सुपर-4 में टॉप-2 पर रहने वाली दो टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा। भारत के लिए वर्ल्ड कप के नजरिए से एशिया कप बहुत महत्वपूर्ण होगा। टूर्नामेंट में खेलने से भारत को मल्टी टीम इवेंट खेलने का अनुभव होगा और मैनेजमेंट को टीम की मजबूती और कमजोरियां समझने में आसानी होगी। एशिया कप का शेड्यूल अभी तक फाइनल नहीं हुआ है।

### वर्ल्ड कप से पहले भारत आएगा ऑस्ट्रेलिया

वर्ल्ड कप से ठीक पहले सितंबर में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत आएगी। ऑस्ट्रेलिया भारत में तीन वनडे मुकाबले खेलेगी। वर्ल्ड कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे खेलना भारत के लिए फायदेमंद होगा। ऑस्ट्रेलिया दुनिया की टॉप टीमों में से एक है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत से भारत को मेंटली बूस्ट मिलेगा।

### केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा ने किया विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन

# मोदी सरकार में हुआ धनबाद के साथ पूरे देश का विकास: पशुपतिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत धनबाद विधानसभा में शुक्रवार को विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत आइआइटी आइएसएम के मुख्य द्वार से हुई। बीबीएमकेयू के पॉलिटेक्निक रोड स्थित भवन से होते हुए आठ लेन सड़क जाकर समाप्त हुई। इसमें शामिल धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धनबाद सहित पूरे देश का चहुमुखी विकास हुआ है। धनबाद में आइआइटी की मांग वर्षों से की जा रही थी। राहुल गांधी जब आइएसएम आये थे तब उनसे भी मांग की गई थी, जबकि उस समय केंद्र में कांग्रेस की ही सरकार थी, लेकिन उनकी मांग को अनसुना कर दिया किया। आइएसएम को आइआइटी का दर्जा नरेंद्र मोदी की सरकार ने दिया। जिससे धनबाद का शैक्षणिक विकास हुआ। उन्होंने कहा कि धनबाद में अनेकों विकास हुए हैं, जिनका विश्वविद्यालय और आठ लेन सड़क उदाहरण है। वहीं, धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के शासनकाल में ऐतिहासिक कार्य हुए। नरेंद्र मोदी शासनकाल में हुए विकास के सभी केंद्रों को भाजपा तीर्थ स्थान के रूप में मानती है और आज हम सभी उन स्थानों पर जाएंगे। धनबाद में विश्वविद्यालय की स्थापना पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार में हुआ। जिस कारण वर्तमान में धनबाद व आसपास के जिलों के छात्रों को काफी सुविधा हो रही है। वहीं,निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार में विकास कार्य देश में कोने-कोने में देखने को मिल रहा है। देश के सभी वर्ग लाभावित हो रहे हैं। 20 किलोमीटर की आठ लेन सड़क ने धनबाद के विकास को काफी गति दी है। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महानगर अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह ने किया। इस मौके पर प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक संजीव अग्रवाल, सत्येंद्र कुमार, रमेश राही, महा जनसंपर्क अभियान के प्रभारी मानस प्रसून, नितिन भट्ट, संजय झा, श्रवण राय, विकासतीर्थ कार्यक्रम के प्रभारी मिल्टन पार्थसारथी, कन्हैया पांडे, सुशील सिंह, चंद्रशेखर मुन्ना, देवाशीष पाल, अरुण राय, अमलेश सिंह, सुमन सिंह, रीता प्रसाद और मौसम सिंह आदि उपस्थित थे।







केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को भाजपा की ओर से निकाली जा रही विकास तीर्थ रैली में शामिल सांसद-विधायक व अन्य कार्यकर्ता।

## सिंह मेंशन पहुंचे बिहार के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, रागिनी सिंह ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह के अस्वस्थ होने की सूचना पर शुक्रवार को बिहार के महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रिवाल बोकारो जाने के क्रम में शुक्रवार को सरायढेला स्थित सिंह मेंशन पहुंचे। यहां भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व विधायक की पत्नी रागिनी सिंह ने उनका पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस दौरान सांसद सिग्रीवाल ने रागिनी सिंह से जेल में बंद पूर्व विधायक संजीव सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली। रागिनी सिंह ने मौजूदा राज्य सरकार में धनबाद, झरिया समेत पूरे कोयलांचल में बढ़ते अपराध और सत्ता के प्रभाव में लाचार कानूनी व्यवस्था समेत कई अन्य गंभीर समस्याओं से सिग्रीवाल को अवगत कराया। साथ ही 15 जून को अपने ससुर मजदूर मसीहा पूर्व विधायक स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें आमंत्रित किया। इस दौरान भाजपा के सत्य प्रकाश सिंह, अमलेश सिंह, तमाल राय, महंत पांडे, स्वरूप भट्टाचार्य, राजकिशोर जैना, अखिलेश सिंह, संतोष शर्मा, छोटू सिंह आदि उपस्थित थे।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**सूचना**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 25/2022–23 (प्रथम आमंत्रण) जिसका PR – 293327 Lohardaga (22-23)_D है, के ग्रुप संख्या SVS/LOH-03 को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 298997 (Lohardaga)23-24*D

## महत्वपूर्ण न्यूज

### विधायक ढुल्लू महतो के विरोध में संयुक्त मोर्चा ने निकाली पदयात्रा, सभा कर जताया विरोध



**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के कथित गुर्गों द्वारा मजदूरों के हक पर वर्चस्व जमाने के विरोध में शुक्रवार को संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जोगता थाना क्षेत्र से पदयात्रा निकाली गई। जो सिजुआ स्टेडियम होते हुए कोल डंप पहुंच कर सभा में तब्दील हो गयी। सभा स्थल पर सर्वप्रथम निचितपुर हाल्ट के समीप करंट लगने से मृत 6 मजदूरों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान जोगता नागरिक समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि कनकनी में ढुल्लू महतो समर्थकों द्वारा 2016 से अब तक 30 से 40 करोड़ रुपया मजदूरों की मजदूरी हड़प ली गयी है। इसलिए विधायक के खिलाफ मजदूरों के साथ संयुक्त मोर्चा दीवार की तरह खड़ी रहेगी। युवा कांग्रेस के कतरास नगर अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि जोगता को अशांत करने वाले सावधान हो जाय। मजदूरों के हक पर किसी भी कीमत पर हम कब्जा नहीं करने देंगे। न ही मजदूरों का अधिकार किसी को लूटने देंगे। संयुक्त मोर्चा मजदूरों का शोषण नहीं होने देंगा। इस मौके पर मनोज महतो, सुरेश महतो, सुखदेव बिद्रोही, शंकर दास, अनीता देवी, मंगल चौहान, हैदर अली, विशाल महतो, सैयद आलम, संजय भुइयां, रेखा देवी, मतिया देवी, सोनी देवी, कलिया देवी, फुलवंती देवी, शकुंतला देवी और सुरेंद्र भुइयां आदि मौजूद थे।

### सीमांकन विवाद में मैथन के बरमूडी बालू घाट से नहीं शुरू हुआ बालू उठाव, बैठकों का दौर जारी



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन ओपी क्षेत्र अंतर्गत काली पहाड़ी पूरब पंचायत में पडने वाले बरमुडी बालू घाट से क्षेत्र विवाद को लेकर शुक्रवार को भी बालू उठाव कार्य शुरू नहीं हुआ। काली पहाड़ी पूरब पंचायत से बालु उठाव के लिए एगयारकुंड सीओ अमृता कुमारी द्वारा 249 नंबर मौजा से बालू उठाव के लिए सीमांकन क्षेत्र निर्धारित कर दिया गया है लेकिन काली पहाड़ी पूरब पंचायत के ग्रामीण इसका विरोध कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि 249 नंबर मौजा एवं 250 नंबर मौजा दोनों मौजा से बालू का उठाव काली पहाड़ी पूरब पंचायत को मिले। मालूम हो कि इसी विवाद को लेकर काली पहाड़ी पूरब पंचायत के मुखिया अजय मूर्मू एवं मेढा पंचायत के मुखिया मनोज राउत के बीच विवाद था, जिसे लेकर दोनों मुखिया की ओर से प्रखंड कार्यालय में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। शुक्रवार की दोपहर काली पहाड़ी पूरब पंचायत भवन में पंचायत के ग्रामीण एवं मुखिया के बीच बालू उठाव को लेकर बैठक आयोजित की गयी है। समाचार लिखे जाने तक बैठक चल रही थी। इस मौके पर मुखिया अजय मुर्मू, काकोली मुखर्जी, तनवीर आलम, लखविंदर हादसा, विजय हेंब्रम, बैजनाथ सोरेन, संतोष मरांडी, बबलू मुर्मू, टार्जन मरांडी सहित काली पहाड़ी पूरब पंचायत के अनेकों लोग उपस्थित थे।

### पे स्लीप में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर संयुक्त मोर्चा ने किया क्षेत्रीय प्रबंधन का घेराव




**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र एबीओसीपी माइंस के कर्मियों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले पेस्लिप में विसंगति के विरोध में शुक्रवार को 14 नंबर हाजरी घर में क्षेत्रीय प्रबंधन का का घेराव किया। सुबह 8 बजे से 11 बजे तक विभागीय कार्य भी बाधित रहा। संयुक्त मोर्चा के संयोजक अरशद हुसैन ने बताया कि इस माह एबीओसीपी माइंस के सैकड़ो कर्मियों के वेतन पर्ची में त्रुटि पाई गई है। कर्मियों की उपस्थिति कम दिखाई गई गई है। किन्ही कर्मियों का 5 दिन अनुपस्थिति तो किन्ही कर्मियों का 8 दिन की अनुपस्थिति पेस्लिप में दर्ज है। जिस वजह से पेस्लिप में वेतन राशि भी कम अंकित हुई है। जबकि कर्मियों का सीएल, ईएल, संडे, सिक ड्यूटी व उपस्थित दर्ज होना चाहिए था। कही न कही नोडल इंचार्ज विकास कुमार की लापरवाही की वजह से ऐसा हुआ है।

## जो विकास 70 वर्षों में नहीं हुआ वह सिर्फ 9 वर्षों में हुआ : ढुल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बाघमारा विधानसभा में शुक्रवार को विधायक ढुल्लू महतो के नेतृत्व में विकास तीर्थ यात्रा निकाली गई। इस दौरान मुचिरायडीह रेलवे ओवरब्रिज पर नुक्कड़ सभा आयोजित कर विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पूरे देश में विकास हो रहा है। युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। पिछले 70 वर्षों में जो विकास कार्य नहीं हुआ, वह सिर्फ 9 वर्षों में हुआ है। झारखंड में सबसे ज्यादा विकास बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में हुआ है। यहां के कार्यकर्ताओं ने काफी मेहनत की है। प्रधानमंत्री की बदौलत ही मुचिरायडीह रेलवे फाटक में ओवरब्रिज का निर्माण हुआ और लोगों को राहत मिली। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, गीता सिंह, अनिल उपध्याय, जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, बाघमारा प्रमुख गीता देवी, मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, महेश पटवारी, मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, विकास अग्रवाल सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।



### भाजपा ने कतरास में निकाला विकास तीर्थयात्रा

**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शुक्रवार को कतरास में भाजपाइयों ने विकास तीर्थयात्रा निकाला। जिसका शुभारंभ कतरास स्थित लिलोरी मंदिर के समीप से हुआ। बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 9 वर्षों में हर क्षेत्र में प्रगति की है। पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ा है। मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। इससे तिलमिलाई विपक्षी पार्टियां गलत बयानबाजी कर रही हैं। इस मौके पर जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो, शेखर सिंह, महेश पासवान आदि थे।

झारखण्ड सरकार
**(उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग)**
राजकीय पोलिटेकनिक, कोडरमा-825410
दूरभाष नं० 9934519595
Email – gmti.koderma@rediffmail.com

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा**
निविदा सं0 : 06/2023

राजकीय पोलिटेकनिक, कोडरमा का स्थानान्तरण नवनिर्मित भवन गोहाल, जयनगर (कोडरमा) में किया जाना है। पुनः संस्थान के सभी चल संपत्ति यथा मशीन/उपकरण, फर्नीचर, लाईब्रेरी आदि का Dismantling, Packaging, Transportation and reinstallation नवनिर्मित भवन में करने हेतु मुहरबन्द निविदा दिनांक 04.06.2023 से 15.06.2023 तक आमंत्रित की जाती है। दिनांक 16.06.2023 के अपराहन 01:00 बजे प्राचार्य कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जायगी। इच्छुक निविदादाता निविदा से संबंधित निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारी संस्थान के अधिकारिक वेबसाईट www.gp-koderma.org से प्राप्त कर सकते है।

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक, कोडरमा

PR 298925 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department (23-24)_D

### सभी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारा एकमात्र लक्ष्य : बिरंची नारायण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास प्रखंड अंतर्गत सातनपुर हाई स्कूल से बागराई बेड़ा आरईओ रॉड भाया विवेकानंद नगर तक एक करोड़ 22 लाख 38 हजार रुपये की लागत से 1.5 किलोमीटर लंबी ग्रामीण पथ का शिलान्यास बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है। कोई भी गांव विकास की रोशनी से अछूता नहीं रहे इसके लिए निरंतर प्रयासरत हूं। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति का समुचित विकास कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना मेरा लक्ष्य है। इसके लिए सभी गांवों में पक्की सड़क, बिजली, पेयजल सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने में लगा हूं। इस मौके पर कार्यपालक अभियंता श्रवण कुमार, मनोज सिंह, संजय सिंह, संजय त्यागी, विनय किशोर आदि मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने बोकारो एयरपोर्ट तक निकाली रैली

## झारखंड की महागठबंधन सरकार है विकास विरोधी: बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** 30 मई से 30 जून तक चल रहे जनसंपर्क महा अभियान के तहत शुक्रवार को बोकारो विधायक बिरंची नारायण के नेतृत्व में निकाले गए विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं ने बोकारो एयरपोर्ट का दौरा किया। विधायक ने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धि को लेकर विधानसभा से लेकर बूथ स्तर तक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। 9 वर्षों में बोकारो विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि उड़ान योजना के तहत बोकारो में एयरपोर्ट का परिचालन है। 70 करोड़ रुपये से बना यह एयरपोर्ट केंद्र सरकार की बोकारो विधानसभा में सबसे बड़ी उपलब्धि है। पर बोकारो में परिचालन शुरू होने में सबसे बड़ी बाधक हेमंत सोरन की सरकार है। विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि बोकारो एयरपोर्ट शुरू होने के लिए देरी होने का कारण राज्य सरकार की ओर से जरूरी चीजों को उपलब्ध नहीं कराना है। जिस कारण अबतक यह कार्य पूर्ण न हुआ। इसी कारण लाइसेंस मिलने में देरी हो रही है। झारखंड सरकार नहीं चाहती कि बोकारो के लोग हवाई यात्रा करें। उन्होंने बार-बार राज्य सरकार को विकास विरोधी बताया। कहा कि विगत विधानसभा सत्र में भी सदन के माध्यम से सरकार से सवाल किया था कि बोकारो एयरपोर्ट का परिचालन कब शुरू होगा। तब सरकार ने जवाब दिया था कि जल्द ही कमेटी बनाकर एक उच्च स्तरीय बैठक की जायेगी। जिसमें संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। मगर सात महीने बीत जाने पर भी अबतक न परिचालन शुरू हुई न बैठक। इस मौके पर संजय त्यागी, अशोक पप्पू, माथुर मंडल, महेंद्र राय, धीरज झा, सुजीत चकवर्ती, राधेकांत सिंह, विनय किशोर, मनोज सिंह, मंतोष ठाकुर, रंजीत हराधन झरियात, अविनाश झा, सुनील सिंह, वर्षा चौधरी, उषा, सुमंत सिंह, पवन महतो, अजय महतो, विक्की लोहरा, भागवत प्रसाद, निमाई ख्वास, दीपक शर्मा, मणिलाल महतो आदि मौजूद थे।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
इम्पोरियम बिल्डिंग, सदर अस्पताल परिसर, पिनकोड – 835207 गुमला
फोन – 06524-224960, 222390 ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

पत्रांक ............................ दिनांक ............................

**आवश्यक सूचना**

श्री आलोक बा:, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला द्वारा लंबी अवधि से अपने पुत्र के इलाज हेतु कार्यालय से अनुपस्थित रहने की सूचना प्रदान की गई थी। उक्त के आलोक में जिला कार्यालय पत्रांक 179 दिनांक 03.02.2023 के द्वारा दिनांक 08.02.2023 तक योगदान करने हेतु निदेशित किया गया था।

पुनः श्री आलोक बाः द्वारा उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी समिति, झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला को आवेदन समर्पित किया गया जिसमें दिनांक 30.04.2023 तक अवकाश में रहने की स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया। उक्त के आलोक में उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला द्वारा इनके अवकाश की स्वीकृति दिनांक 30.04.2023 तक प्रदान की गई तथा दिनांक 01.05.2023 तक प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला में योगदान करने का निदेश दिया गया।

साथ ही दैनिक समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित कर दिनांक 01.05.2023 तक श्री आलोक बा:, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला को प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला में योगदान करने का निदेश दिया गया था।

लेकिन दिनांक 02.05.2023 तक श्री आलोक बा:, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला द्वारा प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला में योगदान नहीं किया गया। अतः उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी समिति, झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला द्वारा दी गई स्वीकृति के आलोक में श्री आलोक बा:, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड संसाधन केन्द्र, गुमला की संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए सेवा से बर्खास्त किया किया गया है। इस आशय की सूचना निबंधित डाक के माध्यम से उनके आवासीय पते पर भेजी गई परंतु निबंधित डाक वापस लौट गया। अतः एतद द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री आलोक बा: प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, गुमला की सेवा पत्रांक 576 दिनांक 09.05.2023 द्वारा तत्काल प्रभाव से संविदा समाप्त करते हुए सेवा से बर्खास्त किया जाता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला

PR298974 (Jharkhand Education Project Council)23-24*D

JHARKHAND EDUCATION PROJECT

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार
समग्रशिक्षा अभियान
समाहरणालय भवन, दूसरी मंजिल, लातेहार,
दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई–मेल : ssalatehar@gmail.com

कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय में शिक्षिकाओं के चयन हेतु

**आवश्यक सूचना**

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक–**GE/08/163/2022-23/2835** दिनांक 03.11.2022 एवं राज्य परियोजना कार्यालय रॉची के पत्रांक 3694 दिनांक 30.12.2022 के आलोक में संशोधित पत्र अनुसार लातेहार जिलान्तर्गत संचालित कुल 06 कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक विषयवार शिक्षिका के रिक्त पदों के विरूद्ध पूर्णतया अस्थायी अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्नांकित शर्तो के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 17.06.2023 तक अपराह्न 5:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से पता–जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार समाहरणालय परिसर, उप विकास आयुक्त, कार्यालय द्वितीय मंजिल लातेहार पिन कोड–829206 कार्यालय में आमंत्रित किये जाते है। जिसमें झारखण्ड एवं बाहर के मैट्रिक एवं इण्टर पास अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

| क्र. | पदनाम | रिक्ति | रोस्टर | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC1 | BC2 | SC | ST | |
| 1 | पूर्णकालिक षिक्षिका (महिला)–गणित | 4 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 4 |

**चयन हेतु अहर्ता एवं निर्धारित परिलब्धि :–**

| क्र | पदनाम | रिक्ति | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक गणित षिक्षिका | कुल पद 4 अनारक्षित 2 अनुसूचित जाति–1 अनुसूचित जनजाति –1 | 1. **शैक्षणिक अहर्ता:–**किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विषविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक षिक्षिका हेतु आवेदन किया जा रहा है।) में, न्यूनतम 50 प्रतिषत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यार्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिषत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जायेगी। राज्य परियोजना कार्यालय रॉची के पत्रांक 3694 दिनांक 30.12.2022 के आलोक में झारखण्ड एवं राज्य के बाहर से मैट्रिक एवं इंटर पास अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। 2. **प्रशैक्षणिक अहर्ता**–मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक षिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में षिक्षक प्रशिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता। 3. **षिक्षक पात्रता परीक्षा**–राष्ट्रीय अध्यापक षिक्षा परिषद द्वारा निरूपित मार्गदर्षी सिद्धांतों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार द्वारा TET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। | 1. षिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 15,840/–प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रति माह परिलब्धि में 50 प्रतिषत की वृद्धि देय हागी। 2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी। |

चयन संबंधी दिशानिर्देश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्त अन्तर्गत चयन की शर्त, अहर्ता, विषयवार कोटिवार रिक्ति के विरूद्ध आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशानिर्देश लातेहार जिले के अधिकारिक बेवसाईट www.latehar.nic.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि चयन से संबंधित सभी दिशा निर्देशों का समय समय पर जानकारी हेतु बेवसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी– जिला कार्यकम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा,अभियान,लातेहार।

PR 298969 Human Resource Developement(23-24)D

## चिकित्सा के क्षेत्र में सोआ शोधकर्ताओं के अभिनव सूत्र का आविष्कार

# एनआरडीसी के साथ सोआ का टेक्नोलॉजी लाइसेंसिंग समझौता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) के शोधकर्ताओं ने जटिल स्वास्थ्य समस्याओं के निदान के लिए सरल, लागत प्रभावी और नवीन फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन विकसित किए हैं। विश्वविद्यालय ने इन फॉर्मूलेशन को सार्वजनिक उपयोग के लिए पिछले बुधवार को भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम के साथ एक प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। सोआ के नेतृत्व वाले स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज (एसपीएस) के प्रोफेसर गौतम रथ ने कहा, सोआ शोधकर्ताओं द्वारा विकसित फॉर्मूलेशन सूखी आंख, गले के संक्रमण के इलाज और कैंसर के उपचार से जुड़े दीर्घकालिक के इलाज की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। एसपीएस में सोआ-डीबीटी बिल्डर नेशनल लेबोरेटरी के शोधकर्ताओं ने विभिन्न आई ड्रॉप्स का उपयोग करने वाले लोगों के लिए एक अभिनव फॉमूर्लेशन तैयार किया। प्रोफेसर रथ ने कहा, परिरक्षक वास्तव में लंबे समय तक उपयोग के बाद आंखों की असुविधा या कभी-कभी स्थायी दृश्य विकृतियों का कारण बनते हैं। इसी तरह गले के संक्रमण के लिए अभी जो गरारे की दवाई का प्रयोग किया जा रहा है, वह 15 से 20 मिनट तक ही चलती है, इसलिए उसे बार-बार प्रयोग करना पड़ता है। हालाँकि सोआ टीम ने एक ऐसे गारगल स्प्रे का आविष्कार किया है जो एक बार इस्तेमाल करने के बाद 4 घंटे से अधिक समय तक चल सकता है। प्रोफेसर रथ ने कहा कि इससे खुराक कम नहीं होगी बल्कि दवा का असर बढ़ जायेगा। शोधकर्ताओं ने मुंह के छालों के इलाज को आसान बनाने और कीमोथेरेपी से गुजर रहे कैंसर रोगियों की मदद के लिए कृत्रिम लाल भी विकसित की है। कीमोथैरेपी से मुंह सूख सकता है और कैंसर रोगियों में लाल कम हो सकती है। इसलिए, नैनोटेक्नोलॉजी प्रक्रिया में तेजी से घुलने वाली, म्यूकोएडेसिव पतली फिल्म तैयार की गई है, जो मुंह में जलीय अंश को लंबे समय तक बनाए रख सकती है और मौखिक संक्रमण का भी इलाज कर सकती है। सोआ के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार नंद ने प्रो. रथ और उनकी टीम को इस तकनीक के विकास की दिशा में काम करने के लिए बधाई दी। स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के डीन प्रो एस.सी. सी ने शोध दल के सदस्यों को उनकी सफलता पर बधाई दी। प्रो. रथ ने कहा, शोध के लिए सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मनोजरंजन नाइक के लगातार सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो पाई है। सोआ के कुलपति प्रोफेसर नंदा ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय में प्रोफेसर रथ को उनके उत्कृष्ट शोध और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुसंधान दल सहित प्रमुख शोधकर्ता, डीन और सोआ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## धनवार विधानसभा के भाजपा की डोरंडा में बैठक आयोजित

# नरेंद्र मोदी का फिर से प्रधानमंत्री बनना तय : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनवार।** शुक्रवार को धनवार प्रखंड के डोरंडा में धनवार विधानसभा में भाजपा के सभी सात मोर्चों के संयुक्त सम्मेलन को लेकर महत्त्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष महादेव दुबे की अध्यक्षता में हुई। बैठक का आरंभ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक वन्दे मातरम के गायन से हुआ। बैठक में धनवार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के 8 मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री के अलावे महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, युवा मोर्चा, पिछड़ी जाति मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व आईजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाते हुए कहा कि देश की जनता 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से भारत की बागडोर सौंपने के लिए तैयार है। कहा कि पार्टी कार्यकताओं को समर्पित भाव से और पूरी तन्मयता से लगकर इस संयुक्त मोर्चा के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाना है। बैठक में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिला अध्यक्ष महादेव दुबे के द्वारा कार्यकर्ताओं को एक माह तक चलने वाले सभी अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी और संगठनात्मक तौर पर विधानसभा क्षेत्र के सभी 8 मंडलों के मोर्चों की वर्तमान स्तिथि की समीक्षा भी की गयी। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक उपाध्याय, जनसंपर्क अभियान के जिला टोली सदस्य पवन साव एवं जिला कार्यसमिति सदस्य अजय रंजन के द्वारा बताया गया कि 14 जून को धनवार विधानसभा क्षेत्र के गावां प्रखंड में भाजपा अपने 7 मोर्चों के संयुक्त सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित करेगी जबकि केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने वाले लोगों को लेकर लाभार्थी सम्मेलन धनवार प्रखंड में 19 जून को निर्धारित किया गया है। बैठक में इस दौरान आईटी सेल प्रदेश सहसंयोजक विवेक विकास, महेंद्र चौधरी, राजेन्द्र यादव, उत्तम गुप्ता, रवींद्र पंडित, सुनील शर्मा, प्रद्युम्न वर्मा, आनंदी यादव, रामचन्द्र यादव, श्रीकांत राय, लोकेश चौधरी, मंटू कुमार पंकज, छत्रधारी वर्मा, कांग्रेस यादव, अरुण पासवान, एनासियस हेम्ब्रम, उषा देवी, मीना कुमारी, दिनेश विश्वकर्मा, परमानंद यादव, सुषेण पांडेय, शशिभूषण पांडेय, मदन राय, मदन विश्वकर्मा, परमानंद यादव, रवींद्र यादव, राजकुमार यादव, रामनिवास पांडेय, विजय राम, विकास मंडल, अशोक पासवान, कपिलदेव यादव, नरेश यादव, संदीप शर्मा, विजय पांडेय, सहित कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया

**भूवनेश्वर/ नयी दिल्ली।** गुरुवार को एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा से सामरिक बल कमान द्वारा एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। यह सिद्ध हो चुका है कि ये मिसाइलें बहुत ऊंचाई से लक्ष्य को भेदने में सक्षम हैं। इस मिसाइल के सभी ऑपरेशनल और टेक्निकल फीचर्स सफल रहे।

# एमसीएल ने स्वच्छता अभियान शुरू किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने शुक्रवार को हीराकुंड बांध के पास पिकनिक स्थल पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया और प्लास्टिक कचरे को एकत्र किया। पर्यावरण को हराभरा व परिवेश को सौन्दर्य बनाये रखने के उद्देश्य से एमसीएल ने यह अभियान शुरू की। प्लास्टिक सामग्री के उपयोग को बंद करने और प्लास्टिक कचरे को फैलाने से रोकने हेतु एमसीएल ने जागरूकता अभियान चलाया जिसमें एमसीएल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हीराकुंड बांध के पास लोकप्रिय पिकनिक स्थल पर सफाई गतिविधियां बढ चढ कर भाग लेकर वहॉ पडे प्लास्टिक कचरे को एकत्र किया। विश्व पर्यावरण दिवस -2023 को मद्देनजर एमसीएल के पर्यावरण और वन विभाग द्वारा कंपनी के सभी क्षेत्रों ईकाईयों तथा मुख्यालय में जागरूकता गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है।

## अमित शाह और जेपी नड्डा ओड़िशा आयेंगे

**भुवनेश्वर।** अमित शाह और जेपी नड्डा ओडिशा आएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 17 जून को और जे पी नड्डा 22 जून को ओडिशा आयेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने इसकी जानकारी दी की भाजपा के महा जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी महीने से भाजपा का जनसंपर्क कार्यक्रम है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अमित शाह और जेपी नड्डा ओडिशा आएंगे। हालांकि, प्रधानमंत्री कब आएंगे, इसका कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिला है।

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में ऑनलाइन योग सत्र शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** कर्मचारियों और परिवार के सदस्यों के बीच एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में 20 दिनों के ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन किया जा रहा है। आभासी योग सत्र की शुरूआत एमवीआर रेड्डी, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और पद्मा रेड्डी, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब (एसएलसी) द्वारा श्री श्रीनिवास के मूर्ति, जीएम (एचआर) और लक्ष्मी मूर्ति, वाइस की उपस्थिति में हुई। अध्यक्ष (एसएलसी)। कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी सीएमएचक्यू और स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब के संयुक्त प्रयास से 1-20 जून, 2023 तक किया जा रहा है। योग सत्र का संचालन श्री रमानी रंजन पाणिग्रही, फैकल्टी और योग विशेषज्ञ द्वारा किया गया था, जिनके पास तीन दशकों से अधिक का अनुभव है, वे सेंट्रल कोल फील्ड्स, आइआइसीएम (रांची) और बेंगलोर विश्वविद्यालय के योग फैकल्टी भी थे और कॉर्पोरेट में योग और तनाव प्रबंधन प्रशिक्षण आयोजित करते है। इस अवसर पर बोलते हुए, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), श्री रेड्डी ने इसके स्वास्थ्य लाभों के लिए योग का अभ्यास करने पर जोर दिया और आशा व्यक्त की कि तीन सप्ताह के योग सत्र से प्रतिभागियों को काफी हद तक लाभ होगा और उन्हें योग को जीवन का एक तरीका बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।




## प्रत्येक मृतक के परिवार को 4 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बृहस्पति बार को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मालकानगरी जिले में काल बेशाखी के कारण हुए दो अलग-अलग हादसों में चार लोगों की मौत और व्यापक क्षति पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने विशेष राहत आयुक्त को यह सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि काल बेशाखी के कारण मालकानगिरी में नाव डूबने की घटना में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि हवाई अड्डे के दीवार गिरने पर दो लोगों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री ने तत्काल गुरुत्बर आहत को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा निःशुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह, मुख्यमंत्री ने गंजाम जिले के छत्रपुर प्रखंड के आर्यपल्ली बीच में डूबने से दो छात्री की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और उन्होंने उनके परिजनों को चार लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने मृतक छात्री के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।
















## ओजेइइ परीक्षा परिणाम घोषित, वेबसाइट पर उपलब्ध

**भुवनेश्वर।** ओजेईई परीक्षा परिणाम घोषित। परीक्षा परिणाम ओजेईई वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध है। कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा मंत्री प्रीति रंजन घडाई ने आधिकारिक तौर पर परिणाम घोषित किए है। इसके बाद छात्रों ओजेईई की वेबसाइट www.ojee.nic.in पर रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इस साल परीक्षा 8 से 15 मई के बीच हुई थी। ओजेईई परीक्षा के लिए 55 हजार 979 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। लैटरल एंट्री डिप्लोमा में सर्वाधिक 17 हजार 763, बीफार्मा में 13 हजार 813, एमबीए, एमसीए में 9 हजार 305 विद्यार्थी। एम.एससी कंप्यूटर साइंस में 8 हजार 841 विद्यार्थियों ने परीक्षा दीए थे। हालांकि, इस परीक्षा में विभिन्न विभागों में अव्वल रहने वालों में से बी.फार्मा में सौरभ कुमार पति, एलई फार्मा में शुभश्री महांति, एमबीए में सत्यजीत साहू, एमसीए.एमएससी कंप्यूटर साइंस में अपूर्व सुंदर नायक, एम.फार्मा में रश्मि रंजन पाणिग्राहि शामिल हैं। इसी तरह एम.टेक कोर्स में विभिन्न विभागों में जैसे सिविल इंजीनियरिंग में सुभाष चंद्र पुष्टि, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में सत्यजीत महांति, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सुमित परिडा, केमिकल इंजीनियरिंग में संग्राम पात्र, बायोटेक्नोलॉजी में राहुल नायक, प्लास्टिक इंजीनियरिंग में ब्यम्योकेश कामिला, टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में अंकित सामल। राज्य में सरकारी और निजी व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों के 11 पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए ओजेईई प्रवेश परीक्षा 8 से 15 मई तक आयोजित की गई थी।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**